फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 319 प्रभात जयपुर, गुरुवार 22 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




Aircrafts of WW 1 1914 - 1918

By the time the war ended, both sides had thousands of planes & experienced pilots to fly them. A new age in aircraft design & production was coming.

Deadly Flying Machines

The war came as a shot in the arm for budding aircraft industry. Suddenly there was a demand for aircrafts.



*बांग्लादेश के समुद्र तटों पर इस वर्ष नैस्टिंग सीजन में ऑलिव रिडली टर्टल ने रिकॉर्ड संख्या में अण्डे दिए हैं और इसका श्रेय जाता है संरक्षण प्रयासो को। नेचर कंज़र्वेशन मैनेजमैंट (एन.ए.सी.ओ.एम.) नाम के एक एन.जी.ओ. ने एक सर्वे में तटवर्ती जिले कॉक्स'ज़ बाजार के तीन द्वीपों, पचार, शिलकली और शाहजरी में 58 स्थानों पर 7508 अण्डे देखे। सन् 2022 की तुलना में यह 30 प्रतिशत वृद्धि है, जब 54 स्थानों पर 5763 अंडे मिले थे और इससे पहले 2021 में 4713 अंडे मिले थे। सी टर्टल की कुल 7 प्रजातियों में से 5 बांग्लादेश के समुद्री क्षेत्र में मिलती हैं, इनमें से पांच, ऑलिव रिडली टर्टल, ग्रीन टर्टल, हॉक्सबिल टर्टल, लॉगरहैड टर्टल एवं लैदरबैक टर्टल बांग्लादेश के समुद्र में पाए जाते हैं लेकिन पहली तीन टर्टल प्रजातियाँ ही बांग्लादेश के तटों पर अंडे देने आती हैं। एन.ए.सी.ओ.एम. के डिप्टी प्रोजैक्ट डायरैक्टर शफीक रहमान ने कहा कि, ऑलिव रिडली के अंडों में वृद्धि के कई कारणों में प्रमुख हैं, सरकार, एन.जी.ओ. तथा स्थानीय लोगों व स्वयंसेवकों के प्रयास। एक जागरुकता अभियान में तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों को बताया गया कि, टर्टल को प्रजनन के लिए सुरक्षित जगह देना कितना जरुरी है। आई.यू.सी.एन. (इन्टरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर) की रैड लिस्ट में ये कछुए ''वल्नरेबल'' वर्ग में रखे गए हैं। कॉक्स'ज़ बाजार क्षेत्र में वयस्क मादा टर्टल रात के अंधेरे में आकर तट पर अंडे देती है। नवम्बर से अप्रैल के बीच अंडों से बच्चे निकल आते हैं। सरकार ने टर्टल को सुरक्षा देने के कई प्रयास किए हैं और इसके लिए कॉक्स'ज़ बाजार क्षेत्र में 5 संरक्षण केन्द्र बनाए गए हैं। तट पर नैस्टिंग क्षेत्र सैटअप किए गए हैं, ताकि मादा आराम से उनमें अंडे दे सके। वर्ष 2015 में बंगलादेश सरकार ने कन्वैन्शन ऑन बायलॉजिकल डायवर्सिटी को दी गई नैशनल रिपोर्ट में बताया था कि, विकास कार्यों व यातायात बढ़ने के कारण रिडली के नैस्टिंग क्षेत्र नष्ट हो रहे हैं। इसके अलावा फिशिंग नैट में फंसकर भी टर्टल मर रहे हैं। बांग्लादेश सरकार ने हालिया वर्षों में कई ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय संधि समझौते किए हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से मरीन टर्टल्स को प्रभावित करेंगे।*

# इस बार ''बैक पेन'' व हाई ''ब्लड प्रेशर'' ने गहलोत की राहुल से मिलने की चेष्टा निष्फल की!

## राहुल गांधी 21 जून को विदेश यात्रा से दिल्ली लौट आये तथा गहलोत को पूर्व घोषित प्रोग्राम के अनुसार बुधवार को दिल्ली जाना था, राहुल से मुलाकात करने

- प्राप्त जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ पटना जायेंगे, 23 तारीख को विपक्ष के नेताओं का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा सम्मेलन आयोजित किया है।
- पटना से लौटने के बाद, राजस्थान के मसले पर फोकस करेगा हाई कमान।
- फिलहाल प्रभारी रंधावा की स्थिति काफी अटपटी है। मु.मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष द्वारा तैयार की गयी 85 सचिवों की सूची उन्होंने जारी कर दी थी। लिस्ट में अधिकतर वे लोग शामिल थे, जो ज्यादा जाने-माने तो नहीं, पर लगातार पायलट के खिलाफ बोलते रहे हैं या ट्वीट करते रहे हैं।
- जैसा कि अपेक्षित ही था, हाई कमान ने इस एक तरफा सूची को रद्द करवा दिया और अब नयी सूची राजस्थान का मसला सुलझ जाने के बाद ही जारी होगी।
- हाई कमान भी राजस्थान के मसले को जल्दी सुलझाने के बोर में काफी गंभीर है, क्योंकि समय हाथ से निकलता जा रहा है तथा सचिन पायलट वसुंधरा राजे के खिलाफ कार्यवाही करवाने के बारे में और अन्य तीन शर्तों की पूर्ती के बारे में समझौता करने के लिये तैयार नहीं लगते।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलात को जोधपुर प्रवास के दौरान हाई ब्लड प्रैशर तथा पीठ-दर्द की शिकायत हो गई है। इस कारण वे दिल्ली नहीं आ सके, जैसा कि उनका मूल कार्यक्रम था।

गहलोत गांधी परिवार से सम्पर्क करने की कोशिश करते आ रहे हैं लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका है। सूत्रों का कहना है कि वे एक बार और अपनी किस्मत आजमाना चाहते थे लेकिन स्वास्थ्य की गड़बड़ी ने उन्हें कुछ समय के लिये रोक दिया है।

राहुल गांधी, जो विदेश गये हुये थे, आज दिल्ली लौट आये हैं तथा ऐसी अपेक्षा है कि जब से और खड़गे विपक्षी नेताओं की मीटिंग में भाग लेने के लिये पटना जायेंगे, उसके अगले कुछ दिनों में ही राजस्थान की उलझन सुलझ जायेगी। अंतिम निर्णय लेने से पहले होने वाली चर्चा तो पटना यात्रा में कम से कम शुरु हो ही जायेगी।

ए.आई.सी.सी. महासचिव तथा राजस्थान प्रभारी रंधावा इस समय संकट में हैं क्योंकि उन्होंने 85 पी.सी.सी. सचिवों की एकतरफा सूची जारी कर दी थी। इस सूची में उनके सगे भाई का नाम भी शामिल था। ज्यादातर नाम ऐसे अल्पज्ञात लोगों के थे,जो

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# पवार की पार्टी में भी सत्ता संघर्ष शुरू?

## अजीत पवार ने विपक्ष के नेता का पद छोड़ने का एलान किया: संगठन में जिम्मेवारी की मांग की

- अजीत पवार ने यह अटपटा सवाल भी उठाया कि, ''जब ममता बनर्जी, केजरीवाल, जगन मोहन रेड्डी, चन्द्रबाबू नायडू, चन्द्रशेखर राव व नीतीश कुमार अपने दम पर अपनी पार्टी को जिताकर सरकार बना सकते हैं तो, शरद पवार, जो इनमें सबसे बड़े नेता हैं, महाराष्ट्र में ऐसा क्यों नहीं कर पाते।
- इस बात पर मंथन व चिंतन की जरूरत भी बतायी अजीत पवार ने।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एन.सी.पी. नेता अजीत पवार ने पार्टी की सत्ता पर काबिज परिवार में सत्ता संघर्ष खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पद की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया जाये। अजीत, जो भाजपा के प्रति अपनी नज़दीकी के लिये जाने जाते हैं, पार्टी संगठन मे कोई भूमिका दिये जाने के लिये भी कहा है।

अभी हाल में ही, एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र की जिम्मेदारी अपनी पुत्री सुप्रिया सुले को देते हुये, उन्हें पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था, जबकि प्रफुल्ल पटेल को पार्टी की अन्य राज्यों की इकाइयों की जिम्मेदारी दी गई है और उन्हें भी कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

जहाँ अजीत पवार ने इन नियुक्तियों का स्वागत किया था, वहीं ऐसी भी अटकलें हैं कि वे एन.सी.पी. के अंदर पीढ़ीगत परिवर्तनों को लेकर अप्रसन्न हैं। अजीत पवार, जिन्होंने पहले मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा की भी घोषणा की थी, ने कहा बताते हैं कि विपक्ष के नेता के रूप में काम करने में उनकी रूचि कभी नहीं रही, लेकिन पार्टी विधायकों की माँग पर उन्होंने यह भूमिका स्वीकार कर ली थी।

उन्होंने आज पार्टी के 24वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुये कहा, ''मुझे पार्टी संगठन में कोई भी भूमिका दे दीजिये तथा जो भी जिम्मेदारी मुझे सौंपी जायेगी, मैं उसके साथ साथ पूरा न्याय करूँगा।''

दिलचस्प बात यह है कि अजीत ने यह बात भी जोर देकर कही कि एन.सी.पी. को अपने बलबूते पर महाराष्ट्र को जीतने के लक्ष्य की दिशा में काम करना चाहिये। उन्होंने कहा, ''अगर ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल, जगन मोहन रेड्डी, एन. चंद्रबाबू नायडू, के. चन्द्रशेखर राव तथा नीतीश कुमार अपने बल पर अपने-अपने राज्यों को जीत सकते हैं।......... शरद पवार तो इन सबसे बड़े नेता हैं। एन.सी.पी. अपने बलबूते पर महाराष्ट्र क्यों नहीं जीत सकती।'' उन्होंने कहा कि अगर जरूरी लगे, तो आवश्यक परिवर्तन भी किये जाने चाहिये।''

अजीत का यह बयान एम.वी.ए. गठबंधन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगता तो नज़र आता ही है। कुछ दिन पहले, उन्होंने शिव सेना यू.बी.टी. के प्रवक्ता संजय राउत को झिड़क दिया था। राउत ने कहा था कि एम.वी.ए. गठबंधन तब तक चलेगा, जब तक उद्धव ठाकरे चाहेंगे।

अजीत ने इसकी प्रतिक्रिया देते हुये कहा था कि राज्य में एम.वी.ए. सरकार तब बनी थी, जब तीन दल-एन.सी.पी., शिव सेना तथा कांग्रेस 2019 में संगठित हो गये थे। अजीत ने आगे कहा था, ''मेरा मानना है कि गठबंधन से संबंधित निर्णय शरद पवार, कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से सोनिया गांधी तथा उद्धव ठाकरे तीनों कों लेना है।''

# श्री सीमेंट पर आयकर विभाग की रेड

- कम्पनी के जयपुर, ब्यावर, उदयपुर, अजमेर व चित्तौड़ कार्यालय के साथ-साथ, कम्पनी से जुड़े लोगों के घर पर भी रेड की गई है। आरोप है कि कम्पनी ने मजदूरों के वेतन और कोयला खरीद में भारी फर्ज़ीवाड़ा किया है।

अजमेर, 21 जून (कासं)। जयपुर आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को श्री सीमेंट के 24 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की कार्यवाही को अंजाम दिया है। यह कार्रवाई इनकम टैक्स विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम ने की।

जानकारी अनुसार, जयपुर, ब्यावर, उदयपुर, अजमेर और चित्तौड़गढ़ में रेड की जा रही है। इनमें कंपनी से जुड़े लोगों के घर पर भी रेड

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# टाईटैनिक का ''कर्स'' (श्राप) अभी भी कारगर है

## टाईटैनिक के मलबे के नजदीक पहुंचने के प्रयास में लगी, छोटी सी ''सब'' (पनडुब्बी) भी डूबी समुद्र में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। शायद यह टाइटैनिक का श्राप ही है। एक छोटी टूरिस्ट पनडुब्बी, जो असल में कैप्स्यूल पनडुब्बी है, पर्यटकों को डूबे हुए विश्वविख्यात जहाज टाइटैनिक का मलबा दिखाने के लिए यह पनडुब्बी नॉर्थ एटलैंटिक गई थी और समुद्र की सतह से 13,000 फीट नीचे लापता हो गई है।

पनडुब्बी के इस हादसे पर दुनिया भर की नज़र है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तमाम कूटनीतिक व्यस्तताओं के बावजूद भी रैस्क्यू ऑपरेशन पर नज़र रखे हुए हैं। किंग चार्ल्स भी चिंतित हैं क्योंकि पनडुब्बी में सवार एक अरबपति किंग के चैरिटी कार्यों में बड़ा दानदाता है।

अमेरिका व कैनेडा की कोस्ट गार्ड, वायु सेना और 8 प्राइवेट रैस्क्यू एवं अण्डरवॉटर टूरिज्म ऑपरेटर्स महासागर और महासागर की तलहटी में लुप्त पनडुब्बी और इसमें सवार 5 लोगों को ढूंढ रहे हैं। इसमें एक पाकिस्तानी-पिता पुत्र भी हैं जो प्रति व्यक्ति 4 करोड़ रू. का शुल्क देकर इस पर्यटन पर गए थे।

पनडुब्बी का जल्दी मिल जाना बेहद जरूरी है क्योंकि इसमें ऑक्सीजन आपूर्ति सीमित हैं। इसमें ज्यादा से ज्यादा 50 घंटे की ऑक्सीजन होती है और यह पनडुब्बी रविवार सुबह लुप्त हुई थी इसलिए समय बहुत कम बचा है।

14 अप्रैल 1912 को अमावस की रात को विशालकाय क्रूज टाइटैनिक इग्लैंड के साउथैम्प्टन से न्यूयॉर्क के लिए रवाना हुआ था। यह शिप बहुत बड़ा था। इसके निर्माताओं का कहना था कि यह डूब नहीं सकता हैं। इसमें इतनी आलीशान सुविधाएं थी जो उस समय के बड़े महंगे होटलों में भी नहीं थी। यह जहाज अपनी पहली ही यात्रा में हादसे का शिकार हो गया और नॉर्थ एटलैंटिक में कैनेडा के न्यूफाउण्डलैंड तट के पास डूब गया था। कड़ाके की ठंड में जहाज रात में एक आइसबर्ग से टकरा गया था। और टकराने के तुरंत बाद यह डूबना शुरु हो गया। यहां तक कि रैस्क्यू ऑपरेशन के लिए भी वक्त नहीं था। जहाज में 1500 यात्री सवार थे। यह महासागर में 13000 फीट गहराई में डूब गया था और 1950 के दशक में इसके मलबे की खोज हुई थी।

टाइटैनिक और इसमें बची खुची कीमती वस्तुएं हमेशा से जनता की रूचि का विषय रही हैं जैसे कीमती शराब से लेकर शानदार क्रॉकरी व कटलरी तक। एक ''टाइटैनिक कम्युनिटी'' भी है खासकर यूरोप व अमेरिका में, जो जहाज से जुड़ी नई जानकारी और जहाज में सवार लोगों के वंशजों से संबंधित

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# 'योग की लोकप्रियता का श्रेय भाजपा सरकार को भी'

- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कांग्रेस ने योग की लोकप्रियता के लिए पं. नेहरू को श्रेय दिया तो थरूर ने ऐसे जवाब दिया।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। नवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की योग को लोकप्रियता दिलाने के लिए ट्विटर पर धन्यवाद किया। जिस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरुर ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार को भी श्रेय दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस ने नेहरू की शीर्षासन करते हुए तस्वीर शेयर की और कहा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हम पंडित नेहरू का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने योग को लोकप्रियता दिलाने में अहम् भूमिका निभाई और इसे राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बताया। इस पर प्रतिक्रिया करते

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# एन.सी.पी., डी.एम.के., सी.पी.एम., सी.पी.आई., आर.जे.डी., जे.डी. (यू), जे.एम.एम., आर.एस.पी. व शिव सेना, कांग्रेस को अपने अस्तित्व के लिये खतरा नहीं मानते

## पर, तृणमूल, सपा व आप, कांग्रेस को अपने प्रभाव क्षेत्र में खास प्रतिस्पर्धी समझते हैं

- तृणमूल, वामपंथियों व कांग्रेस को बंगाल में ''एक इंच'' भूमि भी नहीं देना चाहती। ममता बनर्जी के के लिये कांग्रेस व वामपंथी दल ज्यादा बड़ा खतरा हैं, बनिस्पत भाजपा के।
- आप मानती है, उसे कांग्रेस की कीमत पर अपने विस्तार की सोचना जायज है, पर, उसे विपक्ष की एकता का हिस्सा भी रहना है।
- सपा को यह ''विश्वास'' है कि, वो अकेले ही भाजपा को हरा लेगी यू.पी. में तथा उसे किसी पार्टी से इस बारे में सहयोग नहीं करना।
- यह भी सच है, इन तीनों पार्टी के नेताओं ने कभी-न-कभी परोक्ष या स्पष्ट रिश्ते रखे हैं भाजपा से।
- अभी काफी उठक-पटक होगी पटना में, नीतीश द्वारा प्रस्तावित विपक्ष की एकता के नारे को मूर्त रूप अख्तियार करने में।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। इससे पहले कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सतत प्रयास 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को चुनौती देने लायक ठोस रूप और आकार ग्रहण कर सके अधिकांश गैर एन.डी.ए. विपक्षी दलों की 23 जून को पटना में होने वाली पहली औपचारिक मीटिंग में कई मोड़ आते जा रहे हैं।

जहां विपक्षी दलों का पहला और प्रधान उद्देश्य 2024 में भाजपा को सत्ता में आने से रोकना होना चाहिये ताकि देश के लोकतांत्रिक ढांचा तथा संविधान सुरक्षित रह सकें तथा रोजगार सृजन के लिये जरूरी-अर्थव्यवस्था का पुनरूद्धार तथा ग्रोथ की वापसी हो सके, वहीं कुछ पार्टियां अपने राजनैतिक आधार को विस्तार देने में ज्यादा रूचि दिखाती प्रतीत हो रही है तथा उन्हें अपनी सीमित पहुंच के नकारात्मक नतीजे को ध्यान में रखने की फिक्र ही नहीं दिखाई दे रही है। पर्यवेक्षकों और राजनैतिक विशेषज्ञों का कहना है कि नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.), द्रमुक, माकपा, राजद, जद (यू), झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिव सेना (यूटी) तथा आर.एस.पी. अपने अस्तित्व या लोगों पर अपने प्रभाव के मामले में कांग्रेस को एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं ले रही हैं किन्तु आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी, कांग्रेस को अपनी क्षेत्र व जनाधार के लिये संभावित खतरे के रूप में ले रही है। आप इस बात पर जोर देती दिखाई दे रही है कि उसे दोनों काम करने दिये जाये-वह कांग्रेस की कीमत पर अपना विस्तार भी करती रहे तथा भाजपा का सामना करने वाले विपक्षी मोर्चे का हिस्सा भी बनी रहे। तृणमूल कांग्रेस चाहती है कि पश्चिम बंगाल पर उसका नियंत्रण बना रहे तथा वह कांग्रेस या माकपा को वहां अपना राजनैतिक प्रभाव न बनाने दे। वहीं समाजवादी पार्टी अभी भी यह मान कर चल रही है कि वह अपने बलबूते पर भाजपा का सामना कर सकती है तथा वह सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को पैर जमाने लायक जमीन भी नहीं देना चाहती।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप पूरी दृढ़ता के साथ इस बात पर जोर दे रही है कि कांग्रेस सबसे पहले अध्यादेश के मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट करे। उसने यह जता भी दिया है कि वह 23 जून की विपक्षी दलों की मीटिंग में इस मुद्दे पर कांग्रेस से सवाल करेगी। आप, कांग्रेस को दिल्ली या पंजाब में कोई जगह देना नहीं चाहती, जबकि वह स्वयं राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में अपने कदम जमाने की कोशिश कर रही है। इसी प्रकार,

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# बाघिन रिद्धि ने तीन शावकों को जन्म दिया

- वन विभाग को पर्यटकों व टूर गाइड्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने बाघिन को अपने शावकों को मुंह में दबाकर शिफ्टिंग करते देखा था। रणथंभौर में अब 76 बाघ-बाघिन हो गए हैं।

सवाई माधोपुर 21 जून (निस)। सवाई माधोपुर के रणथम्भौर नैशनल पार्क में एक बार फिर से खुशखबरी आई है। इस बार रणथम्भौर की बाघिन टी-124, रिद्धि ने तीन शावकों को जन्म दिया है। जिसे लेकर वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है।

बुधवार सुबह की पारी में जंगल सफारी पर गए पर्यटकों को रणथम्भौर के ज़ोन तीन में बाघिन रिद्धि टी-124 तीन शावकों के साथ नज़र आई। बाघिन

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## विचार बिन्दु

भूख प्यास से जितने लोगों की मृत्यु होती है उससे कहीं अधिक लोगों की मृत्यु ज़्यादा खाने और ज़्यादा पीने से होती है।

–कहावत

# मेडिकल टूरिज़्म क्षेत्र में विपुल संभावनाओं के दोहन की जरुरत

मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में आज भारत दुनिया के देशों की पसंदीदा डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। भारत की आज इस क्षेत्र में शीर्ष 6 देशों में गिनती होने लगी है। दरअसल चिकित्सा क्षेत्र में भाारत ने विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा को लेकर अपनी विशिष्ठ पहचान बनाई है। हमारे देश के 38 चिकित्सा संस्थानों को जेसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त है तो चैन्नई, मुंबई, बैंगलोर, अहमदाबाद और दिल्ली मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में अपनी इंटरनेशनल पहचान बना चुके हैं। आज बैंगलोर आाईटी राजधानी के साथ ही वैलनेस सेंटर के रुप में अपनी पहचान बना चुका है। एक मोटे अनुमान के अनुसार चिकित्सा, तंदुरुस्ती और आईवीएफ चिकित्सा के लिए दुनिया के 78 देशों से 2 मिलियन लोग उपचार के लिए हर साल आने लगे हैं। 2020 में भारत में चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र से करीब 9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आय हुई है तो इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार 2026 तक मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र से लगभग डेढ़ गुणी 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। देखा जाए तो मेडिकल टूरिज्व के क्षेत्र में भारत के आकर्षण का केन्द्र बनने के कई प्रमुख कारण है। एक तो भारत में चिकित्सा सेवाएं जिसमें मेडिकल और पेरामेडिकल दोनों सेवाएं सस्ती होने के साथ ही इंटरनेशनल लेवल की है। दूसरी यह कि भाषा को लेकर भी कोई समस्या नहीं हैं क्योंकि भारत के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल भी लेते हैं तो समझ भी जाते हैं। इसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की परंपरागत छवि का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब आवश्यकता इस इमेज को बनाए रखते हुए इस क्षेत्र का दोहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित कर विदेशी आय भी प्राप्त करना है।

देखा जाए तो भारतीय डॉक्टरों की इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान है। आज दुनिया के देशों में खासतौर ओईपीडी देशों में 75 हजार भारतीय डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 15 हजार से अधिक डॉक्टर्स तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह से भारतीय पेरामेडिकल कार्मिक खासतौर से नर्सिंग क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान है। एक समय था जब केरल की नर्सों की दुनिया के अधिकांश देशों में मांग देखी जाती थी। आज भी भारतीय मेडिकल और पेरामेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के व्यवहार, कार्यशैली, काम के प्रति प्रतिवद्धता और उच्च नैनिक मानदंडों की पालना के कारण सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। जब विदेशों में ही भारत के मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों की अलग पहचान है तो दूसरी और देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों ने अपनी सेवाओं के बदाकलत पहचान बनाई है।

**दरअसल विदेशों से मेडिकल टूरिज्म पर आने वाले लोगों के सामने विदेशी इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा केशलेस या इंश्योरेंस सुविधा प्राप्त करना परेशानी का कारण है। ऐसे में मेडिकल क्षेत्र में इंश्योरेंस करने वाले संस्थानों से समन्वय व संवाद कायम कर सुविधाएं प्राप्त करनी होगी। इसके साथ ही सरकार को भारतीय मेडिकल सुविधाओं की विदेशों में योजनावद्ध तरीके से मार्केटिंग करनी होगी ताकि भारत को दुनिया का प्रमुख मेडिकल डेस्टिनेशन बनाया जा सके।**

विदेशियों के भारत में मेडिकल टूरिज्म के प्रति आकर्षण के अन्य कारणों के साथ ही भारत की समग्र चिकित्सा पद्धति भी एक कारण है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, हौम्योपैथी, यूनानी, तिब्बती और सिद्ध पद्धति की चिकित्सा सुविधा में विशेषज्ञता हासिल होने से लोग भारत को प्राथमिकता देने लगे हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां चिकित्सा सुविधाएं सस्ती है तो सेवाएं भी इंटरनेशनल स्तर की होने से लोग आकर्षित होने लगे हैं। एक ही स्थान पर बहुआयामी चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो जाती है। देखा जाए तो आज दुनिया के देशों में मानसिक बीमारियों की अधिकता है और भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धति और योग ध्यान आदि के माध्यम से मानसिक विकारों का आसानी से ईलाज हो सकता है। योग के महत्व को तो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारा जा चुका है। इसके साथ ही आधुनिकतम चिकित्सा पद्धति में भी भारतीय चिकित्सकों को महारत हासिल होती जा रही है। अभी हाल ही में कोविड के दौरान भारत ने जिस तरह से दवा और टीके उपलब्ध कराकर दुनिया के देशों में अपना लोहा मनवाया है उससे लोगों का और अधिक विश्वास बढ़ा है। जहां तक रोगनिरोधक टीकों का प्रश्न है उनकी उपलब्धता और वितरण में भारत दुनिया के देशों में शीर्ष पर है।

मेडिकल टूरिज्म का सीधा सीधा अर्थ यह है कि जब कोई अपने ईलाज के लिए किसी दूसरे देश में जाते हैं तो यह मेडिकल टूरिज्म कहलाता है। वैसे यह माना जाता रहा है कि मेडिकल टूरिज्म के रुप में फ्रांस सबसे अग्रणी देश है तो सिंगापुर और थाईलेंड भी दुनिया के देशों के पंसदीदा स्थान है। अब मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में हमारें देश की ओर लोगों का झुकाव होता जा रहा है। ऐसे में सरकार को भी मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। इसके लिए सबसे पहले तो मेडिकल वीजा व्यवस्था को सरल और सुगम बनाना होगा। इसके साथ ही इंश्योरेंस सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा। दरअसल विदेशों से मेडिकल टूरिज्म पर आने वाले लोगों के सामने विदेशी इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा केशलेस या इंश्योरेंस सुविधा प्राप्त करना परेशानी का कारण है। ऐसे में मेडिकल क्षेत्र में इंश्योरेंस करने वाले संस्थानों से समन्वय व संवाद कायम कर सुविधाएं प्राप्त करनी होगी। इसके साथ ही सरकार को भारतीय मेडिकल सुविधाओं की विदेशों में योजनावद्ध तरीके से मार्केटिंग करनी होगी ताकि भारत को दुनिया का प्रमुख मेडिकल डेस्टिनेशन बनाया जा सके। इसके लिए सरकार के साथ ही विदेशों में कार्यरत गैरसरकारी संस्थाओं को आगे आना होगा। जिस तरह से आज भारत प्रमुख पर्यटन केन्द्र बन चुका है ठीक उसी तरह से मेडिकल क्षेत्र में भी लोगों को आसानी से आकर्षित किया जा सकता है केवल और केवल समग्र व समन्वित प्रयास करने होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 22 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, आश्लेषा नक्षत्र रात्रि 4:18 तक, हर्षण योग रात्रि 3:31 तक, विष्टि करण सांय 5:28 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 4:18 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–कर्क, बुध–वृष, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

रवियोग सांय 5:49 से रात्रि 4:18 तक है। भद्रा सांय 5:28 तक रहेगी। आज विनायक चतुरथी है। आज से राष्ट्रीय आषाढ़ मास आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:20 तक, चर 10:46 से 12:24 तक, लाभ–अमृत 12:24 से 3:54 तक, शुभ 5:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**कुंभ**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
धार्मिक–मांगलिक कार्य में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मीन**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। खान–पान के कारण दु:ख हो सकता है।

### 'योग फॉर ह्यूमैनिटी'

# चिरंतन भारतीय संस्कृति का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है योग दिवस



प्रकाश चंद्र शर्मा

चिरंतन भारतीय संस्कृति ने समूचे विश्व को कई सारी सौगातें दी हैं, उनमें से एक सौगात है योग। शरीर और मन की शांति के लिए योग बहुत जरूरी है। योग के महत्व के बारे में लोगों को जागरुक करने और पूरी दुनिया में योग को पहुंचाने के लिए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल 21 जून बुधवार को 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के दिन दुनियाभर के लोग इकट्ठा होकर जगह–जगह योग दिवस मनाते है। योग शरीर को बहुत फायदे पहुंचाता है। शरीर को निरोगी रखने के लिए योग करना जरूरी है। ऐसा योग शास्त्र कहते है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन लोगों में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का मकसद है।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम–**

आयुष मंत्रालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत पर 'वन वर्ल्ड, वन हेल्थ' रखी गई है। इस थीम को आयुष मंत्रालय द्वारा चुना गया है। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के दिन हर वर्ष सभी लोग मिलकर स्कूलों, कॉलेज और सांप्रदायिक स्थान, पार्क आदि जगहों पर इकट्ठा होकर योगा कर इस दिन को मनाते हैं। इसके साथ ही योगा के लाभों को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने का काम करते हैं। आइए जाने योग के फायदे और इतिहास के बारे में।

**योगा करने के फायदे–**

हर दिन योगा करने से आपका जीवन सकारात्मक और मन शांत रहता है। योग मन और शरीर की शांती को प्राप्त करने के लिए आपको शारिरिक और मानसिक तौर पर अनुशासित करता है। तनाव और चिंता को रोकने में मदद करता है और आपको शांत रखता है।

लोग अक्सर शरीर दर्द, कमर दर्द, जोड़ो का दर्द और घुटनों का दर्द आदि परेशानियों से जूझ रहे होते हैं और वर्तमान समय में तो ये आम बात हो गई है। प्रतिदिन योगा करने से आप इन परेशानियों से राहत पा सकते हैं। योगा आपके शरीर को लचीला भी बनाता है।

योगा खून के बहाव में भी सुधार करता है। ट्विस्टिंग पोज़ और योगा आसन शरीर में रक्त का बहाव अच्छा करते हैं, साथ ही साथ रक्त का बहाव भी बढ़ाते है। योगा एड्रिनल ग्रंथियों को विनियमित करने मे भी सहायक होती है। योग से कोर्टिसोल का स्तर कम होता है और प्रतिरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाता है। योगा बीमारियों से प्रभावी तौर पर लड़ने के लिए ताकत या उर्जा देता है। योगा ब्लड शुगर कम करने का सबसे प्रभावकारी उपाय है। ये प्रमाणित उपाय है। यह दिमाग को शांत करता है और विशेष चीज़ पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। योगा से शरिर के अंगों का तनाव दूर होता है। यह शरीर का संतुलन बनाए रखता है और अच्छी नींद देता है।

योग दर्शन में कहा है– "तंद्रा द्रश्टु: स्वरूपेऽवस्थानम्।" जब चित का क्लिष्ट और अक्लिश्ट उभय प्रकार की वृतियों का अभाव या निरोध हो जाता है तब दृष्टा–आत्मा का स्व स्वरूप यानि ब्रह्मस्वरुप में स्थित हो जाता है।

योग शब्द को संस्कृत व्याकरण के 'युज' धातु से उत्पन्न हुआ मानते है।

संस्कृत व्याकरण के पाणिनी के गण पाठ में युज धातु तीन प्रकार से प्रयोग में लायी गई है जो इस प्रकार है – 'युज समाधौ' – (दिवादिगणीय) 'युजिर योगे' – (अधदिगणीय) 'युज संयमने' – (चुरादिगणीय) इनमें प्रथम धातु का अर्थ समाधि है, द्वितीय धातु का अर्थ मिलन या संयोग तथा तृतीय धातु का अर्थ संयम है ।

अधिकतर विद्वानों ने आध्यात्मिक क्षेत्र में योग शब्द का अर्थ प्रथम 'धातु' युज समाधौ से ही निष्पन्न हुआ माना है। महर्षि व्यास भी योग शब्द का अर्थ करते हुए कहा है कि समाधि को ही योग कहते है। 'योग' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के युर्जिधातु से हुई है, जिसका अर्थ है– 'सम्मिलित होना' या 'एक होना'। इस एकीकरण का अर्थ जीवात्मा तथा परमात्मा का एकीकरण अथवा मनुष्य के व्यक्तित्व के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक पक्षों के एकीकरण से लिया जा सकता है।

'योग' शब्द 'युज' धातु से बना है। संस्कृत व्याकरण में दो युज् धातुओं का उल्लेख है, जिनमें एक का अर्थ जोड़ना तथा दूसरे का मन: समाधि, अर्थात् मन की स्थिरता है। अर्थात् सामान्य रीति से योग का अर्थ सम्बन्ध करना तथा मानसिक स्थिरता करना है। इस प्रकार लक्ष्य तथा साधन के रूप में दोनों ही योग हैं। शब्द का उपयोग भारतीय योग दर्शन में दोनों अर्थों में हुआ है।

**अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस का इतिहास–**

अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस का प्रस्ताव सबसे पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा था। यह प्रस्ताव 17 सितंबर 2014 में रखा गया था। इस प्रस्ताव पर गौर करने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस या विश्व योगा दिवस के तौर पर घोषित किया। 2015 में पहला अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया और तब से आज तक ये दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। इस साल 2023 में 9वां अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया।

बीते दो–तीन वर्षों की बात करें तो पूरा विश्व कोरोना महामारी से गुजर रहा था, ऐसे में आयुष मंत्रालय ने कोरोना और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'स्वास्थ्य के लिए योगा' थीम रखी थी।

बीते उन सालों में कोरोना की मार को ध्यान में रखते हुए उन वर्षों की थीम 'मानवता के लिए योगा' का चयन किया गया था। यह विषय अच्छी तरह से दर्शाता है कि महामारी के दौरान योगा ने लोगों के कष्टों को कम करने और कोरोना के बाद भू–राजनीतिक परिदृश्य में भी मानवता की सेवा की है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से करुणा, दया के माध्यम से लोगों को एक साथ लाना, एकता की भावना को बढ़ावा देना और दुनिया भर के लोगों के बीच लचीलापन पैदा करना।

योग भारत की पांच हजार वर्ष प्राचीन परंपरा है, जो शरीर तथा मन की समरसता को प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को जोड़ती है।

'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है एवं इसका अर्थ– शरीर तथा चेतना के मिलन का प्रतीकत्व, जुड़ना या एकीकृत होना है। समकालीन समय में, संपूर्ण विश्व में विभिन्न रूपों में इसका अभ्यास किया जाता है तथा इसकी लोकप्रियता में वृद्धि जारी है। जानकारी के मुताबिक इस बार इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अगुआई न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की हैं, ये अपने आप में हमारे देश के लिए गर्व की बात है।

**–प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# मेहंदीपुर बालाजी धाम में यात्रियों से लूट खसोट की शिकायत पर मानवाधिकार आयोग का संज्ञान

- **राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग जयुपर के अध्यक्ष जस्टिस जी.के व्यास ने संज्ञान लिया**
- **'परिवाद में वर्णित सभी तथ्यों के संबंध में सम्पूर्ण रिपोर्ट आगामी तारीख पेशी से पूर्व आयोग के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें'**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग जयुपर के अध्यक्ष जस्टिस जी.के व्यास ने आस्था का केन्द्र मेहंदीपुर बालाजी धाम में पुलिस व प्रशासन द्वारा यात्रियों को परेशान करने व लूट खसोट करने की शिकायत पर संज्ञान लिया है। राज्य आयोग में वर्ष 2022 लंबित इस प्रकरण में आज परिवादियागण मुरारीलाल, अवनीश वगैरह द्वारा एक लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया था कि आस्था का केन्द्र मेहंदीपुर बालाजी में यात्रियों को भारी असुविधा ही नहीं बल्कि पुलिस की लूट का शिकार भी होना पड रहा है।

बालाजी मन्दिर को जाने वाले रास्ते में एवं बाजार में दुकानदरों ने एवं ठेलेवालों ने अतिक्रमण कर रखा है। पुलिसवाले इन दुकानदारों एवं ठेलेवालों से वसूली करते है इसलिए इनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करते है। पुलिसवालों एवं लोकल गुंडों द्वारा वाहन इत्यादि को मन्दिर से दो किलोमीटर पहले ही रोक दिया जाता है, ऐसी स्थिति में वृद्धजन, विकलांग, असहाय, बीमार लोगों को दो किलोमीटर पैदल जाना पडता है। प्राईवेट पार्किंग में गाडियों को पार्क करने के लिए बाध्य किया जाता है, जहां पर सौ रूपये पार्किंग शुल्क वसूला जाता है।



बालाजी मन्दिर को जाने वाले रास्ते में एवं बाजार में दुकानदारों ने एवं ठेलेवालों ने अतिक्रमण कर रखा है।

परिवाद में यह भी अंकित किया गया है कि मंदिर के रास्ते में पुलिस द्वारा तीन जगह होर्डिंग, बेरीकेट्स लगा रखे है परंतु पुलिस को पैसे देने पर गाडियों को बिना पार्क किये ही मन्दिर तक जाने दिया जाता है। पार्किंग के नाम पर पुलिस ने भारी लूट मचा रखी है। पैसे नहीं देने पर पुलिस द्वारा यात्रियों के साथ मारपीट एवं गालीगलौच की जाती है, विरोध करने पर पुलिस यात्रियों को थाने ले जाती है एवं छोडने के लिए भारी रिश्वत वसूलती है। मन्दिर के पास पैदल यात्रियों एवं वाहनों को जाम लगना आम बात हो गई है। यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसके बावजूद भी यहां पर कोई पुलिसकर्मी एवं ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात नहीं है। अत: उक्त सभी पर कार्यवाही करते हुए यात्रियों के मानव अधिकारों की रक्षा की जाये। राज्य आयोग की खण्डपीठ द्वारा पूर्व में मेहंदीपुर बालाजी में हो रही अव्यवस्थाओं के संबंध में आदेश दिनांक 13.06.2022 से कुल आठ बिन्दुओं पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात, राजस्थान जयपुर, जिला कलक्टर दौसा, जिला कलक्टर करौली तथा जिला पुलिस अधीक्षक दौसा, जिला पुलिस अधीक्षक करौली, आयुक्त, जिला परिषद–दौसा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी–दौसा, अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड–दौसा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की थी जिसकी पालना करते हुए समय–समय पर आयोग को पालना रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें आयोग को आस्वस्थ किया गया है कि आयोग के आदेश दिनांक 13.06.2022 की पालना की जा चुकी है। परंतु आज प्राप्त प्रार्थना पत्र के अवलोकन से स्पष्ट है कि आयोग को जो रिपोर्टें प्रस्तुत की गई है। वे मात्र लीपा–पोती कर प्रस्तुत की गई है। यह आदेश एवं परिवाद मय फोटोग्राफ की प्रतिलिपि के साथ महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात, राजस्थान जयपुर, जिला कलक्टर दौसा, जिला कलक्टर करौली तथा जिला पुलिस अधीक्षक दौसा, जिला पुलिस अधीक्षक करौली को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जाये कि उक्त परिवाद में वर्णित सभी तथ्यों के संबंध में सम्पूर्ण रिपोर्ट आगामी तारीख पेशी से पूर्व आयोग के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें। जिला कलक्टर, दौसा को आयोग के आदेश दिनांक 06.02.2023 की प्रतिलिपि भी प्रेषित की जाये। जिला कलक्टर, दौसा उक्त आदेश की पालना रिपोर्ट भी आगामी तारीख पेशी पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें।

# उदयपुर के गुलाम अब्बास कत्थेवाला कथौड़ी जनजाति को महाराष्ट्र से राजस्थान लाए



पन्नालाल मेघवाल

महाराष्ट्र के खानदेश जिले की कतकरी कथौड़ी जनजाति कत्था बनाने के काम में निपुण थी। राजस्थान एवं गुजरात के अरावली वन क्षेत्रों में खेर वृक्षों की भरमार थी। अंग्रेजों ने वनों के दोहन हेतु ठेकेदारी व्यवस्था विकसित की। अंग्रेजों की वन–नीति के परिणाम स्वरूप राजस्थान एवं गुजरात में कथौड़ी जनजाति का आगमन हुआ। इन वनों में कत्था बनाने का कार्य पांच ठेकेदार करते थे। दक्षिणी राजस्थान के वनों से कत्था बनाने का काम उदयपुर के गुलाम अब्बास कत्थेवाला करते थे। दक्षिणी राजस्थान से जुड़े गुजरात के वन क्षेत्रों से कत्था बनाने का काम ठेकेदार जीवा सेठ कत्थेवाला, कुर्बान अली सेठ कत्थेवाला, पालीवाल सेठ कत्थेवाला और जमाल सेठ कत्थेवाला करते थे। प्रारंभ में ये ठेकेदार स्वयं महाराष्ट्र के खानदेश जिले में जाकर कतकरी कथौड़ी जनजाति पुरुषों को लाते थे और कत्था निकालने के काम पर लगाते थे। लेकिन यहां कत्था निकालने का काम इतना ज्यादा था कि बाद में इन्हें परिवार सहित रेल में बैठा कर लाने लगे। इनके परिवार को डेरा कहा जाता था। यहां लाकर रेलवे स्टेशन पर इन डेरों का बंटवारा करके अपने साथ ले जाते थे। जीवा सेठ का अधिक प्रभाव था इसलिए वे यहां अधिक डेरों को लाते थे। प्रारंभ में इन कत्था व्यवसायियों ने बड़े पैमाने पर कत्था निर्मित करवा कर मुंबई मार्ग से विदेशों में भिजवाया।

राजस्थान में खानदेश (महाराष्ट्र) से कथौड़ी परिवारों (डेरों) ने सन् 1942 से आना शुरू किया। उदयपुर के गुलाम अब्बास कत्थेवाला बहुत बड़े व्यापारी थे। उदयपुर जिले की झाडोल एवं कोटडा तहसील के जंगलों से कत्था निकालने के लिए उन्हें यहां लाकर बसाया। खानदेश से प्रतिवर्ष राजस्थान आने जाने की समस्या इनकी ही नहीं ठेकेदारों की भी थी। अत: ठेकेदारों ने उन्हें यहीं रहने को प्रेरित किया। जो कथौड़ी परिवार खानदेश जाते थे उनमें से कुछ वहीं रह जाते थे और कुछ नए आ जाते थे। प्रारंभ में उदयपुर के बोहरा ठेकेदार गुलाम अब्बास कत्थेवाले ने लगभग 300 कथौड़ी परिवारों को झाडोल– कोटड़ा भोमट क्षेत्र के गांव बड़ली व महाद क्षेत्र में नियुक्त किया। इन वन क्षेत्रों में ये कथौड़ी परिवार कत्था निर्माण का कार्य करते थे। सन् 1955 तक इन कथौड़ी परिवारों ने कोटडा एवं झाडोल तहसील के वन क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर खेर के वृक्ष काटकर उनकी छाल से कत्था बनाने का कार्य किया। परिणाम यह हुआ कि यहां के जंगलों में खेर वृक्ष लगभग समाप्त हो गए और कत्था निर्माण लगभग बंद हो गया जिससे उनको एक समय रोटी मिलना भी मुश्किल हो गया। उनकी परिस्थितियां पहले से भी बदतर हो गई। उनमें से कई महाराष्ट्र अपने मूल निवास की ओर चले गए। कई रोजगार की तलाश में अन्य गांवों में बस गए।

आजादी के बाद इन्हें बसाने के लिए सरकार ने अलग से कोई योजना नहीं बनाई। समाज कल्याण विभाग की एक योजना के अंतर्गत सन् 1954–55 में लगभग 150 परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था की गई। इसके तहत इन परिवारों को असिंचित बंजर कृषि भूमि डैय्या, अंबासा, अंबावी और आसपास के गांवों में आवंटित की गई। इसके बाद वर्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीया श्रीमती इंदिरा गांधी के शासनकाल में वर्ष 1980–81 में भूमिहीनों को भू–आवंटन योजना के तहत कुछ परिवारों को एक से 5 बीघा तक की कृषि बिलानाम भूमि आवंटित की। लेकिन यह ऊसर एवं बंजर असिंचित भूमि थी। इससे इन कथौड़ी परिवारों ने खेती करने में रुचि नहीं दिखाई। गरीबी के कारण कुछ परिवारों ने इस भूमि को औने–पौने दामों में बेच दिया। कुछ परिवारों ने अपनी भूमि को रहन रख दिया जिसे वे छुड़ा नहीं पाए। कई परिवारों ने इस भूमि पर ध्यान नहीं दिया जिसके कारण अन्य लोगों ने कब्जा कर लिया। वर्तमान में कुछ ही परिवारों के पास यह भूमि उपलब्ध है। प्रारंभ में जब इन्हें राजस्थान लाया गया था तब ये लोग लगभग नंगे रहते थे। पुरुष केवल लंगोटी बांधते थे व औरतें जंघाओं के मध्य एक कपड़ा बांधती थी जिसे फड़का कहा जाता है। बच्चे बिल्कुल नंगे रहते थे। प्रारंभ में पुरुषों को मजदूरी दी जाती थी लेकिन सपरिवार आने के बाद इन्हें मात्र एक पाइली (एक किलो) मक्का या ज्वार, मिर्ची और नमक दिया जाता था। मजदूरी के बदले ठेकेदार इन्हें भरपेट भोजन भी नहीं देते थे। ठेकेदार इनका भरपूर शोषण करते थे। यही कारण रहा कि ये लोग जो भी मिला खाने को विवश हुए। इस समुदाय के कुछ वृद्ध पुरुष बताते हैं कि भूख के कारण ही मजबूरी में हमने मरे हुए पशुओं तथा जंगली जीव जंतुओं को खाना शुरू किया था। जो बाद में एक परंपरा बन गई। इसी प्रकार पर्याप्त कपड़े व साधन सुविधाएं तथा मकान उपलब्ध नहीं होने से यह लोग रात में अलाव जलाकर आसपास पडकर सो जाते थे। जनजाति के होने के बावजूद ये लोग अपने रहन–सहन तथा खान–पान की भिन्नता के कारण राजस्थान की अन्य जनजातियों से घुल– मिल नहीं पाए। परिणाम स्वरूप ये लोग दीन हीन एवं गरीबी की अवस्था जी रहे हैं।

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# रीट पेपर लीक मामले में ई.डी. ने की राजस्थान से पहली गिरफ्तारी

## मुख्य सरगना राम कृपाल मीणा को ई.डी. ने गिरफ्तार कर 5 दिन के रिमांड पर लिया

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में पेपर लीक के मामलों को लेकर ई.डी. (प्रवर्तन निदेशालय) ने अब अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। इस मामले में पहली गिरफ्तारी हो गई है। दरअसल जिस राम कृपाल मीणा की गिरफ्तारी हुई है, उसी से महत्वपूर्ण तथ्य और कुछ कागजात ई.डी. ने बरामद किए हैं। उसके आधार पर अन्य लोगों से पूछताछ हुई है और पूछताछ के बाद में राम कृपाल मीणा की गिरफ्तारी हुई है।

ऐसे में माना जा रहा है कि अब इस गिरफ्तारी के बाद ई.डी. ने जिस तरह से राम कृपाल मीणा का 5 दिन का रिमांड लिया है, उसमें बड़े अफसर पूछताछ करेंगे और पूछताछ के बाद में कुछ बड़े नामों को, जिन्हें संभावित माना जा रहा है, ई.डी. पूछताछ के लिए बुला सकती है। ऐसे में ना सिर्फ पेपर लीक से जुड़े लोगों की दिल की धड़कन बढ़ रही है, बल्कि राजस्थान का राजनीतिक पारा भी बढ़ता लग रहा है।

रीट पेपर लीक मामले में ई.डी. ने पहली गिरफ्तारी में मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा को बुधवार को गिरफ्तार किया है। उसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने रामकृपाल को 27 जून तक ई.डी. की रिमांड पर भेज दिया है। अब

■ **बताया जा रहा है कि ई.डी. को महत्वपूर्ण दस्तावेज और जानकारियां मिली हैं**

ई.डी. के वरिष्ठ अधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग के संबंध में पूछताछ करेंगे। इसके लिए दिल्ली के भी अफसर जयपुर आ सकते है।

सूत्रों की मानें तो ई.डी. के पास में कुछ अहम दस्तावेज हैं, इसके आधार पर राम कृपाल मीणा के साथ शामिल लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। बहरहाल मौजूदा समय में ई.डी. मुख्यालय में राम कृपाल मीणा से ई.डी. के सीनियर ऑफिसर पूछताछ कर रहे हैं। मीणा ने कई बड़े नामों का खुलासा इस पूछताछ के दौरान किया है।

एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की गिरफ्तारी के बाद राम कृपाल मीणा को कुछ दिन पहले ही ई.डी. ने पूछताछ के लिए ई.डी. मुख्यालय बुलाया था। यहां पर हुई पूछताछ के बाद ई.डी. को कई ऐसे साक्ष्य मिले जो मीणा के खिलाफ थे। रामकृपाल पर रीट का पेपर जयपुर शिक्षा संकुल से लीक करने का आरोप है। इसमें एसओजी ने मास्टरमाइंड भजनलाल, उदाराम बिश्नोई निवासी जालौर और रामकृपाल मीणा निवासी जगन्नाथपुरी को गिरफ्तार किया था। जांच में पता लगा कि उदाराम को रामकृपाल मीणा ने जयपुर में पेपर दिया था। परीक्षा से पहले रीट पेपर जयपुर में शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम में रखा हुआ था। वहां से पेपर को रामकृपाल मीणा ने लीक किया था। रामकृपाल मीणा जयपुर में शिवशक्ति पब्लिक स्कूल चलाता है। राम कृपाल मीणा की राजस्थान की एजेंसियों की ओर से हुई गिरफ्तारी के बाद में उनकी स्कूल और कॉलेज पर जेडीए की ओर से बुलडोजर चलाकर भवन को ध्वस्त कर दिया गया था।

## दो तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर, (कासं)।** जयपुर पुलिस की ओर से शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को धर-दबोचा है और उनके पास से 443 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले जयवर्धन शर्मा और शुभम मित्तल को को थाना इलाके में स्थित रोटरी सर्किल से गिरफ्तार किया गया है और दोनों ही आरोपित दिल्ली के रहने वाले है। जिनके पास से 443 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और एक चौपहिया वाहन जब्त किया गया है। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# पूनियां ने सीआरपीएफ जवानों के साथ किया योग

## जयपुर के जयगढ़ फोर्ट पर बारिश में गूंजा ॐ नाद

**जयपुर, (कासं)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर में जयगढ़ फोर्ट पर सी.आर.पी.एफ. अधिकारियों और जवानों के साथ राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बारिश में ॐ नाद के साथ योग किया। डॉ. पूनियां ने कहा कि योग जोड़ने का काम करता है और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग ने पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोकर वसुधैव कुटुंबकम को सार्थक किया है। योग से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहते हैं, इसलिये हम सभी को अपनी जीवनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की ऐतिहासिक

■ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की ऐतिहासिक उपलब्धि है कि दुनिया के 180 से अधिक देश योग करते हैं : डॉ. पूनियां**

उपलब्धि है कि दुनिया के 180 से अधिक देश योग करते हैं, इससे भारत विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय में विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी ने योग कर पूरी दुनिया को सनातन और योग का संदेश दिया, इस गौरवपूर्ण क्षण ने एक बार फिर भारत की मजबूत लीडरशिप को दुनिया के मंच पर प्रस्तुत किया है।

## एल.आई.सी. ने की 'बिपरजॉय' पीड़ितों के लिए राहत की घोषणा

**जयपुर, (कासं)।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के अध्यक्ष सिद्धार्थ महान्ति ने बिपरजॉय चक्रवात से प्रभावित एल.आई.सी. पॉलिसियों और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावेदारों की कठिनाईयों को कम करने के लिए रियायतों की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पूर्व व्यापी कार्रवाई की वजह से जानमाल का नुकसान न्यूनतम हो गया है, हालांकि हम सहायता प्रदान करने के लिए प्रभावित लोगों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध में राज्य सरकार के प्रमुख सचिव या अन्य अधिकारी से संपर्क करने के लिए मंडल स्तर पर नोडल ऑफिसर नामित किए गए हैं। सिद्धार्थ महान्ति ने बताया कि बिपरजॉय चक्रवात के कारण उत्पन्न होने वाले दावों को ऑनलाइन जमा करने के लिए हमने एक पोर्टल लिंक भी बनाया है।

## मुख्यमंत्री के दौरों से लोगों का पेट भरने वाला नहीं : राजे

**जयपुर, (कासं)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि मुख्यमंत्री हवाई दौरे करने के साथ-साथ चक्रवात प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत भी प्रदान करे, कोरे दौरों से किसी का पेट भरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ही नहीं आम लोगों को भी बिपरजॉय तूफान से होने वाली तबाही का पूर्वाभास था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री अलर्ट नहीं हुए। नतीजा यह हुआ कि कई लोगों की मौत हो गई और भारी तादाद में पशुधन नष्ट हो गया। गांव के गाँव जलमग्न हो गए, सम्पर्क सड़कें टूट गई, लोगों के घर ढह गए। लोगों के पास राशन ख़त्म हो गया। इतना सब होने के बाद भी मुख्यमंत्री लोगों तक राहत पहुंचाने के बजाय सिर्फ़ हवाई दौरे कर आहत परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे है।

■ **'मुख्यमंत्री सिर्फ़ आश्वासन नहीं, लोगों को राशन दें'**

राजे ने कहा है कि बिपरजॉय चक्रवात से जिन-जिन परिवारों को नुक़सान हुआ है सरकार उन्हें तत्काल राहत प्रदान करे। सरकारी खाना पूर्ति बाद में होती रहेगी, लेकिन जहां लोगों के भूखे मरने की स्थिति है वहाँ राशन पहुँचाए। सर्वे का इंतज़ार कर प्रभावित लोगों को अपने हाल पर छोड़ देना उनके साथ सरासर अन्याय है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि शासन सिर्फ़ आश्वासन नहीं, लोगों को राशन दे। उन्होंने कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार ने बिपरजॉय से होने वाली बरबादी की आशंका भाँप क़रीब सवा लाख लोगों और 20 हज़ार पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया।

## 'दुष्कर्म प्रकरणों से राजस्थान की छवि को धक्का'

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर एक बार फिर गहलोत सरकार को घेरा। बीकानेर के खाजूवाला में दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या पर शेखावत ने कहा कि दुष्कर्म के प्रकरणों ने राजस्थान की छवि को धक्का पहुंचाया है।

इसके बावजूद राज्य सरकार होश में नहीं आ रही। खाजूवाला में युवती से अनाचार की घटना में पुलिस की वर्दी दागदार हुई है। बुधवार को ट्वीट कर शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के दो सबसे अहम पद संभाल रहे अशोक गहलोत जी इस प्रकरण में भी संवेदनहीन दिख रहे हैं। उन्हें खानापूर्ति के बजाय आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई का आदेश देना चाहिए, ताकि रक्षकों को सनद रहे कि भक्षक बनने का अंजाम क्या होगा?

# 'तूफान और भारी वर्षा से हताहत लोगों को तुरन्त सहायता दे सरकार'

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने बिपोजॉय तूफान और भारी वर्षा से राजस्थान में हुई जन-धन की हानि की समीक्षा करते हुए इससे हताहत लोगों को स्थानीय प्रशासन द्वारा त्वरित और प्रभावी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल ने बुधवार को जिला कलेक्टर जोधपुर, सिरोही, जालोर और पाली के साथ ही जोधपुर के संभागीय आयुक्त कैलाश मीणा से फोन पर स्वयं बात कर तूफान और भारी वर्षा से हुई क्षित के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इन क्षेत्रों में भारी वर्षा और तेज चली हवाओं से हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए राहत और बचाव के पुख्ता इंतज़ाम किए जाने की भी आवश्यकता

■ **बिपरजॉय तूफान के कारण जन-धन की हानि की राज्यपाल कलराज मिश्र ने समीक्षा की**

जताई। राज्यपाल ने माउंट आबू के उपखण्ड अधिकारी से भी हालत के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली और वहां हर सम्भव राहत के प्रभावी प्रयास करने के लिए निर्देश दिए।

राज्यपाल ने भारी वर्षा से बहुत से स्थानों पर जलभराव की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने वहां से जल निकासी के लिए त्वरित कार्यवाही किए जाने, बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने, लोगों को हर संभव राहत प्रदान करने के लिए कारगर उपाय किये जाने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलक्टरों से चक्रवाती तूफान और भारी वर्षा के दौरान बेघर हुए लोगों का विवरण प्राप्त करने, पशुधन हानि आदि के बारे में पूर्ण सर्वे कर तत्संबंधित कार्यवाही समयबद्ध करने के लिए भी विशेष रूप से निर्देश दिए हैं। उन्होंने मौसम विभाग द्वारा जारी रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट के अंतर्गत प्रदेश के अन्य स्थानों में आगामी दिनों में रहने वाली स्थितियों के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी ली और पूर्व तैयारियों के लिए प्रभावी इंतज़ाम करने पर जोर दिया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आम लोगों से भी अपील की है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदत्त जानकारियों, जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुसार आशंकाओं के मुद्देनजर सजग और सतर्क रहें। तूफ़ान और भारी बारिश वाले संवेदनशील स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें। ऐसे स्थानों पर आवागमन नियंत्रित रहे। उन्होंने भामाशाहों और स्वयंसेवी संस्थाओं से भी बचाव और राहत कार्यों में जिला प्रशासन के कार्यों में सभी तरह से सहायता करने की अपील की है।

# सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने गहलोत सरकार पर लगाए 66 हजार करोड़ के खान घोटाले के आरोप

**जयपुर, (कासं)।** राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा इन दिनों जमकर हमलावर हैं। सांसद मीणा इन दिनों एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामलों को जमकर उठा रहे हैं। जहां पिछले 2 दिनों से जलदाय विभाग (पीएचईडी) के घोटालों पर बोल रहे थे, वहीं बुधवार उन्होंने खान विभाग में हुए घोटालों को उजागर किया। साथ ही गहलोत सरकार पर 66 हजार करोड़ रुपये का खान घोटाला करने का आरोप लगाया।

सांसद मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार के इस कार्यकाल में खान विभाग में भी अनियमितताएं हैं। प्रदेश की खानों को मिल-जुलकर लूटा जा रहा है। सांसद मीणा ने सीएम गहलोत से खान घोटाले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग भी उठाई। सांसद मीणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि खान विभाग में करीब 66 हजार करोड रुपए का घोटाला हुआ है। जिसमें 27 हजार करोड का खनिज स्टॉक, 20 हजार करोड़ का बजरी, 10 हजार 800 करोड का अरावली हिल, 2500 करोड़ का हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, 2400 करोड़ का जिंदल कोल, 2 हजार करोड़ का ईआरसीसी घोटाला, 1 हजार करोड़ का सीमेंट ब्लॉक, 1 हजार करोड़ का स्टांप, 200 करोड़ का सावर घोटाला प्रमुख है। इन सबमें कुल करीब 66 हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है।


राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडीलाल मीणा ने अशोक नगर थाने के बाहर प्रेस वार्ता की।

सांसद किरोड़ी मीणा ने कहा कि राजस्थान, देश में पहला ऐसा राज्य है। जहां सबसे ज्यादा संख्या में माइनिंग लीज पर दी गई है। ई-ऑक्शन के बजाय अपने स्तर पर खैरात में परमिट बांट दिए हैं। एक्सप्रेस हाईवे के मामले में खुले में लूट मचाई गई। इलीगल माइनिंग प्रदेश में चल रही है। सरकार ने ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर बनाया, जिसमें 27 हजार करोड़ का घोटाला खान मालिकों ने किया। खान विभाग ने बीते दिनों 56 दल बनाकर राजस्थान के स्टॉकिस्ट के जब छापा मारा था, तब 307 करोड़ की रॉयल्टी की चोरी पकड़ी गई थी।

सांसद मीणा ने कहा कि अरावली की पहाड़ियों में मार्च 2022 से खनन पर पूर्णतया रोक है। इसके बावजूद भी भारी संख्या में वहां खनन चल रहा है। अलवर जिले के रामगढ़ तहसील में 50 से ज्यादा जगहों पर अवैध खनन किया जा रहा है। जिसमें करीब 200 करोड रुपए की पेनल्टी सरकार ने माफ की है। राजस्थान में खनन करने पर मौके पर ही पेनल्टी में 48 फ़ीसदी की छूट दी जाती है। सांसद मीणा ने बताया कि गहलोत सरकार के एक मंत्री की कृपा से सपोटरा में गीता मित्तल की खान 15 साल से बंद थी, उसे अवैध तरीके से चालू करवा दिया गया है। दरअसल मंगलवार से सांसद किरोड़ीलाल मीणा जयपुर के अशोक नगर थाने पर धरना दे रहे हैं। बुधवार को उन्होंने वहीं रूककर हठयोग भी किया। उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी भी मौजूद रहे।

■ **सांसद मीणा का आरोप है कि राजस्थान में 27 हजार करोड का खनिज स्टॉक, 20 हजार करोड़ का बजरी, 10 हजार 800 करोड का अरावली हिल, 2500 करोड़ का हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, 2400 करोड़ का जिंदल कोल, 2 हजार करोड़ का ईआरसीसी घोटाला, 1 हजार करोड़ का सीमेंट ब्लॉक, 1 हजार करोड़ का स्टांप, 200 करोड़ का सावर घोटाला हुआ है।**

■ **उन्होंने कहा कि राजस्थान, देश में पहला ऐसा राज्य है। जहां सबसे ज्यादा संख्या में माइनिंग लीज पर दी गई है, लेकिन ई-ऑक्शन के बजाय अपने स्तर पर खैरात में परमिट बांट दिए हैं। सरकार ने ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर बनाया, जिसमें 27 हजार करोड़ का घोटाला खान मालिकों ने किया। खान विभाग ने बीते दिनों 56 दल बनाकर राजस्थान के स्टॉकिस्ट के जब छापा मारा था, तब 307 करोड़ की रॉयल्टी की चोरी पकड़ी गई थी।**


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम संजय सिंह इन्दौलिया से बदलकर संजय सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे संजय सिंह के नाम से जाना जावें। पता-10, श्रीराम कॉलोनी 2nd, गेटोर जगतपुरा रोड, वार्ड नंबर-28 मालवीय नगर, जयपुर।

मैंने शादी के बाद अपना नाम हर्षा छुट्टानी से बदलकर हर्षा कुकरेजा रख लिया है। भविष्य में मुझे हर्षा कुकरेजा पत्नी श्री जितेन्द्र कुकरेजा के नाम से जाना जावें। निवासी-351, मंगला मार्ग, ब्रह्मपुरी, मंगला माता मंदिर, जयपुर।

मैंने अपनी पुत्री का नाम नव्या से बदलकर नव्या प्रजापत पुत्री पूनम प्रजापत रख लिया है भविष्य में इसे नव्या प्रजापत के नाम से जाना जाए निवासी सारण बास, वार्ड नं. 7, सांडवा, चूरू, राजस्थान

I have change my Name from Shayam Babu Soni to Shyam Babu Soni Therefore I will be known or Distinguished in Public By New Name of Shyam Babu Soni 35, Rajamal Ka Talab, Govind Dev Ji Mandir Ke Pass Janta Bazar Jaipur City Rajasthan

We, Prashant Singh & Poonam Singh R/o C-115 Ramgali No-5 Adarsh Nagar Rajapark Jaipur have Changed Our Minor Daughter's name from Purvanjana to Purvanjana Singh for all future Purposes.

I Lal Singh S/o Nathu Singh R/o Mu, Po, Sagwadiya, Teh-Garhi, Sagwariya, Banswara, Rajasthan-327025, have changed my name to Lal Singh Solanki

I army No 3196059M Ex Hav (PA) Rakesh Kumar S/O Suraj Mal R/O village adampur dadhi dadhi Bana 73 district bhiwani haryana have changed my wife name from SUNITA is wrong entered in service record to SUNITA KUMARI (DOB 11/8/1984) vide affidavit dated 20 June 2023 before district notary Jaipur



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या-10/476 (एफ.एफ.) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 17.726 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव पत्नी श्री नरेश कुमार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 527 दिनांक 16.12.1985 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास/फ्लैट का भौतिक कब्जा दिनांक 08.02.1986 को प्राप्त कर लिया गया। श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 28.01.2020 को हो जाने के कारण श्री राकेश श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री नरेश श्रीवास्तव के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, राशन कार्ड की छाया प्रति, रजिस्टर्ड वसीयत की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री राकेश श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री नरेश श्रीवास्तव के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/914 दिनांक-21.06.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 55/170 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 137.25 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती वीना जैन एवं श्री नरेन्द्र कुमार जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8365 दिनांक 31.03.1993 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 14.07.1993 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 400 दिनांक 20.05.2013 के द्वारा श्रीमती वीना जैन एवं श्री नरेन्द्र कुमार जैन के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 14.06.2013 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री नरेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 20.01.2016 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती वीना जैन पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन ने 1/2 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पुत्र एवं पुत्री पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती वीना जैन पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/876 दिनांक-16.06.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 13/377 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 32.472 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती कान्ता देवी पत्नी स्व. श्री लीलाराम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 287 दिनांक 28.06.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 18.12.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2399 दिनांक 14.08.2000 के द्वारा श्रीमती कान्ता देवी पत्नी स्व. श्री लीलाराम के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.08.2001 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती कान्ता देवी की मृत्यु दिनांक 21.12.2004 को हो जाने के कारण इनकी पुत्रियां श्रीमती गंगा मेठवानी पत्नी श्री रमेश कुमार मेठवानी, श्रीमती भावना धन्जानी पत्नी श्री मोहन लाल धन्जानी एवं श्रीमती ज्योति रामचन्दानी पत्नी श्री सुनील कुमार ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती गंगा मेठवानी, श्रीमती भावना धन्जानी एवं श्रीमती ज्योति रामचन्दानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/881 दिनांक-16.06.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 111/426 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती विमला गुप्ता पत्नी श्री आनन्द प्रकाश को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2336 दिनांक 30.06.2000 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 03.02.2001 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 5547 दिनांक 21.11.2001 के द्वारा श्री श्रवण लाल गुप्ता एवं श्री सुरेश चन्द गुप्ता के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 02.04.2005 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री श्रवण लाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 15.08.2015 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती सन्तोष गुप्ता पत्नी स्व. श्री श्रवण लाल गुप्ता ने 1/2 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सुरेश चन्द गुप्ता एवं श्रीमती सन्तोष गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर


## योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल हुए भाजपा नेता

**जयपुर, (कासं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मदन दिलावर, सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दीया कुमारी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी, कैलाश चौधरी, आदि शामिल हुये।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी जयपुर में स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के द्वारा सीतापुरा में आयोजित किए गए सामूहिक योग शिविर में उपस्थित हो कर योग, आसन, प्राणायाम किया। उन्होंने कहा योग से प्राप्त मन की शांति, स्वस्थ शरीर और श्वासों पर नियंत्रण हमारे जीवन की सर्वांगीण उन्नित का मूल आधार है। संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उदयपुर स्थित पन्नाधाय पार्क में सरदार पटेल मंडल के योग कार्यक्रम आमजन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास में मौजूद रहें।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू जिलें में योग कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि योग, व्यायाम से हमें स्वास्थ्य, आयुष और बल मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी प्रयासों का ही परिणाम है कि आज समूचे विश्व के नागरिक योग को जीवन का अभिन्न अंग बना रहे हैं। मैं सभी लोगों से अपनी दैनिक जीवनचर्या में योग को अपनाने का आव्हान करता हूं। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप प्राचीन भारत की परम्परा को आज सम्पूर्ण विश्व आगे बढ़ा रहा है। मन और तन को स्वस्थ रखने का संकल्प के साथ योग से हमारे जीवन को निरोग और ऊर्जावान बनाएं। केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने बाड़मेर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के साथ योग किया।


नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# आयु क्षमता के अनुसार योग जरुर करें : राज्यपाल


राज्यपाल कलराज मिश्र ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में अधिकारी, कर्मचारियों और पुलिस बल के साथ योग के विभिन्न आसन किए।

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान करते हुए कहा है कि शरीर, मन एवं बुद्धि को स्वस्थ रखने के लिए आयु और क्षमता के अनुसार योग करना चाहिए। राज्यपाल मिश्र के सान्निध्य में बुधवार को राजभवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इसमें राजभवन के अधिकारी, कर्मचारियों और पुलिस बल ने योग के विभिन्न आसन किए। राज्यपाल ने स्वयं इस दौरान विभिन्न योगासनों, कपालभाति, अनुलोम- विलोम प्राणायाम, भ्रामरी मुद्रा और ध्यान का सबके साथ अभ्यास किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हर घर-आंगन योग के प्रसार की आवश्यकता जताई। उन्होंने सूर्य नमस्कार को सम्पूर्ण योग का समुच्य बताते हुए सभी को इसका अभ्यास करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने पांतजली से प्रारंभ योग की भारतीय संस्कृति को विश्व भर के लिए अनूठी देन बताया।

मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, इससे व्यक्ति में आध्यात्मिक प्रवृत्ति का भी विकास होता है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल सहित राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

## प्रदेश में एक नया संक्रमित मिला

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को एक नया संक्रमित मिला है। हालांकि इस दौरान किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 13 हो गए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में दौसा में एक नया संक्रमित मिला है। इससे पहले मंगलवार और सोमवार को किसी भी जिले में नया संक्रमित नहीं पाया गया था। इधर राज्य में आज 1876 कोविड जांच की गई है। प्रदेश में बुधवार को कोई संक्रमित ठीक नहीं हुआ है। फिलहाल राज्य में 13 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें जयपुर व उदयपुर में 6-6 तथा दौसा में एक एक्टिव केस मौजूद है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**ई-निविदा सूचना**
संख्याः डब्ल्यू ए एसजी/2023-24 दिनांक: 20.06.2023 मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेल्वे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या :** म.रे. प्र. (सिग व दूरसंचार)-06-2023-24 **कार्य का नाम :** Ajmer Division: Provision of signalling work in C/W Ajmer- Chittourgarh (SL)-TRR(P)- 22.515 Tkm over Ajmer Division NWR. **अनुमानित लागत :** रूपये 19119769.80 **बयाना राशि :** रूपये 245600.00 ई निविदाये खोलने की तिथि व समय दिनांक 19.07.2023 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता WWW.IREPS.GOV.IN 665-CQ/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA
**परिशिष्ट IV क { नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें } अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋण लेने वाले और प्रत्याभूति- **श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री मूल चंद मीणा** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का वास्तविक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को **"जहां है", "जैसी है", "जो कुछ भी है" तथा "दायित्वरहित"** के आधार पर **दिनांक 07.07.2023 को विक्रय किया जायेगा। प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रू. 25,20,609/- अक्षरे पच्चीस लाख बीस हजार छह सौ नौ मात्र दिनांक 22.07.2021** को बकाया तथा इसके आगे का ब्याज एवं अन्य देय खर्चे अतिरिक्त। जो कि **श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री मूल चंद मीणा** से संबंधित है। उक्त खाते में आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि निम्नलिखित है।

इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पहले एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।

| अचल आस्तियों का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य 2. धरोहर राशि |
|---|---|
| श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री मूल चंद मीणा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन जो मकान नं. 2/105, भूतल, सेक्टर-1, हाउसिंग बोर्ड खान भाकरी रोड स्कीम दौसा, जिला- दौसा, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 97.76 वर्ग मीटर है। **जिसकी सीमाएं निम्न है:-** उत्तर में- मकान नं. 2/104, दक्षिण में- मकान नं. 2/106, पूर्व में- 9 मीटर चौड़ी रोड, पश्चिम में- मकान नं. 2/93 | 1. रू. 18,70,000/- 2. रू. 1,87,000/- |

**अन्य भार-अगर कोई, ज्ञात नही**
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा ( एसएआरबी ), जयपुर ( राज. )** प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others तथा https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp व https://ibapi.in/sale_info_home.aspx देखें।
हस्ता.
**दिनांक: 02.06.2023, स्थान: जयपुर ( राज. )** प्राधिकृत अधिकारी

Website: bank.sbi
Landline No.: +91-141 265811, 2657989
Fax: +91-141 2657926, 2657921
Email: Sbi.18184@sbi.co.in
Stressed Assets Recovery Branch 3rd Floor, Matrix Mall, Sector-4 Jawahar Nagar, Jaipur- 302004
तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा तीसरी मंजिल, मेट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4 जवाहर नगर, जयपुर - 302004

# ''बिपरजॉय'' से उनियारा क्षेत्र में स्थित गलवा बांध एक ही दिन में लबालब

## प्रशासन ने निचली बस्तियों को खाली करवाने का काम शुरू किया

**टोंक/चौरु/उनियारा,** (निसं)। बिपरजॉय तूफान और भारी बारिश के कहर के बाद जिले के कई बांध और तालाबों को संजीवनी मिली है। टोंक जिले के कई बांध छलक गए वहीं कुछ बांध छलकने के कगार पर हैं। टोंक शहर के उनियारा क्षेत्र में स्थित गलवा बांध भी एक ही दिन में लबालब हो गया है। इसके बाद प्रशासन ने निचली बस्तियों को खाली करवाने का काम शुरू कर दिया है। नगरफोर्ट कस्बे में भी भारी बारिश के बाद वहां का तालाब ओवरफ्लो हो गया है। इसके अलावा जिले के कई बांधों में करीब 40 प्रतिशत तक पानी भर चुका है।

राजस्थान के कच्चे बांधों में दसवें स्थान पर उनियारा का गलवा बांध बिपरजॉय तूफान के चलते हुई भारी बारिश से एक ही दिन में छलक गया है। गलवा बांध की पूर्ण भराव क्षमता 20 फीट है। इस दौरान पानी की आवक के बाद मंगलवार रात गलवा बांध भरकर छलक गया हैं। बांध पर एक इंच की चादर चल रही हैं। जानकारी के अनुसार गलवा बांध पर चादर चलने के साथ ही प्रशासन अलर्ट मोड पर आ जाता है। हर बार मानसून सीजन में पानी की बंपर आवक पर बांध के डाउनस्ट्रीम के गांवों और बस्तियों में पानी घुस जाता है। लेकिन फिलहाल वहां की स्थिति नियंत्रण में हैं।

बांध छलकने की सूचना पर रात को ही उपखंड प्रशासन, सिंचाई विभाग के अधिकारी और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने गलवा बांध में जलभराव की स्थिति को लेकर समीक्षा की। इसके बाद बुधवार सुबह से ही बांध की डाउनस्ट्रीम में बसी हुई बस्तियों को खाली करवाने का काम शुरू किया जा रहा है। फिलहाल प्रशासन गलवा बांध को लेकर पूरी मुस्तैदी से स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

वहीं मानसून सीजन में बीसलपुर बांध से व्यर्थ बहने वाले पानी को रोकने के लिए उनियारा उपखण्ड में ईसरदा डैम बनाया जा रहा है। वहीं तूफान के चलते ईसरदा कॉफर डैम भी में पानी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते कॉफर डैम के 3 चैनल गेट खोल कर नदी में आ रहे पानी को डायवर्ट कर निकालना शुरू कर दिया गया है। बता दे कि ईसरदा मुख्य बांध निर्माण का कार्य प्रगति पर चल रहा है। इस निर्माण कार्य में बाधा नहीं पहुंचे। इसके लिए कॉफर डेम के चैनल गेट से पानी को डायवर्ट किया गया है।



उनियारा क्षेत्र में स्थित गलवा बांध भी एक ही दिन में लबालब हो गया।

## 'प्रभावितों को आपदा प्रबंधन कोष से मिले सहायता'

- देवनानी ने सीएम गहलोत को पत्र लिख कर अजमेर में हुई तबाही और नुकसान से पीड़ित लोगो को आपदा प्रबंधन कोष से राहत देने की मांग की

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर बिपरजोय चक्रवती तूफान से अजमेर में हुई तबाही और नुकसान से पीड़ित लोगो को आपदा प्रबंधन कोष से राहत देने की मांग की है और जिन इलाकों में भारी बारिश और तूफान के कारण जो नुकसान हुआ है उसके लिए विशेष आर्थिक पैकेज घोषित कर मुआवजा देने की मांग की है।

देवनानी ने सीएम को लिखे पत्र में जिला प्रशासन की लापरवाही का भी जिक्र किया और कहा कि मौसम विभाग द्वारा अजमेर को रेड अलर्ट चेतावनी देने के बाद भी प्रशासनिक तौर पर कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते रविवार और सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश से शहर की सागर विहार, वन विहार, अरिहंत कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, वैशाली नगर, प्रताप नगर, वार्ड 67 शिवाजी पार्क, नागफणी, ब्रह्मपुरी, तोपदड़ा, भजनगंज, राबड़िया मोहल्ला, गुलाबबाड़ी सहित दो दर्जन से अधिक कॉलोनियां जलमग्न हो गई और कई मकान भी गिर गए।

देवनानी ने संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू असपताल प्रशासन की नाकामी का भी जिक्र किया और बताया कि अस्पताल प्रशासन ने भी कोई पूर्व तैयारी नही की जिसके कारण असपताल में पानी भर गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल का ड्रेनेज सिस्टम फेल होने के कारण वार्डों और अस्पताल परिसर से जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है और जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। जिसके कारण अस्पताल ने पूर्व से भर्ती और नए मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देवनानी ने कहा कि बिपरजोय से निपटने में प्रशासन का कुप्रबंधन नजर आया और इस आपदा का सामना करने के इंतजाम नहीं किए गए। सिर्फ कागजी एडवाइजरी के कारण तूफान से निपटने की प्रशासन की तैयारी धरी रह गई। जिला प्रशासन ने ना तो टास्क फोर्स का गठन किया और ना ही निचले इलाकों में भारी बारिश का पानी जाने से रोकने और प्रभावितों को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व पुनर्वास की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की।

देवनानी ने पत्र में मुख्यमंत्री से अजमेर शहर के जिन इलाकों में भारी बारिश और तूफान के कारण जो नुकसान हुआ है, उसके लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा एवं संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को भी शीघ्र दुरूस्त करवाने के लिए लिखा।

## तेज आंधी के साथ हुई बारिश

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे में मंगलवार की देर शाम तेज आंधी के साथ बरसात हुई। जिससे कस्बेवासियों को गर्मी व उमस से कुछ राहत मिली। लेकिन जमकर बरसात न होने से उमस बढ़ गई। उमस के चलते लोगों का हाल बेहाल हो गया। वहीं हल्की बरसात से कस्बे के मुख्य मार्गो पर जगह-जगह किचड़ हो गया। बुधवार को भी दिनभर उमस से लोग परैशान रहे।

## संभागीय आयुक्त ने जे.एल.एन. अस्पताल का निरीक्षण किया

- वार्डों में पानी भरने की समस्या पर पीडब्ल्यूडी व अस्पताल प्रशासन के साथ वार्ता की

**अजमेर,** (कासं)। बिपरजॉय के चलते तेज हवाओं के साथ करीब दो दिन तक हुई बारिश से बिगड़े हालातों का जायजा लेने संभागीय आयुक्त सी आर मीणा शहर में निकले, जहां उन्होंने सबसे पहले अजमेर संभाग के सबसे बडे जवाहरलाल नेहरू अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल के वार्डों में पानी भरने की समस्या पर पीडब्ल्यूडी व अस्पताल प्रशासन के साथ वार्ता कर अस्पताल में भरने वाले पानी को रोकने पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। साथ अस्पताल के वार्डो में पानी भरने की समस्या की पुर्नावर्ती न हो इसके लिये अस्पताल प्रशासन व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनो विभाग अस्पताल के चारों बने नालों से अस्पताल में आने वाले पानी को कैसे रोकें एवं बिल्डिंग के बारे एक शॉर्ट रिपोर्ट तैयार कर राजस्थान सरकार को भेजें ताकि जल्द से जल्द अस्पताल में पानी भरने की समस्या से निजात मिल सके।

## 'सम्पर्क से समर्थन' अभियान में प्रमुख भाजपा नेताओं की सहभागिता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल को प्रबुद्धजनों एवं विशिष्ट व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए चलाये जा रहे ''सम्पर्क से समर्थन अभियान'' के अन्तर्गत प्रदेश के प्रमुख नेताओं ने सम्पर्क किया। संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने उदयपुर शहर में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक टी.सी डामोर, सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल से भेंट की। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पूर्व आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन देव किशन सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष सैनी, सेवानिवृत्त चिकित्सक सीएल गहलोत, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल डॉ. आईएन आर्या और साहित्यकार मुरारीलाल महर्षि से मुलाकात कर मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में चर्चा की।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जालंधर प्रवास के दौरान 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संतों से भेंट की। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरपी नागरथ के मोहाली स्थित निवास पर, आनंदपुर साहिब की खरड़ विधानसभा में मिलकर मोदी सरकार की 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। सांसद रामचरण बोहरा संपर्क से समर्थन के तहत युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट हिमांशु गोयल से प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दिया कुमारी नव मतदाताओं का सम्मान व अभिनंदन किया एवं युवा साथियों से संवाद कर मोदी सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की व मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रदेश के अन्य सांसदों, वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश पदाधिकारी व विधायकगण भी व्यापक स्तर पर संपर्क कर रहें हैं। इस अभियान के बेहद सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। प्रबुद्धजनों और विशिष्टजनों में मोदी सरकार के कार्यों के प्रति खासी सकारात्मकता दिखाई दे रही है।

## नदी में मिला युवक का शव

**पावटा,** (निसं)। पावटा की ग्राम पंचायत बडनगर में स्टैंड के नीचे नदी में एक 25 वर्षीय युवक का शव मिला। मृतक युवक की पहचान किशोरपुरा थाना पाटन निवासी कालूराम पुत्र बजरंगलाल के रूप में हुई है। वहीं मृतक की मौत सुबह आठ से दस बजे के बीच होना बताया जा रहा है। मामले में बडनगर सरपंच रामकरण यादव ने बताया कि शाम को बच्चे खेलने आये थे। एक युवक के पड़े होने की खबर मुझे व गांव वालों को दी। वहीं इसकी सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी। जिसके बाद प्रागपुरा थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## प्रदेश में महिला अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाओं में 22 प्रतिशत बढोत्तरी : जोशी

### प्रदेश के गृहमंत्री टाइम पास, कैसे रूके दलित उत्पीडन और महिला अत्याचार : सी.पी. जोशी

- 'बीकानेर के खाजूवाला की घटना वीभत्स, सरकार पीड़ित परिवार की नहीं कर रही सुनवाई, राजस्थान हो रहा शर्मसार'

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था, महिला अत्याचार और दुष्कर्म के बढते मामलों को लेकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर बीकानेर के खाजूवाला में दलित लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या के मामले में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में साढे 4 साल में महिला दुष्कर्म की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि एन.सी.आर.बी. के अनुसार पूरे देश में सबसे अधिक दुष्कर्म की घटनाएं राजस्थान में दर्ज की गई हैं। प्रदेश में महिला अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाओं में 22 प्रतिशत बढोत्तरी हुई है, जबकि मुख्यमंत्री कहते हैं कि दुष्कर्म के 56 फीसदी मामले फर्जी होते हैं। इन सभी घटनाओं ने प्रदेश को शर्मसार किया है। बेहद शर्म की बात है कि जहां सरकार को खाजूवाला में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना था, परिवार की मदद करनी थी वहां सरकार धरने पर बैठे पीड़ित परिवार से अभद्रता कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद सरकार चेती है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री दुष्कर्म की घटनाओं के रोष को भटकाने के लिए भाजपा और संघ पर ऊल-जलूल आरोप लगाते हैं। वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा जिनका नारा स्लोगन 'लडकी हूं, लड़ सकती हूं' को यहां क्यों भुला दिया जाता है। उनके लिए राजस्थान केवल पर्यटन स्थल है, यहां वे पीड़ित महिलाओं के आंसू पोंछने नहीं आती। यहां उन्हें दलित महिलाओं पर अत्याचार नजर नहीं आते।

जोशी ने कहा कि खाजूवाला घटना में मुख्य रूप से जो आरोपी हैं, उनकी जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा देने और पीडित परिवार को एक करोड़ मुआवजा व आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की। प्रदेश में स्थिति इतनी भयावह है कि दुष्कर्म पीड़िता जब न्याय के लिए पुलिस कमिश्नरेट जाती है, तब वहाँ बैठा अधिकारी रिश्वत में पीडिता की अस्मत मांगता है। प्रदेश में महिलाओं के लिए कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है। जोशी ने कहा कि भाजपा की ओर से पहले भी मांग की गई है कि प्रदेश में पूर्णकालिक गृहमंत्री होना चाहिए जो किसी भी घटना की जिम्मेदारी ले सके और सक्षम जवाबदेही तय हो सके। महिला अत्याचार की बढती घटनाओं को रोक पाने में अक्षम मुख्यमंत्री गहलोत के भीतर यदि जरा सी भी नैतिकता बची है तो उन्हे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रेसवार्ता में प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, विजेन्द्र पूनियां एवं एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग मौजूद रहें।

## व्यापारी के कर्मचारी से 31 लाख रुपए की लूट

- महज 30 सेकेंड में बदमाशों ने पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया

**कोटा,** (निसं)। शहर की गुमानपुरा इलाके में बुधवार को चाकू और बंदूक के बल पर व्यापारी के कर्मचारी से 31 लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। इस दौरान बदमाशों ने चाकू मारकर कर्मचारी को घायल भी कर दिया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पूरा घटनाक्रम रावतभाटा रोड पर गुमानपुरा सिंधी धर्मशाला के नजदीक सिंधी कॉलोनी एरिया का है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार बाइक सवार 5 बदमशों ने सामने से आ रहे स्कूटी सवार जीतू पर हमला कर दिया। उन्होंने पहले जीतू पर चाकू से हमला किया फिर उसको नीचे गिरा दिया। इस दौरान जीतू ने बैग को काफी देर तक पकड़े रखा। कुछ देर के संघर्ष के बाद बदमाश पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। महज 30 सेकेंड में बदमाशों ने पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया। सभी बदमाश नकाबपोश थे। घटना की जानकारी मिलने पर पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण जैन, पुलिस उप अधीक्षक द्वितीय अमर सिंह राठौड़ और सीआई मुकेश मीणा सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। घायल को एमबीएस अस्पताल उपचार के लिए भेजा। डीएसपी अमर सिंह राठौड़ का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद नाकेबंदी कराई गई। सीसीटीवी में 5 नकाबपोश बदमाश बाइक पर नजर आ रहे हैं लेकिन इनकी संख्या ज्यादा हो सकती है।ऐसे में पुलिस सभी तरह से अलर्ट मोड में है।इस घटना में शहर के अभय कमांड सेंटर के कैमरे भी देखे जा रहे हैं ताकि बदमाशों का पता लगाया जा सके।

जिंदल सेल्स के मालिक नितेश जिंदल का कहना है कि विनय गोयल का कर्मचारी जीतू उधार राशि लेकर जा रहा था। विनायक गोयल के पिता के बर्तन का कारोबार है। राशि उनके साले निखिल जिंदल ने विनय गोयल के कर्मचारी जीतू को दी थी। जीतू स्कूटी से पैसा लेकर जा रहा था।इस दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ लूटपाट की है।

## ससुराल में रह रहे युवक की संदिग्ध मौत

- पिता ने ससुराल वालों पर लगाया जहर देकर हत्या करने का आरोप

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र की शिवनगर पोखरा कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर मृतक युवक के पिता ने ससुरालीजनों पर जहर देकर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। युवक अपने ससुराल में घर जमाई बनकर रह रहा था।

निहालगंज थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में मृतक युवक के पिता ने बताया है कि 3 दिन पूर्व जहर पिलाने की वजह से युवक भानु को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे उपचार के लिए आगरा रैफर कर दिया गया था। जिसने मंगलवार देर रात को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद बुधवार सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। धनीना जगनेर आगरा निवासी मृतक युवक के पिता हेम सिंह ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व मेरे बेटे भानु की शादी सैपऊं निवासी खुशबू पुत्री राजेंद्र के साथ हुई थी।

शादी के 1 साल बाद ही भानु की पत्नी खुशबू ने उसके पुत्र के खिलाफ दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज करा दिया था। इस मामले में राजीनामा होने के बाद भानु को ससुराल पक्ष के लोगों ने घर जमाई बनाकर शिव नगर कॉलोनी धौलपुर में किराए के मकान में ठहरा दिया। जहां युवक भानु टेंपो चलाकर अपने घर का गुजारा कर रहा था। 3 दिन पूर्व युवक की पत्नी खुशबू, मामा ससुर राजेश और सास सुनीता ने भानु के हाथ पैर बांधकर उसे जबरदस्ती जहर पिला दिया। जिसने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक अपने पिता का इकलौता बेटा था। वहीं मृतक की पत्नी की गोद भी सूनी है।

## 26 जून से स्कूल शुरू होंगे

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेशभर में सरकारी और प्राइवेट स्कूल्स अब 26 जून से खुलेंगे। पहले ये स्कूल 24 जून से खुलने वाले थे। शिक्षा विभाग ने अपने पंचांग में परिवर्तन कर दिया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने आदेश दिए हैं। शिविरा पंचांग में 23 जून तक के लिए ग्रीष्मावकाश घोषित किया था। अब ग्रीष्मावकाश बढ़ाकर 25 जून तक कर दिया गया है। ऐसे में स्कूल अब 24 जून के बजाय 26 जून से वापस शुरू होंगे। इसी दिन से स्कूल स्टूडेंट्स और टीचर्स को आना होगा। वहीं बड़ी संख्या में प्राइवेट स्कूल जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होंगे। प्राइवेट स्कूल्स टीचर्स को पहले बुलाते हैं और उनकी ट्रेनिंग करवाते हैं। वहीं सरकारी स्कूल्स के टीचर्स की ट्रेनिंग हो चुकी है। खासकर प्राइमरी स्कूल्स के टीचर्स की ट्रेनिंग सरकारी व प्राइवेट में दोनों में होती है। सरकारी स्कूलों में फ्री पढ़ाई (आरटीई) के एडमिशन भी इसी महीने पूरे हो जाएंगे। इसके बाद प्राइवेट सरकारी स्कूल्स में एडमिशन का सिलसिला तेज होगा। अब तक महात्मा गांधी स्कूल्स में भी एडमिशन कम हुए हैं।

## अजमेर केन्द्रीय कारागार में तैनात जेल प्रहरियों ने किया मैस का बहिष्कार, धरने पर बैठे

### वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर लम्बे समय से संघर्ष कर रहे है जेल प्रहरी

**अजमेर,** (कासं)। वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर लम्बे से संघर्ष कर रहे केंद्रीय कारागार अजमेर में तैनात जेल प्रहरियों ने बुधवार को राजस्थान एकीकृत महासंघ के बैनर तले अनिश्चितकाल तक मैस का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गये। प्रहरियों का कहना है कि गत दिनों से काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन आज दिन तक उनकी मांगों पर कोई वार्ता नहीं हुई।

वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर लम्बें से संघर्ष कर रहे केंद्रीय कारागार अजमेर में तैनात जेल प्रहरियों ने बुधवार को राजस्थान एकीकृत महासंघ के बैनर तले अनिश्चितकाल तक मैस का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गये। प्रहरियों आरोप है कि गत दिनों से काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन आज दिन तक प्रशासन उनकी मांगों पर कोई वार्ता तक करने के लिये तैयार नहीं है।



अजमेर में मैस का बहिष्कार कर धरने पर बैठे जेल प्रहरी।

राजस्थान एकीकृत महासंघ के जिलाध्यक्ष कांति लाल शर्मा ने बताया कि राजस्थान की सभी जेलों में तैनात जेल प्रहरी बुधवार से मैस का बहिष्कार करते हुए धरने पर बैठ गये हैं। जेल प्रहरियों की मांग है कि करीब चार माह पूर्व जेल प्रहरियों द्वारा मैस का बहिष्कार कर आंदोलन किया था उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री व जेल डीजी की मौजूदगी में लिखित में समझौता हुआ था, लेकिन आज दिन तक उक्त समझौते को प्रदेश सरकार ने न तो अमल में लाई और न ही कोई फिर से इस मामले सरकार की ओर से चर्चा हुई है। जिसके चलते विगत दिनों से जेल प्रहरी काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे थे, लेकिन आज दिन तक सुनवाई नहीं होने से मैस का बहिष्कार कर धरने पर बैठना पड़ा। वेतन विसंगती को दूर करने की मांग जेल प्रहरियों द्वारा 1998 से चली आ रही है।

- प्रहरियों आरोप है कि आज दिन तक प्रशासन उनकी मांगों पर कोई वार्ता तक करने के लिये तैयार नहीं है

# महापौर मुनेश बोलीं : मैंने एस.सी. वर्ग की बेटी को गोद लिया था, राजेन्द्र वर्मा के आरोप झूठे

## हैरिटेज निगम के अति. आयुक्त राजेन्द्र वर्मा द्वारा जाति सूचक शब्दों से पुकारने के आरोपों को मुनेश गुर्जर ने नकारा

- पार्षदों को बीट कर्मचारी देने की फाइल और बाढ़ नियंत्रण का वर्क ऑर्डर रोकने के मुद्दे पर हुई थी दोनों के बीच खींचतान
- बीते 6 दिन से धरने पर बैठी महापौर और पार्षदों से मिलने बुधवार को हैरिटेज नगर निगम पहुंचे मंत्री महेश जोशी

**जयपुर** (कासं)। चुनावी साल में हैरिटेज नगर निगम में पार्षदों को 5-5 बीट कर्मचारी देने की पत्रावली और अतिरिक्त आयुक्त की खींचतान का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले में बुधवार को हैरिटेज निगम मुख्यालय में महापौर मुनेश गुर्जर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री को इस्तीफे की पेशकश करने वाले पार्षद भी मौजूद रहे। पार्षदों ने अतिरिक्त आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जल्द से जल्द बर्खास्त करने की मांग की।

वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने महापौर मुनेश गुर्जर और उनके पति सुशील गुर्जर पर जातिसूचक शब्द कहने के आरोप लगाए है। जिस पर मेयर ने कहा कि, राजेन्द्र वर्मा खुद को बचाने के लिए जाति के मामले को उठाकर मुद्दे को भटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से वह महापौर बनी है, तब से वाल्मीकि समाज से कोई विवाद नहीं रहा है। अब इस वर्ग को बहकाने की कोशिश की जा रही है। खुद मैंने एस.सी. वर्ग की बेटी को गोद लिया है। इस दौरान गुर्जर ने इशिता के साथ का वीडियो भी जारी किया। मुनेश गुर्जर ने कहा कि इससे पहले भी हैरिटेज नगर निगम में दो आयुक्त एस.टी. के भी रह कर गए, उनके साथ तो ऐसा कोई मामला नहीं आया।

महापौर मुनेश गुर्जर ने आरोप लगाते हुए कहा कि हैरिटेज निगम में अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा का व्यवहार सही नहीं है। पहले भी उनके खिलाफ तत्कालीन आयुक्त ने



**महापौर मुनेश गुर्जर ने बुधवार को हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू होकर अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के द्वारा लगाए गए जाति सूचक शब्दों से संबोधित करने के आरोपों को खारिज किया।**

कार्रवाई की, मेरी कार्यशैली जातिवर्ग से होती तो मैं कभी भी चुनाव नहीं जीत सकती थी। जब फाइलों की जांच होगी तो सब पता चल जाएगा, अगर राजेन्द्र वर्मा दोषी नहीं पाए गए तो मैं खुद अपना इस्तीफा दूंगी। उन्होंने एस.सी. का वर्ग इसलिए अपनाया है क्योंकि कुछ फाइलों में भ्रष्टाचार किया है, फिर चाहे सुलभ कॉम्पलेक्स का मामला हो या फ्लड अथवा अस्थाई बिट्स की फाइलों का मामला, जब इनकी जांच होगी और तब सब कुछ साफ-साफ हो जायेगा।

वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा के खिलाफ पिछले 6 दिनों से हैरिटेज निगम में धरने पर बैठी महापौर मुनेश गुर्जर और पार्षदों से मिलने बुधवार को कैबिनेट मंत्री महेश जोशी पहुंचे। उन्होंने पार्षदों की समस्या सुनकर कोई बीच का रास्ता निकालने की बात कही। जिस पर पार्षदों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए सिर्फ और सिर्फ अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा के निलंबन की मांग रखी।

महापौर मुनेश गुर्जर ने मंत्री महेश जोशी से कहा कि, राजेंद्र वर्मा सही ढंग से काम नहीं कर रहे थे, नगर निगम में भ्रष्टाचार फैला रखा है। वे नगर निगम के पार्षदों को ही झूठे मुकदमे में फंसाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने किसी तरह का भ्रष्टाचार नहीं किया। बल्कि, गलत तरीके से फाइलों को रोकने और पास करने का काम राजेंद्र वर्मा ने किया है। ऐसे में उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ताकि उनकी असलियत भी जनता के सामने आए और उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

मुनेश गुर्जर ने कहा कि अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा ने हैरिटेज नगर निगम में आते ही मनमानी शुरू कर दी। निगम की बाढ़ नियंत्रण, सुलभ शौचालय और अस्थाई बीट की फाइलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ताकि आम जनता और उच्च अधिकारियों को भी पता लग सके कि आखिर भ्रष्टाचार कहां हुआ है।

महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि अगर इन फाइलों में राजेंद्र वर्मा सही साबित होते हैं तो मैं धरना खत्म कर अपने पद से इस्तीफा दे दूंगी। लेकिन अगर वर्मा गलत साबित हुए, तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

मुनेश ने कहा कि राजेंद्र वर्मा अपनी जाति का सहारा लेकर इस भ्रष्टाचार के मुद्दे को दबाना चाहते हैं, जबकि मैं किसी भी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द बोल ही नहीं सकती। ना ही हमारा कोई पार्षद इस तरह के शब्दों का प्रयोग करता है। उस दिन भी जब यह पूरा घटनाक्रम हुआ। वहां सिर्फ राजेंद्र वर्मा नहीं बल्कि नगर निगम के दूसरे अधिकारी भी मौजूद थे, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बाद जब राजेंद्र वर्मा की असलियत जनता के सामने आने लगी। तो उन्होंने आम जनता का ध्यान भटकाने के लिए अपनी एसोसिएशन और जाति संप्रदाय को बीच में लाने की कोशिश की है। इसलिए मैं उच्च अधिकारियों और उनकी जाति के प्रबुद्धजनों से भी अपील करूंगी कि वह एक बार वर्मा की कारगुजारी को भी जांचें।

इन तमाम बातों को सुनकर मंत्री महेश जोशी ने कहा कि मैं आज सरकार के प्रतिनिधि या फिर मंत्री के तौर पर पार्षदों के बीच नहीं आया हूं। बल्कि, मैं आम विधायक के तौर पर इनसे मिलने आया हूं। मैंने चारों विधायकों से बात की है। हम सब चाहते हैं कि पार्षदों का धरना खत्म हो। इसलिए मैं आज पार्षदों से बातचीत करने आया हूं। ताकि बीच का कोई रास्ता निकले और पार्षदों का यह धरना खत्म हो। क्योंकि इस धरने से जयपुर की जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

# 'निरोगी रहने के लिए योग आवश्यक'



**जयपुर**। भारतीय योग संस्थान दिल्ली व श्रीसनातन धर्म मंदिर राम मंदिर मार्ग सी-3, जनकपुरी व आर्शीवाद फाउण्डेशन ऑफ इँडियादिल्ली ओर लॉफिंग एंड क्लैपिंग क्लब आदि जनकपुरी के सौजन्य से हर वर्ष की भांति अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तर परक सी-4जी राजापार्क जनकपुरी निकट राम मंदिर, नईदिल्ली में प्रात: 5.30 बजे से 7.30 बजे तक बडी धूमधाम से मनाया गया। सफेद वस्त्र पहनकर सभी साधक साधिका और स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह में बताया गया कि आज की भागदौड भरी जिन्दगी में व्यक्ति को निरोगी रहने के लिए पोषक आहार के साथ सक्रिय जीवनशैली की भी जरुरत होती है ऐसा न होने पर अनेक प्रकार की शारीरिक बीमारियां उसे घेर सकती हैं जिनसे बचने के लिए योगासन एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है।

जिससे शारीरिक व्याधियों को बिना किसी साइड इफैक्ट के ठीक किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि योगब नाए निरोग अर्थात ऐसे 13 योगासन है जिनके माध्यम से सिर दर्द, पेटदर्द, कमर दर्द, कंधे का दर्द, फेफडे के रोग, थॉयराइड, ब्लड प्रेशर, शुगर अनिन्दा, तनाव को कम करना, ह्रदय रोग आदि समस्याओं से बिना दवाइयां खाने से छुटकारा पाया जा सकता है। कोरोना के बाद अंतराष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रचार के बाद देश में भी योग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है।

# बैग से पन्ने के पैकेट चुराने वाली गिरोह की शातिर महिला पकड़ी

- आरोपी महिला से 10 लाख रुपये के पन्ने व 20 हजार रुपये नगद बरामद किए

**जयपुर**। राजधानी की माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बैग से पन्ने के पैकेट निकालने वाली गिरोह की महिला को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी महिला से 10 लाख रुपये कीमती पन्ना व 20 हजार रुपये नगद बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला से और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला लख्खो उर्फ प्रिया उर्फ चादनी निवासी भिवानी हरियाणा, हाल खालड़ा फुलेरा जयपुर ग्रामीण हाल मुरलीपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरी किए 10 लाख रूपये का पन्ना के स्टोन व 20 हजार रुपये नकद बरामद किये है।

गिरफ्तार महिला से पूछताछ जारी है, जिससे और भी वारदात खुलासा होने की सम्भावना है। गौरतलब है कि पन्ना व्यापारी राघवेन्द्र श्रीमाल निवासी सुभाष कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह ई-रिक्शा में बैठ कर आ रहा था। उसके बगल में एक महिला बैठी थी। पीड़ित ने मेहंदी के चौक पर आकर अपना बैग सम्भाला तो उसमें रखे पन्ना के पैकेट व 20 हजार रुपये गायब मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। साथ ही चांदपोल से ई-रिक्शा व बसों में बैठने वाली महिलाओं पर निगरानी रखी। इसी दौरान करीब 8-10 जेब तराश महिलाओं को गिरफ्तार भी किया गया। इस दौरान पन्ने के स्टोन बेचने की फिराक में घूम रही संदिग्ध महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसे वारदात को अंजाम देना कबूला।

## वेतन विसंगति को लेकर जेल कर्मियों का मैस बहिष्कार

**जयपुर** (कासं)। वेतन विसंगति की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवा रहे जेल कर्मियों ने अब मैस का बहिष्कार कर दिया है। राजस्थान राज्य एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि उनके संगठन ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है।

इस मांग को लेकर प्रदेशभर की जेलों में मैस का बहिष्कार किया गया है। जेलकर्मी मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 18 जनवरी को हुए समझौते को लागू करने की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर जेल कर्मियों ने सात दिन तक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाया, लेकिन सरकार ने उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। गुरूवार को जिला कलक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

# एस.एम.एस. अस्पताल में अब एक ही हॉल में इलाज, जांच और दवाईयां की सुविधा

- कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट की ओपीडी में मरीजों के लिए नए डीडीसी व बिलिंग काउंटर और जांच कलेक्शन सेंटर की शुरूआत की गई है।
- प्लास्टिक सर्जरी वार्ड के पास भी नया डीडीसी सेंटर खोला गया। इससे मरीजों को बैड पर ही दवाईयां उपलब्ध हो सकेंगी।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में बुधवार से मरीजों के लिए नई सुविधा शुरू की है। इसके तहत कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट की ओपीडी में मरीजों के लिए नए डीडीसी व बिलिंग काउंटर और जांच कलेक्शन सेंटर की शुरूआत की गई है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरहट्टा और अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया।

इस सुविधा के शुरू होने से अब मरीज और उसके परिजनों को डॉक्टर को दिखाने के बाद जांच की पर्ची कटवाने, सैंपल देने और दवाई लेने के लिए अलग-अलग काउंटर और भवनों में भटकना नहीं पड़ेगा।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि अभी तक मरीज ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर से पर्ची कटवाने के बाद डॉक्टर को दिखाते थे। इसके बाद डॉक्टर की लिखी जांच और दवाईयों के लिए बिल काउंटर, डीडीसी काउंटर और सैंपल कलेक्शन सेंटर पर जाते थे। अक्सर ऐसी शिकायत मिल रही थी कि इस पूरी प्रक्रिया में कई बार मरीज दवाई लेने से वंचित रह जाता था, तो कभी जांच करवाने या सैंपल देने से। इस कारण कई मरीजों को दोबारा हॉस्पिटल के चक्कर काटने पड़ते थे। अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। इसके लिए आज से नए सुविधा शुरू की है। इस मौके पर कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी वीवी अग्रवाल, एसएमएस के अतिरिक्त अधीक्षक प्रदीप शर्मा, डॉ. देवेन्द्र पुरोहित, ईसीजी के इंचार्ज प्रतीक शर्मा समेत अन्य डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि एसएमएस में हर रोज ओपीडी में 9 से 10 हजार मरीज दिखाने आते है। इसमें से करीब 600 मरीज कार्डियोलॉजी विभाग में आते है। नई सुविधा शुरू होने से मरीज और उसके परिजन को बिल काउंटर, सैंपल कलेक्शन की लाइन और दवाई लेने के लिए अलग-अलग जगह जाकर परेशान नहीं होना पड़ेगा।

हॉस्पिटल में इंडोर मरीजों की सुविधा के लिए आज प्लास्टिक सर्जरी वार्ड के पास नया डीडीसी सेंटर खोला गया। प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि इससे मरीजों को अब बैड पर ही दवाईयां उपलब्ध हो सकेगी। अभी प्लास्टिक सर्जरी और इससे लगते जनरल मेडिसन वार्ड के मरीजों को रात में दवाई लेने के लिए बांगड़ यूनिट या दूसरी यूनिट में संचालित डीडीसी सेंटर पर जाना पडता था।

## नकली नोट मामले में मुकदमा दर्ज

**जयपुर** (कासं)। भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) की सहायक महाप्रबंधक की ओर से गांधी नगर थाने में 7 एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन शिकायतों में जिलों की चेस्ट शाखाओं से आए कटे-फटे नोटों के बारे में जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि जिलों की चेस्ट शाखा से कितने नोट उनके पास आए, जिन्हें उन्होंने डिस्ट्रॉय करने के लिए मशीन में डाला। नकली होने के कारण मशीन ने उन नोटों को एक्सेप्ट ही नहीं किया। इस पर जिले के चैस्ट शाखा के इलाके में आने वाले थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं, ऐसे में सभी शिकायतें गांधी नगर थाने को दी गई है। उनके द्वारा संबधित थाने में रिपोर्ट भेज कर जांच कराई जाएगी।

गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि आर.बी.आई. की सहायक महाप्रबंधक तृत्ती तोसावरा की ओर से शिकायत दी गई है कि सूरजपोल ब्रांच से जो पैसा उनके पास आया, उसमें कुछ नोट खराब हैं।

# जयपुर में उत्साह के साथ जगह-जगह योगाभ्यास

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजधानी जयपुर में योग के प्रति लोगों में काफी उत्साह नजर आया। अल्बर्ट हॉल सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सांसद रामचरण बोहरा व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, सहित कई नेताओं और लोगों ने योगाभ्यास किया।

इस मौके पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया के माध्यम से जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन को बनाए रखने के लिए योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाने की सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की ऐतिहासिक धरोहर योग मानव शरीर की एक ऐसी जरूरत है, जिसके अभ्यास के हजारों फायदे हैं। उन्होंने सभी को विश्व योग दिवस की हार्दिक बधाई दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आज जयपुर में स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के द्वारा आयोजित किए गए सामूहिक योग शिविर में



**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एस.एम.एस. स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में महापौर सौम्या गुर्जर के साथ सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास किया।**

भाग लेकर योग, आसन, प्राणायाम किया। इस मौके उन्होंने कहा कि योग से प्राप्त मन की शांति,स्वस्थ शरीर और श्वासों पर नियंत्रण हमारे जीवन की सर्वांगीण उन्नित का मूल आधार है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा अल्बर्ट हॉल पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा थे। इस मौके राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा,नई भोर संस्था की संस्थापक पुष्पा माई, आकाशवाणी समचार एकांश के निदेशक निलेश कालभोर, केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक राम खिलाड़ी मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता कमल जैन संचेती और भारतीय मानक ब्यूरो से कनिका कालिया मौजूद थे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के साथ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने किन्नर समाज को भी मुख्यधारा में लाने का एक अनूठा प्रयास किया है। इस कार्यक्रम में किन्नर समाज से पुष्पा माई एवं बहुत सारे सदस्यों ने योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा जनसामान्य के लाभ के लिए मोनोग्राम 'रजस्वला चर्या व योग' का विमोचन किया गया। बाद में सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रारंभ हुआ। योग अभ्यास की शुरुआत प्रार्थना से की गई तत्पश्चात सूक्ष्म व्यायाम और विभिन्न आसनों के लाभ के साथ उनका अभ्यास करवाया गया।

सामान्य योग प्रोटोकॉल की समाप्ति शांति मंत्र के साथ हुई। इस कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल का एक साथ अभ्यास किया।

## सार-समाचार

### 'फ्लाई-हाई-फैशन' शोरूम का शुभारंभ



**जयपुर**। हाथोज धाम के महामंडलेश्वर बालमुकुंदाचार्य ने बुधवार को चित्रकूट में अक्षरधाम सर्किल पर स्थित नवीन रेडीमेड गारमेंट शोरूम ''फ्लाई-हाई-फैशन'' का विधिवत शुभारम्भ किया। गारमेंट शोरूम के संचालक सौरभ ने बताया की यहाँ जेंट्स ब्रांडेड कपडों की विभिन्न वेराइटी उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर बालमुकुंदाचार्य ने अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद राखी राठौड, व्यापार संघ के अध्यक्ष सहित समाज सेवी विकास ओझा, रवि ढींगरा पूर्व आयकर अधिकारी रामावतार ओझा, वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा आदि उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पत्रकार बालमुकुंद ओझा सम्मानित



**जयपुर**। वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज ने बुधवार को पत्रकारिता,जनसंचार और लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार और लेखक बाल मुकुंद ओझा को सम्मानित किया। रविकाश के निदेशक रवि ढींगरा ने बताया की वरिष्ठ पत्रकार ओझा पिछले 50 से भी अधिक वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रीय है। इस अवधि में देश और प्रदेश के दर्जनों समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में विभिन्न सम सामयिक विषयों पर अपने लेखन के जरिये आमजन को जागरूक किया। रविकाश के संस्थापक निदेशक विकास ओझा ने बताया की रविकाश फाइनेंसियल ने पिछले वित्त वर्ष में 350 करोड से अधिक के कर्ज विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को उपलब्ध कराएं।

### स्वेज फार्म में योग शिविर आयोजित



**जयपुर**। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिविल राइट्स सोसायटी राजस्थान के द्वारा सावित्रीबाई फुले सामुदायिक भवन स्वेज फार्म के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के द्वारा सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक शंकर तवर ने बताया कि इस योग शिविर का आयोजन संस्था के प्रदेशाध्यक्ष एम पी सैनी के निर्देशन में किया गया है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक अखिलेश कुमार सक्सेना, मेडिकल काउंसलर डॉ. संदीप अरोड़ा, वरिष्ठ डायटीशियन डॉ. कृतिका माथुर और वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. सुभाष राजपूत ने साधकों को स्वास्थ्य, आहार और जीवन शैली के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई। इस योग शिविर में संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य और अनेक पुरुष और महिलाओं ने भाग लिया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा योग शिविर में भाग लेने वाले सभी को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

### बच्चों ने किया योगाभ्यास



**जयपुर**। अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन वर्ड वन हैल्थ थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को स्टाफ, मरीजों के परिजनों और बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल के निर्देशन में सभी ने पूरे जोश के साथ योगाभ्यास क्रार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों ने विशेष रूप से विभिन्न योग क्रियाओं द्वारा सबको आकर्षित किया। योग ट्रेनर राजेश ने विभिन्न योग क्रियाएं करवाई। चिकित्सा अधीक्षक ने बच्चों को योग का महत्व बताते हुए उन्हें पुरुस्कार भी वितरित किये। नोडल ऑफिसर डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि हॉस्पिटल में नियमित योग कराया जाता है जिसमे मरीजों एवं उनके परिजनों को इनका सीधा लाभ मिलता है।

### 'निर्यात बढ़ाने का अभियान चलाएंगे'

**जयपुर**। राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) बोर्ड मीटिंग बुधवार को उद्योग भवन में आयोजित की गई। आरईपीसी एवं राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोडा की अध्यक्षता में आयोजित इस बोर्ड मीटिंग में अनेक अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजीव अरोडा ने कहा कि जोधपुर में मार्च में राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो के सफल आयोजन को देखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में विश्वस्तरीय कन्वेंशन एवं एक्जीबिशन सेंटर बनाने की घोषणा की थी। इस पर बुधवार को बोर्ड मीटिंग में कन्वेंशन एवं एक्जीबिशन सेंटर बनाने पर चर्चा की गई। इसके लिए विश्व की प्रमुख कम्पनियों में से किसी एक का चुनाव कर उनसे कन्वेंशन सेंटर के निमार्ण की व्यवहार्यता के लिए सुझाव लिये जायेंगे। राजीव अरोडा ने बताया कि आरईपीसी में नये सदस्यों को जोडने और इससे मिलने वाले लाभ को प्रत्येक सम्भाग एवं जिले के निर्यातकों तक पहुंचाने के लिए आरईपीसी संभाग एवं जिला स्तर पर कैम्पेन चलाये जायेंगे। आगामी दो वर्षों में राजस्थान से निर्यात एक लाख करोड़ रूपयों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। वर्तमान में आरईपीसी के सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए आरईपीसी द्वारा स्पेशल इकनोमिक जोन, सीतापुरा सेज-1, सेज-2, महिंद्रा सेज में 15 दिन की मुहिम चलाई जाएगी।

### लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व होगा विकसित

**जयपुर**। राज्य सरकार प्रदेश में वन क्षेत्र विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पाली के गोडवाड देसुरी में लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व विकसित करने तथा सिरोही के संरक्षित वन क्षेत्र वाडाखेडा में विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत ने इन कार्यों के लिए लगभग 5.15 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। गोडवाड़ देसुरी में 2 करोड़ रुपए की लागत से लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व विकसित किए जाने के कार्य होंगे।



## World Rainforest Day

The rainforests are keeping our planet alive. They're home to half the world's animal species, they provide us with freshwater, and are essential for keeping our climate stable. Yet every second, one and a half hectares is lost, while each year, 78 million hectares of precious rainforest are destroyed. That's why World Rainforest Day has been created to take decisive action to combat deforestation, reduce the effects of climate change, and protect our rainforests for future generations.



*We have introduced a new format that showcases the works of many Jaipur artists and professionals we think should be brought to the attention of our readers. We start with the works of Nihal Mathur and his unique stamp presentations. He tells the Story of Flight by arranging his stamps in historically sequential order to tell the tale. There are in all 38 presentations that takes the reader from the beginning made by the early pioneers and ends with modern aircrafts today.*

*-Editor*




Concept and Design by Nihal Mathur
Computer Graphics by Bharat Kumawat



**Nihal Mathur,** *Filmmaker, Writer*

Nihal's childhood was spent in the sylvan surroundings of his home in Alwar in the late 50s and early 60s.. It was a large PWD bungalow surrounded by a huge wooded estate full of different birds and animals, especially snakes! From his parents he and his siblings imbibed a love for wilderness and wildlife. Then the family moved to Jaipur. After college Nihal was adrift for several years unsure whether to follow the conventional path or pursue his heart. In between writing competitive exams (he flunked them all!) and looking for jobs in the private sector, he often 'escaped' into the nearby forests of Sariska, not to see wildlife but to reflect & ponder the existential questions he had raised. He would often take a bus to Sariska and then literally walk through the reserve, camping out in wild and lonely places like Naldeshwar, Kankwari, Neelkanth and of course Pandu Pol in the heart of the core area. Bhanwar Singh the legendary forest guard at Kali Ghati, made sure a local person who knew the forest, always accompanied him in his forays into the forest. But the tiger always eluded him. It was in Rathambhore Nihal had ample opportunity to see and photograph tigers. This was in the early years of the Park when Fateh Singh Rathore was the Field Director. Diana Wordsworth, his muse, greatly encouraged Nihal to write and would often correct the text of his stories. And it was 'Fatji' who introduced Nihal to the BBC and that marked a departure from wildlife to films and professional writing. He worked out of Delhi for almost twenty years and then returned to the forests once again after he bid farewell from professional life. He went to live in a small 2 room accommodation at the edge of Todgarh Raoli Wildlife sanctuary where he formed a society called Ecopanions. By then his health issues forced him back to Jaipur. Since then he has been organizing his humongous collection of stamps…..




# Deadly Flying Machines

First World War began with primitive unarmed aircrafts that were primarily used for reconnaissance but by the time the war ended there were sleek fighters and heavy bombers. Germany, Britain and France led the way in aircraft development creating iconic aircrafts like the SPAD, Sopwith Camel and the scourge of allied pilots, the German Fokker. This was the time when air-to-air combat was just beginning as the machine guns were added to the aircrafts. Soon the aircrafts became deadly flying machines that engaged the enemy in aerial combat called 'dogfights' that raged over the European skies. Since the guns could not be positioned in front of the pilot because the propellers obstructed that path, there was a lack of accuracy in aiming at the enemy. It was Fokker, a Dutch designer who invented a system that allowed the machine gun to fire through the propellers by syncing it with the timing the engine that found the gap between the turning propellers. Fitted with synchronization gear, the Fokker Dr I pilots like Manfred von Richthofen or the legendary the 'Red Baron' became heroes. The war came as a shot in the arm for budding aircraft industry. Suddenly there was a demand for aircrafts. Etrich Taube was the first aircraft that was mass produced in Germany but the preeminent fighter during German aerial dominance was the Albatross and the Fokker Dr 1 with three wings, which the Red Baron and other ace pilots preferred flying. Gotha was the German long range heavy bomber. The French had the largest fleet with their militarized versions of the Farmans, Voisins, Caudrons, Breguets, Bleriots and Niuports while the British had their Sopwith Camels, Avro 504 and the BE.2s made in the Royal Aircraft Factory. Other European countries had mostly French aircrafts but the Russians had their own Ilya Murmometz, a huge bomber made by Sikorsky. By the time the war ended, both sides had thousands of planes and experienced pilots to fly them. A new age in aircraft design and production was coming.

# पूर्व मंत्री नसीम के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग

## जिला महिला कांग्रेस की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

**अजमेर, (कासं)।** विकास अधिकारी द्वारा कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर व पति समेत करीब 15-20 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजकार्य में बाधा डाले एवं बलवा करने के आरोप में दर्ज करवाये गये मुकदमे वापस लेने एवं बीडीओ चौहान के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करते हुए जिला महिला कांग्रेस की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार विकास अधिकारी द्वारा कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर व पति समेत करीब 15-20 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजकार्य में बाधा डाले एवं बलवा करने के आरोप में दर्ज कराये गये मुकदमे वापस लेने एवं बीडीओ चौहान के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करते हुये जिला महिला कांग्रेस की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और नसीम के समर्थन में महिलाओं ने मुकदमे को झूठा बताते हुए बदले की भावना से यह मुकदमा दर्ज कराया। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा वापस लेने व बीडीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ए.आई.सी.सी. सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ के खिलाफ अजमेर में झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। नसीम ने बी.डी.ओ. की 2 साल में 12 बार पंचायती राज मंत्री व मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करवाई। इससे नाराज होकर बदले की भावना से झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इससे समस्त महिला संगठनों में गहरा रोष व्याप्त है। महिला संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो महिलाओं संगठनों द्वारा राजस्थान में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

गौरतलब है कि ब्लॉक स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर में हंगामा करने के मामले में पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, उनके पति कांग्रेस नेता हाजी इंसाफ अली व पुत्र समेत 15-20 जनों के खिलाफ सिविल लाइन थाने मे दर्ज मुकदमे में विकास अधिकारी की ओर से राजकार्य में बाधा डालने व अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं।



अजमेर कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध-प्रदर्शन करती महिला कांग्रेस कार्यकर्ता।

- महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# अजमेर में दरगाह के बाहर जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत

**अजमेर, (कासं)।** राधा और श्रीकृष्ण की युगल मूर्ति के प्रतीक स्वयं श्री जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा अजमेर में धूमधाम से निकाली गई। गंज घाटी स्थित जगदीश मंदिर से रवाना हुई यह रथ यात्रा जब ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर पहुंची तो दरगाह से जुड़े मुस्लिम प्रतिनिधियों ने पूरी अकीदत के साथ स्वागत किया।

मुस्लिम एकता मंच के प्रतिनिधि नवाब हिदायत उल्ला ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का स्वागत दरगाह के बाहर कई वर्षों से होता आ रहा है, हमने भी इसी परंपरा को निभाया है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह दुनिया भर में सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल है। दरगाह के बाहर भगवान जगन्नाथ का स्वागत सद्भावना के माहौल को और मजबूत करता है। स्वागत करने वालों में पीर नफिया मियां चिश्ती, गफ्फार काजमी, सैय्यद अलतमश, हाजी फय्याज (एडवोकेट), काजी मुनव्वर अली, मोहम्मद इकबाल, सैय्यद अनवर चिश्ती, सैयद दुर्रेज मदनी, हक नवाज चिश्ती, सलीम बना, सैयद फैजले जमीन चिश्ती, सामी उस्मानी, अहसान मिर्जा, जुल्फिकार जीशन चिश्ती, गुलाजार चिश्ती सलमान खान, अब्दुल नईम खान आदि शामिल रहे।

रथ यात्रा की आयोजक संस्था श्री अग्रवाल पंचायत मारवाड़ी धड़ा के प्रतिनिधि नरेंद्र डिडवानिया, संजय कंदोई, दिनेश परनामी आदि ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण करते हुए जनकपुरी में अपनी मौसी के घर आते हैं। हमने भी इसी मान्यता के अनुरूप भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण करवाया और फिर गंज स्थित जनकपुरी में प्रतिमाओं को स्थापित किया है। अब जनकपुरी में आगामी 28 जून तक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 28 जून को पुनः भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को जगदीश पुरी मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इन सात दिनों में जनकपुरी में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों के पश्चात प्रसाद का वितरण भी होगा।



दरगाह से जुड़े मुस्लिम प्रतिनिधियों ने रथ यात्रा का स्वागत किया।

## धार्मिक स्थल तोड़ने का विरोध

**जोधपुर, (कासं)।** सिद्धनाथ पहाड़ी के समीप कुछ दिन पहले वन विभाग और पुलिस की टीमों ने अतिक्रमण मानकर जहां कार्रवाई की थी वहां धार्मिक स्थल होने का दावा करते हुए संत समाज के लोग विरोध करने लगे हैं। जोधपुर शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ रोड पर एक धार्मिक स्थल पर हुई प्रशासन की कार्रवाई को लेकर अब संत समाज विरोध में उतर आया है। संतों ने यहां धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और वन विभाग ने किसी के दबाव में आकर यहां कार्रवाई की है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने मिलकर यहां की मूर्तियों को तोड़ दिया जिससे संत समाज में रोष है। उन्होंने संत समाज की मांगे नहीं मानने पर देशभर के साधु संतों के साथ आंदोलन की चेतावनी दी। इधर संतों के विरोध के बीच पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा।औघड़नाथ महाराज ने बताया कि यहां पर हरिओम बाबा का 100 साल पुराना प्राचीन धुना था।

# सी.एम. ने किया बिपरजॉय प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे

**जालोर/पाली।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को पाली जिले में बिपरजॉय चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। उन्होंने पाली सर्किट हाउस में प्रभावित लोगों से मुलाकात की। गहलोत ने सभी से आत्मीयता से बात कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित राहत पहुंचाने व सर्वे कराकर नियमानुसार मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।

जालोर जिले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दो दिवसीय दौर के दौरान सांचौर पहुंचे। मंगलवार रात्रि को सर्किट हाउस में देर रात्रि को सीएम ने वन टू वन पदाधिकारियों की बैठक ली। सीएम का मंगलवार रात्रि को सर्किट हाउस में विश्राम रहा। बुधवार को प्रेस वार्ता में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को साथ लेकर चुनाव लड़ने के प्रश्न पर चुप्पी साधते हुए सभी मिलकर चुनाव लड़ने की बात कर टालते नजर आये। सीएम की तबीयत खराब होने के कारण बैठक करीब ढाई घंटे देरी से शुरू हुई। करीब रात्रि साढे नौ बजे सीएम गहलोत एक निजी होटल में पहुंचे तथा बैठक को सम्बोधित कर आगामी चुनाव में एकजुट होकर चुनाव लडने का आव्हान किया।

मंगलवार रात्रि को सीएम आगामी चुनाव को लेकर सचिन पायलट के खिलाफ कैम्पेनिंग करते नजर आये। सचिन के नजदीकी भीनमाल के पूर्व विधायक समरजीतसिंह को पूरी तव्वजो देते नजर आये। जालोर में सीएम का प्रवास होने पर जालोर सिरोही सांसद देवजी पटेल उनसे मिलने पहुंचे, लेकिन बिना एपोयमेंट के सांसद के सीएम से मिलने सर्किट हाउस जालोर पहुंचने पर सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें सीएम से मिलने नहीं दिया। सांसद करीब दो घंटे इंतजार करने के बाद नाराज होकर सीएम से बिना मिले सर्किट से चले गये।

## पेड़ से गिरने से एक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव ददरेवा की रोही में बुधवार सुबह अपने खेत में खेजड़ी की कटाई करते समय खेजडी के पेड से गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसका राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। राजगढ़ थाने में दर्ज प्रकरण में राजेश कुमार पुत्र श्यामलाल ब्राहम्ण निवासी ददरेवा ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसके पिता श्यामलाल पुत्र भीवांराम उम्र 51 साल बुधवार को सुबह उनके खेत में कृषि कार्य करने के लिए गये थे तथा उसके पिता खेत में जाकर खेजडी के पेड पर चढकर कटाई का कार्य कर रहे थे। उसी दौरान उसके पिता श्यामलाल खेजड़ी से गिर गये। तभी उसके पिता को उसके ताऊ बनवारीलाल पुत्र दुलाराम खेत से घायलावस्था में लेकर आ रहे थे, तभी बीच रास्ते में ही उसके पिता की मौत हो गई। राजगढ़ थाने के एएसआई विजय सिंह ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया।

# अधिवक्ता के घर में हुई डकैती का खुलासा, सात गिरफ्तार

## सोये हुए परिवार को हथियार दिखाकर लाखों की लूट की थी

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल शहर में सिवाना रोड पर आदर्श कॉलोनी में रहने वाले अधिवक्ता सुरेश चौधरी के घर में घुस कर सोये हुए परिवार को हथियारों के बल पर लाखों की लूट करने वाली अन्तर्राजीय गैंग का राजफाश करने में पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए सात बदमाशों को पकड़ लिया है जबकि उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। डीएसपी जयप्रकाश बैनीवाल ने बताया कि गत 18 जून के दरम्यान रात्रि को दो ढाई बजे बदमाशों की गैंग ने सिवाना रोड पर आदर्श कॉलोनी रहने वाले अधिवक्ता सुरेश चौधरी के मकान में हाइड्रोलिक कटर से खिड़की को काट कर प्रवेश करने के बाद हथियार का भय दिखाकर मारपीट की और अलमारी में रखे जेवरात व नकदी लूट कर भाग गए थे।

उन्होंने बताया कि डकैती की गंभीरता दृष्टिगत रखते हुए भिवाड़ी के जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व एएसपी जगराम मीणा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पुलिस की विशेष टीम गठित की गई और ख़ास मुखबिरों को अलर्ट कर आसूचना एकत्रित करते हुए लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई। उन्होंने बताया कि बुधवार को मुखबिर खास की सूचना पर सिवाना की पहाड़ियों में छुपे हुए शंकरलाल श्याम बाबू, मनोज, संतोष, विरंच, विजय उर्फ जौनी कर्ण उर्फ़ कटवा पारदी निवासी बिलाखेडी थाना धरनावदा जिला गुना मध्यप्रदेश को घटना में प्रयुक्त एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर, हाइड्रोलिक कटर, लकड़ी के डंडे,सरिये और लूटे गए माल व नकद 10,180 रुपए सहित बापर्दा गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया गिरोह एक ही गांव का है, जो सुनियोजित तरीके से रैकी करने के बाद लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता है और एकराय होकर अन्तराज्यीय गैंग में काम करते हैं, जो कच्छा गैंग के नाम से कुख्यात है।



पुलिस की गिरफ्त में अन्तर्राजीय गैंग के सदस्य।

# 26 घंटे लगातार अखण्ड सूर्य नमस्कार में जोशीला प्रदर्शन

**जोधपुर, (का.सं.)।** 9वें विश्व योग दिवस के अवसर पर 26 घण्टे लगातार अखण्ड सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड जोधपुर में बनने जा रहा है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जोश और उत्साह देखते ही बनता है।

- आयुर्वेद वि.वि. के छात्र एवं शिक्षक, आज रचेंगे विश्व रिकॉर्ड

आज शहर के हृदय स्थल घन्टाघर पर प्रातः 8.30 बजे आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति के साथ जोधपुर उत्तर की महापौर कुन्ती देवड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश जोशी तथा स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि लियाकत अली द्वारा अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कुलपति प्रो प्रजापति एवं कुलसचिव सीमा कविया ने इस अवसर पर आगंतुक अतिथिगण का पुष्पगुच्छ और साफा पहनाकर स्वागत किया। स्वयं कुलपति प्रो प्रजापति ने शुभारम्भ सत्र में 13 सूर्य नमस्कार किए। दोपहर को पधारे जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने सूर्य नमस्कार कर रहे छात्र छात्राओं का हौंसला बढ़ाया। कुलसचिव कविया ने बताया कि प्रातः 8.30 बजे आरंभ हुए अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थीगण और शिक्षकगण उत्साहपूर्वक बारी बारी से सूर्य नमस्कार का निरन्तर प्रदर्शन कर रहे हैं , जो रातभर जारी रखते हुए गुरूवार प्रातः 10.30 बजे सम्पन्न होगा। इस प्रकार 26 घण्टे निरन्तर दिन-रात अखण्ड सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है।



छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम।

## पुलिसकर्मी के विरूद्ध वारंट जारी

**बीदासर, (निसं)।** पुलिसकर्मी विद्याधर चौधरी के विरूद्ध चर्चित रामप्यारी बनाम विद्याधर उनवान के प्रकरण में बीदासर न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने विद्याधर चौधरी के विरूद्ध प्रसंज्ञान लेकर जमानती वारंट जारी किया है। परिवादिया रामप्यारी ने जानकारी देते हुए बताया इस प्रकरण में प्रोटेस्ट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश मनमोहन चंदेल ने प्रोटेस्ट पिटीशन व थाना बीदासर द्वारा एफआईआर नम्बर 5/23 में पेश की गई अंतिम रिपोर्ट के आधार विद्याधर चौधरी तत्कालीन रीडर एचएचओ थाना बीदासर एफ.सी. 439 के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं में वर्णित अपराध में प्रसंज्ञान लेकर जमानती वारंट से तलब किया है।

# गहरे गड्ढे में डूबने से बालक की मौत

**भीनमाल, (निसं)।** जालोर जिले में भीनमाल थानांतर्गत निकटवर्ती देलवाड़ा गांव में बरसाती पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में पैर फिसलने से एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह चम्पावत ने बताया कि देलवाड़ा निवासी दिनेश कुमार पुत्र पताराम जाति भील निवासी देलवाड़ा ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसके 10 वर्षीय पुत्र शेराराम की आज दोपहर में करीब एक बजे बरसाती पानी के गहरे गड्ढे में पैर फिसल जाने से पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। पिता दिनेश कुमार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर बाद कार्यवाही शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सुपुर्द किया गया।

वहीं जोधपुर शहर के बालसमंद स्थित खनन एरिया में इक्ट्ठे हुए बारिश के पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई ने इस बारे में अब पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी है। मंडोर पुलिस ने बताया कि मूलतः नागौर जिले के गच्छीपुरा स्थित मोडीबीका निवासी 22 साल का गोविंदराम मेघवाल यहां बालसमंद में एरिया में रहता था। वह बालसमंद इलाके में खनन एरिया में गड्ढे में भरे पानी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना में उसके भाई राकेश मेघवाल की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

## मंदिर में हुई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

**बीदासर, (निसं)।** निकटवर्ती गांव चरला में स्वर्गीय द्वारका प्रसाद जोशी की धर्मपत्नी तुलसी देवी जोशी, पवन, विकास एवं रामपाल जोशी द्वारा तकरीबन ढाई सौ साल पुराने ऐतिहासिक ठाकुर जी के मंदिर में शिव-परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर गांव की सैकड़ों महिलाएं व पुरुषों ने कलश यात्रा के जुलूस में डीजे पर नाचते गाते हुए भाग लिया। गौरतलब है कि मंदिर पर पिछले वर्षों में आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन ठाकुर जी की मूर्तियों के खरोंच तक नहीं आई। इस मौके पर सांडवा उप सरपंच शिव शंकर पारीक, आशाराम गोदारा, सीताराम जोशी, सत्यनारायण जोशी, जगदीश प्रसाद जोशी गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## छह मंदिरों में चोरी

**देवली, (निसं)।** मंगलवार रात चोर शहर के अलग-अलग शिव मंदिरों में स्थापित नाग देवता की ताम्र मूर्ति चुराकर फरार हो गये। शहर में हुई चोरी की वारदातों का पता सुबह श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने पर लगा। यहां श्रद्धालुओं को पुलिस थाने के चौथ माता सहित शहर के अन्य मंदिरों से शिवलिंग पर रखे नाग देवता की मूर्ति गायब मिली। श्रद्धालुओं के अनुसार शहर के जगदीश धाम स्थित शिव मंदिर, छतरी चौराहा स्थित शिव मंदिर, दशहरा मैदान के पास स्थित नृसिह भगवान शिव पंचायत, साकेत कॉलोनी शिव पंचायत, पुलिस थाना परिसर के अंदर चौथ माता मंदिर सहित आधा दर्जन शिव पंचायतों के शिवलिंग व आसपास रखे ताम्र नाग मूर्तियों की चोरी करके बेखौफ चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया है। यहां पुलिस थाना परिसर के चौथ माता मंदिर सहित शहर के आधा दर्जन मंदिरों में एक साथ हुई चोरी की वारदात से श्रद्धालु भी हतप्रभ रह गए। इस मामले की सूचना पर देवली थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद समेत पुलिसकर्मियों ने वारदात स्थल पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया तथा साक्ष्य जुटाकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# एस.डी.एम. व तहसीलदार से की शिकायत

- हाथ ठेला विक्रेताओं द्वारा बाजार की सड़कों पर फैलाई जा रही है गंदगी
- ग्राम पंचायत को दिए सख्त निर्देश

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले में सैंपऊ कस्बे के बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर आए दिन आवागमन में हो रही परेशानी से जूझ रहे लोगों और बाजार में चाट फल सब्जी विक्रेताओं द्वारा बीच सड़क पर सब्जी और गंदगी डालकर बाजार में हो रही दुर्गंध की समस्या की शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा उपखंड अधिकारी रेखा मीणा और तहसीलदार देवेंद्र तिवारी से की गई। जिसमें बताया कि दुकानदार शाम को अपनी दुकानों से डस्टबिन को बीच सड़क पर ही गंदी कर देते हैं।

वहीं कुछ दुकानदार डस्टबिन नहीं रखते और गंदगी सड़क पर फैलाते हैं, जिससे आवागमन के साथ-साथ आवारा पशुओं का जमावड़ा रहने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वहीं कचरा नाले में भी डाल कर अवरुद्ध कर देते हैं, जिससे बारिश के समय में समस्या गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी रेखा मीणा ने ग्राम पंचायत सरपंच अर्जुन कुशवाह को दुकानदारों को सड़क पर कचरा नहीं फैलाने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा है कि 2 दिन में अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पीसीसी सदस्य सत्य प्रकाश शर्मा, कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हरि सिंह परमार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नहर अध्यक्ष योगेश तिवारी, आकाश परमार आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता ने फांसी लगाई

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र के बर का पुरा राजघाट गांव में 24 साल की महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना मिलते ही सागर पाड़ा चौकी प्रभारी नरेश पोसवाल मौके पर पहुंच गए। जहां से विवाहिता के शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। इसके बाद पीहर पक्ष के लोगों को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि मृतक महिला कोमल उर्फ़ गुड़िया पुत्री कोच्चि निवासी आगरा की शादी 3 वर्ष पूर्व बर का पुरा निवासी जयसिंह के साथ हुई थी। महिला का पति ट्रक ड्राइवर था जो 10 दिन पहले ही घर आया था। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक महिला के पति से पूछताछ में पता चला है कि देर रात को महिला और उसके पति ने ऑनलाइन गले के हार की शॉपिंग भी की थी। जिसके बाद महिला पति के साथ कमरे में सो गई। सुबह के पहर बच्ची के रोने की आवाज पर जब पति जागा तो उसे महिला फांसी के फंदे से लटकी मिली। पीहर पक्ष के पहुंचने के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# सुजला जिला बनाओ आंदोलन को फिर किया जायेगा तेज

## 81वें दिन भी गांधी चौक सभा मंच पर धरना जारी रहा

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजला जिला बनाओ आंदोलन के तहत 81वें दिन भी बुधवार को गांधी चौक सभा मंच पर धरना जारी रहा। जिसमें सभी ने तय किया कि 27 जून से सुजला जिला बनाओ आंदोलन को पुनः और तेज किया जाएगा। सुजला जिला बनाओ संघर्ष समिति के भंवर लाल गिलाण ने धरने को मोहल्लों व गांवों में भी शुरू करने का आव्हान किया।

भूख हडताल पर रहे युवा व्यापारी मनोज प्रसाद रैगर ने धरने को संबोधित करते हुए सुजला जिले के आंदोलन में सहयोग करने वालों का आभार जताया। साथ ही कहा कि इस बार के विधानसभा चुनावों में जनता राजनेताओं की झूठी बातों में नही आयेगी। धरने में ओमप्रकाश सेवादार, युसुफ गौरी, गोविंद जोशी, सर्व समाज श्रमिक संघ के संयोजक एडवोकेट तिलोकचंद मेघवाल, अब्दुल वकास गोरी, दिनरमल सेन, किशोर सिंधी, अब्दुल वाहिद, असलम खिलजी, मोहित खडोलिया, विनय कुमार प्रजापत, राजकुमार नाई आदि शामिल हुए। खुशहाली सत्याग्रही विजयपाल श्योराण ने विभिन्न लोगों द्वारा आए सुझावों को सभी के सामने चर्चा हेतु रखा।




सुजानगढ़ के गांधी चौक में चल रहे धरने में मौजूद आंदोलनकारी।



योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। व्यक्तिगत रूप से यह मुझे बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है और खास तौर पर मुझे विश्व कप के दौरान लगी चोट के बाद योग ने ठीक होने में मदद की थी। - **हार्दिक सिंह**

**भारतीय हॉकी टीम के कप्तान, अपनी चोट को लेकर।**

**आज का खिलाड़ी**

**वीनस विलियम्स**



**वीनस विलियम्स** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग में 24वीं बार हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की इस 43 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार को वाइल्ड कार्ड से इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया। वीनस विंबलडन में पांच बार की एकल चैंपियन हैं। दुनिया की 697वें नंबर की खिलाड़ी वीनस ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक में 48वें नंबर की कैमिला जियॉर्जी को 7-6 (5), 4-6, 7-6 (6) से हराया था। यह शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ लगभग चार साल में उनकी पहली जीत थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तान खिलाड़ी बने।

## छेत्री की हैट्रिक के आगे पाक ने घुटने टेके



बेंगलुरु, 21 जून। कप्तान सुनील छेत्री की हैट्रिक के दम पर भारत ने सैफ चैंपियनशिप के पहले मैच में बुधवार को पाकिस्तान को 4-0 से मात दी। कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में छेत्री ने 10वें, 16वें और 74वें मिनट में गोल किये। भारत का चौथा गोल उदंत सिंह कुमम ने 81वें मिनट में जमाया। तीन दिन पहले इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान के विरुद्ध भी उसी आत्मविश्वास के साथ शुरुआत की। संदेश झींगन ने दूसरे मिनट में पाकिस्तान के बॉक्स में क्रॉस भेजा, जिसे छेत्री गोल में नहीं बदल सके। मैच के आठवें मिनट में पाकिस्तान के गोलकीपर हनीफ ने बॉल सीधा छेत्री को पास की, हालांकि भारत के कप्तान उनकी इस बड़ी भूल का फायदा नहीं उठा सके। भारत के लिये हालांकि पहले गोल का इंतजार जल्द ही खत्म हुआ और 10वें मिनट में छेत्री ने पाकिस्तानी गोलकीपर की गलती का फायदा उठाकर स्कोर 1-0 कर दिया।

पाकिस्तान का लचर प्रदर्शन उसके लिये एक बार फिर तब भारी पड़ा जब 15वें मिनट में अनिरुद्ध थापा का गोल रोकने की कोशिश में पाकिस्तानी डिफेंडर का हाथ बॉल से लग गया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और छेत्री ने इसे गोल में बदलने में कोई चूक नहीं की।

पाकिस्तान के लिये मैच का पहला प्रहार 20वें मिनट में ओटिस जान ने किया, लेकिन भारतीय बॉक्स में पहुंचते ही वह गेंद गंवा बैठे। अगले ही मिनट झींगन और इक़बाल के बीच द्वंद देखने को मिला, जिसे पाकिस्तानी डिफेंडर ने जीतकर गेंद पर कब्ज़ा किया। ओटिस ने 37वें मिनट में मिले कॉर्नर पर शानदार क्रॉस खेला लेकिन गोलकीपर अमरिंदर ने उससे भी बेहतर अंदाज में गेंद को नेट तक पहुंचने से रोका।

भारी बारिश के तले खेलते हुए भारत 2-0 की बढ़त के साथ पहले हाफ का समापन कर ही रहा था कि तभी भारतीय कोच इगोर स्टिमाच और पाकिस्तानी कोच शहज़ाद अनवर के बीच झड़प हो गयी। रेफरी ने स्टिमाच को रेड कार्ड जबकि शहज़ाद को येलो कार्ड दिखाया। यह लड़ाई कुछ खिलाड़ियों तक भी बढ़ गयी जिसके बाद झींगन और पाकिस्तानी खिलाड़ी नबी को भी येलो कार्ड दिखाया गया।

इस झड़प से हालांकि भारत के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा और उसने हाफ टाइम के बाद भी मुकाबले पर अपना वर्चस्व कायम रखा। मैच के 74वें मिनट में मिली पेनल्टी पर गोल करके छेत्री ने भारत की बढ़त 3-0 की, जबकि आधिकारिक समय के अंतिम 10 मिनटों में पहुंचते ही उदंत ने भारत का चौथा गोल कर दिया। पाकिस्तान को 85वें मिनट में फ्रीकिक मिली, जो इस मैच में गोल के करीब उसका आखिरी प्रयास साबित हुआ। प्रतिस्थापन खिलाड़ी लिस्टन कोलाको ने अंतिम मिनटों में पाकिस्तान को लगातार परेशान करते हुए भारत की 4-0 की जीत सुनिश्चित की।

## टेस्ट रैंकिंग के शिखर पर पहुंचे रूट

दुबई, 21 जून। पहले एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की दो विकेट की हार के बावजूद अनुभवी बल्लेबाज जो रूट टेस्ट रैंकिंग के शिखर पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, रूट 887 रेटिंग प्वाइंट के साथ पहले स्थान पर आ गए हैं, जबकि छह महीने से शीर्ष पर काबिज़ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन तीसरे स्थान पर फिसल गए हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पहली पारी में अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ते हुए नाबाद 118 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 46 रन का योगदान दिया। लाबुशेन दोनों पारियों में कुल 13 रन ही बना सके, हालांकि उनकी टीम ने मंगलवार को यह रोमांचक टेस्ट दो विकेट से जीत लिया। लाबुशेन के खराब प्रदर्शन के कारण न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन (883) दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। लाबुशेन के हमवतन ट्रैविस हेड (एक पायदान गिरकर चौथे स्थान पर) और स्टीव स्मिथ (चार स्थान गिरकर छठे स्थान पर) को भी खराब प्रदर्शन का खामियाजा टेस्ट रैंकिंग में नीचे गिरकर भुगतना पड़ा है। इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ मैच जिताऊ पारियां खेलकर करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर पहुंच गए। पहली पारी में शतक (141) जड़ने वाले ख्वाजा ने दूसरी पारी में 65 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में बहुमूल्य योगदान दिया था।

## धीमी ओवर गति के लिये ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड पर लगा जुर्माना

बर्मिंघम, 21 जून। पहले एशेज़ टेस्ट में धीमी ओवर गति बरकरार रखने के लिये ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईसीसी ने बताया कि दोनों टीमों के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो अंक भी काटे गये हैं। आईसीसी मीडिया विज्ञिप्त के अनुसार, आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने दोनों टीमों के अपने लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने के कारण दो-दो अंक काटने का निर्णय लिया। आईसीसी के नियमों और आचार संहिता के अनुच्छे 2.22 के अनुसार निर्धारित समय के भीतर धीमी गति से गेंदबाज़ी करने पर खिलाड़ियों की मैच फीस में से 20 फीसदी जुर्माने का प्रावधान है। पहले एशेज़ टेस्ट में दोनों टीमें अपने निर्धारित समय में पूरे ओवर डालने में असफल रहीं। कप्तान पैट कमिंस और बेन स्टोक्स ने धीमी गेंदबाज़ी के आरोपों को स्वीकार कर लिया, इसलिए इस मामले में कोई औपचारिक सुनवाई नहीं की गयी। मैदानी अंपायर अहसान रजा और मराइस इरास्मस, तीसरे अंपायर क्रिस गैफनी और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने दोनों टीमों पर यह आरोप लगाये थे।

## प्रणय और कश्यप ताइपे ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में

ताइपे, 21 जून। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21-11 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टॉमी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21-15 21-16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे।

## विश्व कप में आयोजन स्थल बदलवाने की पाक की मांग खारिज

मुंबई, 21 जून। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के दो मैचों के आयोजन स्थल बदलने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की मांग को खारिज कर दिया है। क्रिकबज़ की ओर से बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई और आईसीसी ने मंगलवार को एक बैठक के बाद पीसीबी आवेदन को खारिज करने का फैसला लिया। पीसीबी को इस संयुक्त फैसले की जानकारी दी जा चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी ने चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ और बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आयोजन स्थल बदलने की मांग की थी। आईसीसी और बीसीसीआई ने पीसीबी को दिये गये संदेश में कहा है कि उनके पास इस समय आयोजन स्थल बदलने का कोई कारण नहीं है। आईसीसी प्रतियोगिताओं में आयोजन स्थल सुरक्षा कारणों से बदला जा सकता है, हालांकि पाकिस्तान ने अपने आवेदन में कोई कारण स्पष्ट नहीं किया था। उल्लेखनीय है कि 2016 में भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मैच को सुरक्षा कारणों से धर्मशाला से कोलकाता स्थानांतरित करना पड़ा था। पाकिस्तान के लिये चेन्नई और बेंगलुरु सबसे सुरक्षित विकल्प माने जाते हैं। पीसीबी के पूर्व प्रमुख नजम सेठी ने अहमदाबाद में भारत से खेलने को लेकर भी चिंता जताई थी, लेकिन उस अनुरोध पर भी विचार नहीं किया गया। बीसीसीआई और आईसीसी ने अभी तक एकदिवसीय विश्व कप के पूरा कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। क्रिकबज़ के अनुसार, यह घोषणा अगले सप्ताह मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान हो सकती है।

## भारत ने जीता इमर्जिंग एशिया कप

हांगकांग, 21 जून। श्रेयंका पाटिल (13/4) और मन्नत कश्यप (20/3) की शानदार गेंदबाज़ी के बदौलत भारत ए ने इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में बुधवार को बंगलादेश ए को 31 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन ही बना सका, लेकिन श्रेयंका और मन्नत की गेंदबाजी ने बंगलादेश को 96 रन पर ऑलआउट कर दिया। कनिका आहूजा ने भी चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए, जबकि तितास साधु ने एक विकेट चटकाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश को 128 रन का मामूली स्कोर हासिल करना था, लेकिन मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर भारतीय स्पिनर बंगलादेशी की टीम पर पूरी तरह से हावी रहे। बंगलादेश के लिए नाहिदा अख़्तर सर्वाधिक 17 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। शोभना मोस्टरी ने 16 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज शाथी राणा ने 13 रन का योगदान दिया।

इससे पूर्व, दिनेश वृंदा (29 गेंद, 36 रन) ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाज श्वेता सेहरावत (20 गेंद, 13 रन) और उमा छेत्री (20 गेंद, 22 रन) के छोटे स्कोर पर आउट होने के बाद मध्यक्रम भी असफल रहा, लेकिन कनिका आहूजा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाते हुए 30 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट खोने के बाद 127 के स्कोर तक पहुंचा दिया। कनिका ने 23 गेंद की पारी में चार चौके जमाए। भारतीय टीम मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल धुल जाने के बाद सेमीफाइनल में पहुंची थी। इस टूर्नामेंट में भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ मेजबान हांगकांग का सामना किया, जहां उसे नौ विकेट से जीत मिली। इसके अलावा भारत के अन्य तीनों मैच बारिश में धुल गए। उल्लेखनीय है कि बारिश ने पूरे टूर्नामेंट में खलल डाला, जिससे कुल आठ मैच रद्द हुए।

## टेस्ट में शीर्ष गेंदबाज बने हुए है अश्विन

दुबई, 21 जून। भारत के अनुभवी ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन टेस्ट गेंदबाजों की सूची में नंबर एक पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, अश्विन 860 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पायदान पर बरकरार हैं, जबकि इंग्लैंड के अनुभवी स्विंग गेंदबाज जेम्स एंडरसन (829) दूसरे पायदान पर उनसे काफी दूर हैं।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 16-20 जून के बीच खेले गये पहले एशेज़ टेस्ट के दौरान अपनी रेटिंग सुधारने का मौका था, लेकिन वह दो पारियों में सिर्फ एक विकेट ही चटका सके। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस एक पायदान गिरकर चौथी रैंक पर आ गये हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा अब तीसरे स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के मध्यम गति के गेंदबाज ओली रॉबिन्सन (पांचवां) और स्टुअर्ट ब्रॉड (10वां) दोनों शीर्ष 10 में एक पायदान ऊपर उठे हैं, जबकि उनकी टीम के साथी मोईन अली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगभग दो वर्षों में अपना पहला टेस्ट खेलने के बाद 52वें स्थान पर रैंकिंग में वापसी की है। इसी बीच, पहले एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की दो विकेट की हार के बावजूद अनुभवी बल्लेबाज जो रूट टेस्ट रैंकिंग के शिखर पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, रूट 887 रेटिंग प्वाइंट के साथ पहले स्थान पर आ गए हैं, जबकि छह महीने से शीर्ष पर काबिज़ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन तीसरे स्थान पर फिसल गए हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पहली पारी में अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ते हुए नाबाद 118 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 46 रन का योगदान दिया।

लाबुशेन दोनों पारियों में कुल 13 रन ही बना सके, हालांकि उनकी टीम ने मंगलवार को यह रोमांचक टेस्ट दो विकेट से जीत लिया।

## एशिया कप का हाइब्रिड मॉडल पाक के साथ अन्याय : जका अशरफ

इस्लामाबाद, 21 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष के रूप में वापसी करने के लिये तैयार ज़का अशरफ़ ने एशिया कप के 'हाइब्रिड मॉडल' को अन्याय करार देते हुए टूर्नामेंट को पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप के लिये टीम को पाकिस्तान भेजने से मना किया, जिसके बाद तत्कालीन पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव आगे रखा था। एशियाई क्रिकेट परिषद से मंज़ूरी पा चुके इस मॉडल के तहत एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे जबकि अन्य नौ मैचों की मेज़बानी श्रीलंका करेगा। क्रिकबज़ की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अशरफ़ ने इस मॉडल पर आपत्ति जताते हुए एसीसी से इसकी समीक्षा करवाने की बात कही है। अशरफ ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं इससे सहमत नहीं हूं। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अनुसार, टूर्नामेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित किया जाना चाहिए लेकिन प्रमुख मैच कहीं और खेले जा रहे हैं। नेपाल जैसी छोटी टीमें ही पाकिस्तान में खेलने वाली हैं। पाकिस्तान के साथ अन्याय हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने मंगलवार को अशरफ़ को पीसीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य के रूप में नामित किया था। पीसीबी में अध्यक्ष पद के चुनाव अभी हुए नहीं हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष आसिफ़ अली ज़रदारी के करीबी अशरफ़ का शीर्ष पद पर पहुंचना तय है। अशरफ ने कहा कि वह उपलब्ध सीमित समय में परिवर्तन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, मैं वह करने की कोशिश करूंगा जो कम से कम समय के भीतर पाकिस्तान के सर्वोत्तम हित में होगा। कई लंबित मुद्दे हैं, और मैं इस मामले में गहराई से नहीं जा रहा हूं क्योंकि मैंने आधिकारिक तौर पर पदभार नहीं संभाला है। अशरफ ने कहा कि उन्होंने भारतीय नेतृत्व से बात करने की योजना भी बनाई है। अशरफ के बयान पर बीसीसीआई या एसीसी के किसी सदस्य ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है, हालांकि इस समय एशिया कप के प्रारूप में बदलाव किये जाने की संभावना बहुत कम है।

## सैफ चैम्पियनशिप में कुवैत का विजयी आगाज

बेंगलुरु, 21 जून। कुवैत ने सैफ चैंपियनशिप 2023 के उद्घाटन मैच में नेपाल को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज़ किया। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में खालिद अल-इब्राहीम (23वां मिनट), शबीब अल खालिदी (41वां मिनट) और मोहम्मद अब्दुल्लाह दहाम (65वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। नेपाल का सांत्वना गोल अंजन बिस्ता ने 68वें मिनट में किया। विश्व रैंकिंग में 143वें स्थान पर मौजूद कुवैत 174वीं रैंक वाली नेपाल पर शुरुआत से ही हावी रही और 10 मिनट के अंदर दो बार गोल के मौके बनाये। कुवैत का दबदबा कुछ देर बाद स्कोरबोर्ड पर भी दिखा जब फवाज़ अलओतैबी ने नेपाल के बॉक्स में एक क्रॉस खेला। नेपाल के कप्तान और गोलकीपर किराम लिंबू इस मौके पर बॉल को पकड़ने के लिये आगे आये लेकिन खालिद ने हेडर मारकर बॉल को नेट में पहुंचा दिया।

## लीस्क ने आयरलैंड से जीत छीनी

बुलावायो, 21 जून। अनुभवी हरफनमौला माइकल लीस्क (61 गेंद, 91 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड ने एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को आयरलैंड को एक विकेट से मात दी। आयरलैंड ने स्कॉटलैंड के सामने 50 ओवर में 287 रन का लक्ष्य रखा। इस स्कोर का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के सात विकेट 152 रन पर गिर गये थे, लेकिन लीस्क ने आयरलैंड से जीत छीनते हुए अपनी टीम को पारी की आखिरी गेंद पर लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

स्कॉटलैंड क्वालीफायर में अपना पहला मैच जीतकर ग्रुप-बी तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि आयरलैंड दो मैचों में दो हार के साथ पांच मैचों के ग्रुप में चौथे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड का पहला विकेट मैथ्यू क्रॉस के रूप में मात्र छह रन पर गिर गया, लेकिन इसके बाद क्रिस्टोफर मैकब्राइड ने पारी संभाल ली। उन्होंने ब्रैंडन मैकमुलन (10) के साथ दूसरे विकेट के लिये 50 रन जोड़े, जबकि खुद 60 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन का योगदान दिया।

मैकब्राइड की अर्द्धशतकीय पारी के दम पर स्कॉटलैंड लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी लेकिन आयरलैंड ने लगातार विकेट चटकाते हुए मैच में वापसी की। स्कॉटलैंड का स्कोर कुछ ही देर में 90/2 से 122/6 हो गया। क्रिस ग्रीव्स ने पिच पर टिककर 25 गेंदें खेलीं लेकिन वह भी 20 रन का योगदान देकर आउट हो गये।

लीस्क ने स्कॉटलैंड की पारी को 152/7 से आगे बढ़ाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने का ज़िम्मा उठाया। उन्होंने सबसे पहले मार्क वॉट के साथ आठवें विकेट के लिये 82 रन की बहुमूल्य साझेदारी की। वॉट ने इस साझेदारी में 43 गेंद पर सात चौके लगाकर 47 रन का योगदान दिया।

लीस्क ने सफयान शरीफ (नौ गेंद, छह रन) के साथ नौंवे विकेट के लिये 50 रन जोड़े। स्कॉटलैंड को जब चार गेंद में तीन रन चाहिये थे तब सफयान आउट हो गये।

## 21 जुलाई को इंटर मियामी के लिये पदार्पण कर सकते हैं मेसी



मियामी, 21 जून। दो सप्ताह पहले फ्रांस के पैरिस सेंट जर्मेन क्लब का दामन छोड़ने वाले लियोनेल मेसी 21 जुलाई को मेक्सिको के क्रूज अजुल के खिलाफ लीग्स कप मैच में इंटर मियामी के लिये पदार्पण कर सकते हैं। अमेरिकी मेजर लीग क्लब के सह-मालिक जॉर्ज मास ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मेसी ने आठ मई को पीएसजी छोड़ने के बाद इंटर मियामी से जुड़ने की घोषणा की थी, जिसका आंशिक मालिकाना अधिकार इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम के पास भी है। पिछले साल अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताने वाले 35 वर्षीय फॉरवर्ड का पहला मैच फोर्ट लॉडरडेल के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में खेला जाएगा, जो अपनी क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा में सुधार के लिये पुनर्विकास कार्य के दौर से गुजर रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मेसी ने इंटर मियामी के साथ ढाई साल का अनुबंध किया है। वह कथित तौर पर एक वर्ष में पांच से छह करोड़ अमेरिकी डॉलर कमायेंगे।

जॉर्ज ने कहा कि मेसी का आगमन अमेरिका में फुटबॉल को हमेशा के लिये बदल देगा। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम जब भी अमेरिका में खेल के बारे में बात करेंगे तो मेसी के पहले और बाद का दौर अलग-अलग होगा।

## स्पेशल ओलंपिक : गीतांजलि ने जीता भारत का पहला स्वर्ण

बर्लिन, 21 जून। गीतांजली नागवेकर ने 2023 स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में 800 मीटर लेवल सी प्रतियोगिता में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता है। गीतांजली ने मंगलवार को आयोजित दौड़ को चार मिनट 31.40 सेकंड में पूरा करके सोना हासिल किया। गीतांजली के स्वर्ण के कुछ देर बाद भारत ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में भी रजत पदक जीता।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन भारतीय एथलीट हैंडबॉल, बैडमिंटन, पॉवरलिफ्टिंग, तैराकी और रोलर स्केटिंग में भी भाग लेते नजर आये। तैराकी में, दिनेश शनमुगम ने पुरुष 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल ए में 46.59 सेकंड के समय के साथ रजत जीता, जबकि दिन के अंत में, माधव ने 25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में तैराकी में भारतीय दल के लिये स्वर्ण पदक भी पक्का किया।

भारत के लिये दिन का असली आकर्षण केंद्र रोलर-स्केटिंग रिंक रहा, जहां भारतीय एथलीटों ने दो स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित आठ पदक जीते। रोलर-स्केटिंग में 30 मीटर स्ट्रेट लाइन में भारतीय एथलीटों के शानदार प्रदर्शन के बाद सरस्वती ने इस खेल का पहला स्वर्ण जीता। सिर्फ छह माह पहले रोलर-ब्लेड पहनने वाली सरस्वती ने 500 मीटर में सोना अपने नाम किया।

सरस्वती के कोच अनिल कुमार ने कहा, हम हमेशा से जानते थे कि उसमें यह क्षमता है, लेकिन उसके परिवार से आर्थिक समर्थन की कमी थी। अब जबकि उसे यह बड़ी उपलब्धि मिल गयी है, हमें उम्मीद है कि देश भर में उसके और उसके जैसे एथलीटों के लिये और अधिक समर्थन मिलेगा। इसके अलावा दीपेन प्रकाश साखरानी ने भी 500 मीटर की एक अन्य रोलर-स्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता।

इस बीच, भारत ने पावरलिफ्टिंग में भी छह पदक जीते, जिसमें तुषारनाथ सिंह ने पुरुषों के 74 किग्रा बेंच प्रेस में रजत और पुरुषों के 74 किग्रा डेडलिफ्ट में कांस्य पदक जीता। जंकी पहाड़िन ने महिलाओं के 52 किग्रा बेंच प्रेस, 52 किग्रा स्क्वाट, 52 किग्रा डेडलिफ्ट और कंबाइंड इवेंट में चार रजत पदक जीते।

## बेंगलुरू एफसी ने गोलकीपर विक्रम सिंह को अनुबंधित किया

बेंगलुरू, 21 जून। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम बेंगलुरू एफसी ने गोलकीपर विक्रम सिंह को एक साल के लिए अनुबंधित किया है। क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी। विक्रम इससे पहले आईलीग में आइजोल एफसी की ओर से खेलते थे। विक्रम ने कहा, "मैं एक नई यात्रा शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं क्योंकि मेरा मानना है कि इससे मुझे गोलकीपर के रूप में प्रगति करने में मदद मिलेगी। मैं अपने नए साथियों, कोच और निश्चित रूप से देश भर में मौजूद प्रशंसकों से मिलने के लिए उत्सुक हूं।" मुंबई में जन्मे विक्रम ने मुंबई सिटी एफसी अकादमी में अपने खेल को निखारा। वह फतेह हैदराबाद एफसी के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 2022-23 में आइजोल के लिए 12 मैच खेले और टीम लीग में सातवें स्थान पर रही।

## रोनाल्डो ने पुर्तगाल की ओर से 200वें मैच में गोल दागकर टीम को जीत दिलाई

बर्लिन, 21 जून। क्रिस्टियानो रोनाल्डो 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने और इस उपलब्धि का जश्न उन्होंने 89वें मिनट में गोल दागकर मनाया जिससे पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफायर में आइसलैंड को 1-0 से हराया। पदार्पण के लगभग 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200वें मुकाबले की शुरुआत से पहले गिनीज विश्व रिकॉर्ड्स ने 38 साल के रोनाल्डो को सम्मानित किया। रोनाल्डो के मंगलवार को दागे गोल की बदौलत पुर्तगाल ने ग्रुप जे में चार मैच में चौथी जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।

एर्लिंग हैलेंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने साइप्रस को 3-1 से हराया जबकि रोमेलु लुकाकु के दो गोल की बदौलत बेल्जियम ने एस्टोनिया को 3-0 से शिकस्त दी। पोलैंड को हालांकि दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद मालदोवा के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यूरो 2024 के मेजबान जर्मनी को भी मैत्री मैच में कोलंबिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल की ओर से अपना 123वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। उन्होंने गोंजालो इनासियो के हेडर से मिली गेंद को गोल में पहुंचाया। ग्रुप के अन्य मैचों में लग्जमबर्ग ने बोस्निया एवं हर्जेगोविना को 2-0 से हराया जबकि स्लोवाकिया ने लिचटेनस्टीन को 1-0 से शिकस्त दी।

ग्रुप ए में नॉर्वे की जीत के बावजूद स्कॉटलैंड ने जॉर्जिया को 2-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी है। स्कॉटलैंड और जॉर्जिया के बीच मुकाबला तेज बारिश और मैदान पर पानी भरने से लगभग एक घंटा और 40 मिनट की देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड ने अब तक अपने चारों मुकाबले जीते हैं। जॉर्जिया की टीम स्कॉटलैंड से चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे की टीम चार मैच में चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। स्पेन के दो मैच में तीन अंक हैं। ग्रुप ई में स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की के गोल के बावजूद पोलैंड को मालदोवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जो तीन मैच में उसकी दूसरी हार है। अल्बानिया ने फेरो आइलैंड को 3-1 से हराया और ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। चेक गणराज्य शीर्ष पर चल रहा है। पोलैंड तीन अंक के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। ग्रुप एफ में लुकाकु के तीन मिनट में दो गोल से बेल्जियम ने एस्टोनिया को 3-0 ये हराया।

## सितंबर में डेविस कप कैरियर को अलविदा कहेंगे बोपन्ना

नयी दिल्ली, 21 जून। भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बुधवार को कहा कि वह मोरक्को के खिलाफ सितंबर में अपने डेविस कप कैरियर पर विराम लगायेंगे लेकिन अपने राज्य कर्नाटक में विदाई मैच खेलने की उनकी ख्वाहिश पूरी नहीं हो सकेगी क्योंकि एआईटीए इस मैच की मेजबानी उत्तर प्रदेश को पहले ही दे चुका है।

भारत को सितंबर में विश्व ग्रुप दो के मैच में मोरक्को से खेलना है। डेविस कप में 2002 में पदार्पण करने वाले बोपन्ना भारत के लिये 32 मुकाबले खेल चुके हैं । उन्होंने कहा, मैं सितंबर में अपना आखिरी डेविस कप मैच खेलने की सोच रहा हूं । मैं 2002 से टीम के साथ हूं । मैं चाहता था कि यह मैच बेंगलुरू में हो और मैने भारतीय खिलाड़ियों से भी इस बारे में बात की । वे सभी बेंगलुरू में खेलने को लेकर खुश थे। अब महासंघ को देखना है कि वे बेंगलुरू में मुकाबला कराना चाहते हैं या नहीं ।" उन्होंने कहा ," चूंकि मैं 20 साल से खेल रहा हूं तो मुझे बस कप्तान से बात करनी होगी कि क्या इसे वहां कराया जा सकता है। सभी आकर आखिरी बार मुझे खेलते देख सकेंगे । अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने कहा कि इस मैच की मेजबानी कर्नाटक प्रदेश लॉन टेनिस संघ को नहीं दी जा सकती ।

एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा ," रोहन के लिये यह अच्छा होता कि भारत के लिये अपना आखिरी मैच बेंगलुरू में खेले लेकिन हम उत्तर प्रदेश को मेजबानी दे चुके हैं । मैच लखनऊ में होगा और यह पहले से तय है ।" भारत के लिये सबसे ज्यादा 58 मैच लिएंडर पेस ने खेले हैं जिसके बाद जयदीप मुखर्जी ने 43, रामनाथन कृष्णन ने 43, प्रेमजीत लाल ने 41, आनंद अमृतराज ने 39, महेश भूपति ने 35 और विजय अमृतराज ने 32 मैच खेले हैं । बोपन्ना ने 32 मैच खेलकर 12 एकल और 10 युगल मुकाबले जीते । यह पूछने पर कि क्या वह एटीपी टूर पर खेलते रहेंगे , उन्होंने कहा ," अगर मैं टूर पर नहीं खेलता हूं तो मेरी जगह किसी दूसरे भारतीय को नहीं मिलने जा रही ।



सप्त शक्ति कमांड की ओर से ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023'' पर विभिन्न सैन्य स्टेशनों में अनेक योग सत्र आयोजित किए गए। स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए मई-जून माह में सीमांत क्षेत्रों के साथ-साथ सैन्य छावनियों में श्रृंखलाबद्ध तरीके से योग कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। योग दिवस मनाने के लिए 17 दिनों तक हुए इन श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों में 20 हजार से ज्यादा जवानों तथा सैन्य परिवारों ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया। राजधानी जयपुर में आमेर किले की पाल में सुरक्षाबलों के जवानों ने योग किया। अनुभवी प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों, श्वास अभ्यास और ध्यान तकनीकों के माध्यम से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। सैन्य स्टेशनों के साथ-साथ बठिंडा किला, फिरोज शाह परिसर, असीगढ़ किला जैसे अनेक ऐतिहासिक स्थानों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए, इन योग सत्रों को सांस्कृतिक विरासत तथा आध्यात्मिकता से जोड़ने के लिए।

# यू.एन मुख्यालय में प्र.मंत्री मोदी की मौजूदगी में बना गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

## यू.एन. हैडक्वार्टर में पी.एम. मोदी के कार्यक्रम में 135 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुये

न्यूयॉर्क, 21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 पर न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड नेशन्स (यू.एन.) के मुख्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस कार्यक्रम का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। इस योग सेशन में सबसे ज्यादा राष्ट्रीयता (अलग-अलग देश) के लोग शामिल थे। यू.एन हेडक्वार्टर में पीएम मोदी के कार्यक्रम में 135 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी माइकल एम्परिक ने बताया कि ये एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इससे पहले कभी एक साथ इतने देशों के लोगों ने योग नहीं किया था।

अमेरिका के तीन दिन के दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी बुधवार को यू.एन हेडक्वार्टर में योग दिवस के कार्यक्रम का नेतृत्व करने पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने योग कार्यक्रम में कहा- योग का मतलब है- युनाइट करना यानी साथ लाना। मुझे याद है मैंने यहां 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। पीएम मोदी ने कहा कि योग भारत की पुरानी संस्कृति है और इस पर किसी का कॉपीराइट नहीं है। योग कार्यक्रम यू.एन के नॉर्थ लॉन के गार्डन में हुआ। इसमें न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम, शेफ विकास खन्ना, संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी, हॉलीवुड स्टार रिचर्ड गैरी शामिल हुए।

- **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी माइकल एम्परिक ने बताया कि, यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है, इससे पहले कभी एक साथ इतने देशों के लोगों ने योग नहीं किया था।**
- **प्र.मंत्री मोदी ने कहा कि, योग भारत की पुरानी संस्कृति है और इस पर किसी का कॉपीराइट अथवा पेटैंट नहीं है इसे करने का कोई चार्ज नहीं लगता बस फायदा ही फायदा होता है। योग कार्यक्रम यू.एन के नॉर्थ लॉन के गार्डन में हुआ। इसमें न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम, शैफ विकास खन्ना, संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी, हॉलीवुड स्टार रिचर्ड गिअर शामिल हुए।**

पीएम मोदी ने यूएन के नॉर्थ लॉन में योग दिवस पर भद्रासन, ऊष्ट्रासन, उत्तान शिशुनासन, भुजंग आसन, पवन मुक्त आसन और शव आसन किए।

बता दें कि 27 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार यूनाइटेड नेशन्स में हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। 11 दिसंबर 2014 को यूनाइटेड नेशन में भारती य राजदूत अशोक मुखर्जी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव पेश किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। पाकिस्तान नहीं चाहता था कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव पास हो।

## श्री सीमेंट पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मारी गई है। इस रेड में 200 से ज्यादा आयकर अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, कंपनी के द्वारा करोड़ों रुपए की कर चोरी सामने आने की भी संभावना है। आयकर विभाग की इस कार्रवाई में दिल्ली और जयपुर कार्यालय के अधिकारी शामिल हैं। तकनीकी आधार पर आयकर चोरी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 11 बजे से छापेमारी शुरू हुई। इस छापेमारी के दौरान आयकर अधिकारियों को श्री सीमेंट में लेनदेन के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। सीमेंट के लिए खरीदे जाने वाले कोयले और उसके लिए किए गए पेमेंट में भारी अनियमितता सामने आई है। इसी प्रकार सीमेंट फैक्ट्रियों में काम करने वाली लेबर के भुगतान में बड़ा घोटाला सामने आया है। ऐसे ही करीब 7 बिंदुओं पर आयकर विभाग के अधिकारी अलग-अलग जगहों पर छापेमारी रहे हैं।

# पाकिस्तान से ड्रोन से आई दस करोड़ रू. की हैरोइन बरामद

## बी.एस.एफ. पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने सर्च के दौरान चार तस्कर भी गिरफ्तार किए, जो सप्लाई लेने आए थे

अनूपगढ़, 21 जून(कासं)। बी.एस.एफ. के जवानों ने बीती रात सीमा पार से ड्रोन से आई 2 किलो हैरोइन बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 10 करोड़ रूपये है। बी.एस.एफ., पुलिस और डी.एस.टी. (ड्रिस्ट्रिक्ट स्पैशल टीम) ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान के दौरान सप्लाई लेने आये चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

डी.आई.जी. पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के बताया कि, हैरोइन सप्लाई की पहले से सूचना थी। श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ कस्बे की के.के. टीबा पोस्ट और सुरमा पोस्ट के बीच गांव 22 एम.डी. के पास ड्रोन से तस्करों तक हैरोइन पहुंचाने का प्रयास किया गया। रात करीब 12 बजे बी.एस.एफ. की टीम ने ड्रोन की आवाज सुनी। कंपनी कमाण्डर उदयन कुमार के नेतृत्व में बी.एस.एफ. की टीम ने ड्रोन का पीछा किया, तकनीकी समस्या आने की वजह से ड्रोन जमीन पर गिर गया। सर्च अभियान के दौरान ड्रोन और 2 किलो हैरोइन को जब्त किया गया। बी.एस.एफ. ने कमान्डैंट पवन कुमार के निर्देशन में संदिग्ध स्थानों पर नाकाबंदी की।

बी.एस.एफ. द्वारा चलाये गए सर्च अभियान के दौरान जब गांव 22 एम.डी. के पास से ड्रोन और हैरोइन के दो पैकेट जब्त किए गए, उस दौरान हैरोइन की सप्लाई लेने तस्कर भी कार से पहुंचे थे। जवानों को देख अंधेरे का फायदा उठाकर वो भाग गए। तथापि, घेराबंदी और नाकाबंदी करके चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने हैरोइन तस्करी की बात कबूल की। इस पर चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए चार लोग हैं, कैलाश सैनी, पुत्र धन्ना राम, निवासी सहावा चूरू, जनाब अली (41), पुत्र अहमद्दीन, निवासी गांव 15 एल.के.एस. सूरतगढ़, राजपाल (35), पुत्र श्योकरन, निवासी बडोपाल पीलीबंगा (हनुमानगढ़) और जयमल सिंह (27), पुत्र काबल सिंह, निवासी पक्का पिंड अटारी अमृतसर।

कार्रवाई के दौरान कमान्डैंट पवन कुमार, कंपनी कमान्डैंट उदयन, निरीक्षक बी आर रहमान की विशेष भूमिका रही। यह ऑपरेशन बी.एस.एफ. और गंगानगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में किया गया है। डी.आई.जी. पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया, पहले भी बी.एस.एफ. ने केके टीबा सीमा चौकी के पास 4 तस्करों के साथ 5 किलो हैरोइन बरामद की थी।

- **श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ कस्बे के, के. के. टीबा पोस्ट और सुरमा पोस्ट के बीच गांव 22 एम.डी. के पास ड्रोन द्वारा तस्करों तक हैरोइन पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।**
- **रात करीब 12 बजे बी.एस.एफ. की टीम ने ड्रोन की आवाज सुनने पर ड्रोन का पीछा किया। तकनीकी समस्या आने की वजह से ड्रोन जमीन पर गिर गया। तलाशी में ड्रोन में दो किलो हैरोइन मिली।**

## मध्यप्रदेश में वैब सीरीज के जरिये भाजपा के घोटाले दिखायेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, 21 जून। मध्य प्रदेश में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव को लेकर पार्टियों ने तैयारियों शुरू कर दी हैं। ऐसे में पार्टियों ने एक-दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाना भी शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। ऐसे में एमपी की शिवराज सरकार पर कांग्रेस हमलावर नजर आ रही है। पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप लगाने के नए-नए तरीके ढूंढ रही हैं। पिछले दिनों प्रियंका गांधी की रैली के बाद कांग्रेस ने एमपी में हुए कथित घोटालों की एक लिस्ट जारी की थी। अब मध्य प्रदेश कांग्रेस राज्य में हुए कथित घोटालों को लेकर एक वेब सीरीज बना रही है। कांग्रेस नेता ने बताया कि इस वेब सीरीज के माध्यम से एमपी की शिवराज सरकार में हुए कथित घोटालों को दिखाया जाएगा। मध्य कांग्रेस ने बताया कि इस वेब सिरीज का नाम एमपी फाइल्स होगा। 27 जून को पीएम मोदी मध्य प्रदेश के भोपाल दौरे पर होंगे। ऐसे में कांग्रेस ने प्लान बनाया है कि इस वेब सीरीज की एक सीडी पीएम मोदी को भी सौंपी जाएगी।

## 'एम्बुलैंस घोटाले की जांच पहले अपने ही देश में करें'

जयपुर, 21 जून। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9, महानगर प्रथम, ने एम्बुलैंस संचालन के ठेके देने में हुए घोटाले में सी.बी.आई. की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। सी.बी.आई. ने इस मामले में विदेशी शेयरधारिता का पता लगाने और साक्ष्य एकत्र करने के लिए अमेरिका और मॉरीशस को लैटर रोगेटरी (अनुरोध पत्र) जारी करने का अनुरोध किया था।

- **अतिरिक्त न्यायालय ने यह कहते हुए अमेरिका व मॉरिशस को लैटर जारी करने के सी.बी.आई. के अनुरोध को ठुकरा दिया।**

अदालत ने कहा कि, आरोपी कंपनी का कार्यालय मुंबई में स्थित है। ऐसे में सी.बी.आई. को इस संबंध में पहले भारत में स्थित कंपनी व विभागों से ही दस्तावेज प्राप्त करने चाहिए थे। वहीं, अगर कंपनी सी.बी.आई. को दस्तावेज और वांछित साक्ष्य उपलब्ध कराने से इन्कार करती, तब सी.बी.आई. लैटर रोगेटरी जारी करने का अनुरोध करती। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, यह कोर्ट के लिए बाध्यकारी नहीं है कि, वह हर मामले में लैटर रोगेटरी जारी करने की प्रार्थना को स्वीकार करे।

अदालत न्यायिक विवेक से ऐसा करने से इन्कार भी कर सकती है। सी.बी.आई. की ओर से प्रार्थना पत्र में कहा गया कि, वर्ष 2008 में राज्य सरकार ने चिकित्सा सुविधाओं के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किया। जिसके लिए टैण्डर शर्तों में छेड़छाड़ कर मैसर्स जिकित्सा हेल्थ केयर लिमिटेड को काम सौंपा गया। सी.बी.आई. की ओर से कुछ आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया जा चुका है।

## बाघिन रिद्धि ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपने शावकों को मुंह में दबाए शिफ्टिंग कर रही थी। पर्यटकों एंव गाइडों ने रणथंभौर के वनाधिकारियों को बाघिन व शावकों के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी हरकत में आये और बाघिन व नन्हें शावकों की सुरक्षा को लेकर एहतियात के तौर पर बाघिन व शावकों की मॉनिटरिंग बढ़ा दी।

रणथम्भौर में बाघिन रिद्धि टी - 124 ने दूसरी बार शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले गत वर्ष नवम्बर में भी ज़ोन तीन में बाघिन रिद्धि एक शावक के साथ पर्यटकों को नजर आई थी, लेकिन बाद में यह शावक लापता हो गया था।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार बाघिन ने करीब 30 मई के आसपास शावकों को जन्म दिया है। पिछले करीब 20 दिनों से बाघिन का ज़ोन तीन में राजबाग लेक और हंटिंग पैलेस के आसपास क्षेत्र में लगातार मूवमैंट बना हुआ था। शावकों की उम्र भी बीस दिन के करीब बताई जा रही है।

गौरतलब है कि रिद्धि के तीन शावकों को मिलाकर रणथंभौर में करीब 76 बाघ-बाघिन व शावक हो गए हैं, जो रणथंभौर के लिए खुशी की बात है।

## 'भारत के 38 फीसदी पुरुष मोटापे और 22 फीसदी शुगर से ग्रसित हैं'

नयी दिल्ली 21 जून (वार्ता) भारत में 10 फीसदी पुरुष उच्च रक्तचाप से, 38 फीसदी पुरुष मोटापे से और 22 फीसदी पुरुष मधुमेह से ग्रसित हैं। यह खुलासा इंडस हेल्थ प्लस की स्टडी में हुआ है। अध्ययन के मुताबिक स्वास्थ्य की यह स्थिति हानिकारक खाद्य पदार्थों के सेवन, शारीरिक गतिविधि न करने, नींद पूरी न होने, बहुत ज्यादा तनाव, शराब पीने, सिगरेट के सेवन और आनुवांशिक या वंशानुगत कारण है। इस अध्ययन में करीब पांच हजार लोगों को शामिल किया गया और जनवरी 2020 से दिसंबर 2022 के दौरान सैंपल में शामिल लोगों का प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप किया गया।

## 'योग की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुए पूर्व विदेश मंत्री व यू.एस. में भारत के राजदूत रहे कांग्रेसी नेता शशि थरुर ने अपने ट्वीट में जवाब दिया कि, जरूर हमें उन सभी का भी धन्यवाद करना चाहिए, जिन्होंने योग को पुनर्जीवित किया, लोकप्रिय बनाया। इसमें हमारी सरकार भी शामिल है। थरुर ने कहा, जैसा मैं दशकों से कहता आ रहा हूं कि योग विश्व में हमारी सॉफ्ट पावर का अहम् हिस्सा है, इसे मान्यता मिलते देखना अच्छा लगता है।

# पुलिस वालों ने दलित लड़की का रेप कर हत्या की

बीकानेर, 21 जून (कासं)। एक दलित युवती से पहले रेप और फिर उसकी हत्या करने के आरोपी पुलिसवालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक युवती का परिवार धरने पर बैठा है।

ज्ञातव्य है कि, खाजूवाला कस्बे में मंगलवार दोपहर एक युवती का शव मिला था। युवती के पिता ने इस संबंध में खाजूवाला थाने के कांस्टेबल मनोज और भागीरथ के साथ एक और युवक पर रेप व हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। परिजनों ने कुछ और युवकों पर भी संदेह जताया है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एस.पी. तेजस्विनी गौतम और दूसरे पुलिस अधिकारी एफ.एस.एल. टीम सहित मौके पर पहुँचे थे।

बताया जा रहा है कि, युवती हर रोज सुबह कोचिंग के लिए जाती थी और मंगलवार को भी वो घर से कोचिंग के लिए निकली थी। लेकिन रास्ते में उसके साथ यह घटना हुई। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिवार में पुलिस के प्रति नाराजगी है। हालांकि, आरोपी पुलिसवालों को सस्पैंड कर दिया गया है। वहीं, भाजपा नेता भी परिवार के धरने में शामिल हो गए हैं। धरना स्थल पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी एक कम्प्यूटर सेंटर पर कोचिंग लेने जाती थी।

मंगलवार को भी कोचिंग सेंटर ही गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पिता के पास फोन आया कि, उनकी बेटी घायल अवस्था में खाजूवाला हॉस्पिटल में है, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उसकी मौत की जानकारी मिली। पिता का आरोप है कि, दो आरोपी कांस्टेबल के साथ उनका एक और साथी दिनेश भी है, जो कि, युवती का रोज पीछा करता था। परिजनों में भारी गुस्सा है कि, पुलिस कर्मियों को नौकरी से बर्खास्त करने के बजाय सिर्फ निलंबित किया गया है। अब दोनों कांस्टेबलों को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की जा रही है। वहीं, पुलिस विभाग का कहना है कि, किसी भी कार्मिक पर आरोप साबित होने पर उसे बर्खास्त किया जा सकता है। जांच के दौरान निलंबन ही होता है। परिजनों ने मांग रखी है कि, पीड़ित महिला के परिजनों को एक करोड़ रूपये का मुआवजा तथा परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके साथ ही खाजूवाला के पूरे थाने को लाइन हाजिर करने की मांग उठ रही है। पूरे मामले की जांच स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप से करवाने की मांग भी की गई है।

पुलिस ने आरोपी दिनेश बिश्नोई, मनोज व भागीरथ पर गैंगरेप और हत्या के साथ ही एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया है। मामले की छानबीन के बाद कुछ और धाराओं को जोड़ा जा सकता है। फिलहाल आई.पी.सी. 376 डी और 302 के तहत मामला दर्ज है। उधर परिजनों ने पूर्व एस.एच.ओ. अरविन्द सिंह शेखावत से भी नाराजगी जताई है। आरोप है कि, शेखावत की विदाई पार्टी आरोपियों ने ही रखी थी और पीड़ित महिला के पिता को भी प्रताड़ित किया गया था। अब परिजनों की मांग में पूर्व एस.एच.ओ. को निलंबित करने की मांग भी जुड़ गई है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि, लड़की घायल अवस्था में मिली थी। उसके प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशान थे। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों के नाम भी सामने आये हैं, जिन्हें एफ.आई.आर. दर्ज होने के साथ ही सस्पैंड कर दिया गया है।

- **घटना बीकानेर के खाजूवाला कस्बे की है। युवती रोज की तरह मंगलवार को भी कोचिंग के लिए निकली थी पर वापस नहीं लौटी। बाद में उसके खाजूवाला अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी मिली, तो परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पता चला कि उसकी मौत हो गई है।**
- **लड़की के परिवार वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं।**
- **परिजनों का आरोप है कि, दोनों आरोपी, कांस्टेबल व उनका एक साथी, रोज उनकी लड़की का पीछा करते थे।**



## सांवलिया सेठ को एक माह में 10.60 करोड़ रू. की आय

मंडफिया, 21 जून (निस)। राजस्थान के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान सांवलिया सेठ मंडफिया के दरबार में गत 17 जून शनिवार, चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती 3 चरणों में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर एवं बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में हुई। शेष राशि मिला कर कुल आमद 10 करोड़ 60 लाख रुपये की हुई।

मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर ने बताया कि, तीसरे चरण में हुई भंडार की गिनती में एक करोड़ 12 लाख 68 हजार 856 रुपए नगद प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि, इससे पूर्व दो चरणों में हुई गिनती में भंडार से 8 करोड़ 35 लाख 02 हजार 700 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि, भंडार से निकले सोने चांदी का व कार्यालय में जमा सोने चांदी का तोल भी किया गया। उन्होंने बताया कि, भंडार से 130 ग्राम सोना एवं 13 किलो 500 ग्राम चांदी प्राप्त हुई। मंदिर कार्यालय से 2 किलो 16 ग्राम 700 मिलीग्राम सोना व 61 किलो 836 ग्राम 500 मिलीग्राम चांदी भेंट जमा प्राप्त हुई।

अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि इसके अलावा मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर, ऑनलाइन व स्वयं उपस्थित होकर 01 करोड़ 13 लाख रुपए भेंट जमा किए, इस प्रकार भंडार से प्राप्त एवं मंदिर कार्यालय से प्राप्त राशियों को मिलाकर भगवान सांवलिया जी सेठ के एक माह में 10 करोड़ 60 लाख 71 हजार 856 रुपए की आमद हुई। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, भैरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, कांग्रेस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, लेहरी लाल गाडरी, कालू लाल तेली सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

- **सांवलिया सेठ व मंडफिया दरबार में 17 जून को खोले गए भंडार की तीन चरणों में हुई गिनती पूरी हो गई तथा कुल 10.60 करोड़ रू. की आमद हुई।**

## इस बार ''बैक ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सचिन पायलट के खिलाफ बोलते या ट्वीट करते रहते हैं। यह सब अशोक गहलोत और डोटासरा की संयुक्त कलाकारी थी, जिसमें रंधावा मुख्यमंत्री का साथ दे रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्रीय नेतृत्व को बुद्धि आ गई है क्योंकि रंधावा से उस सूची को निरस्त करने के लिये कह दिया गया है। राजस्थान के मुद्दे का समाधान हो जाने के बाद एक नई सूची आने की उम्मीद है जिसमें सभी वर्गों का संतुलित प्रतिनिधित्व होगा।

इस बात पर जोर देना एक बार फिर जरूरी है कि उस समय तक कोई भी समझौता नहीं हो सकता, जब तक गहलोत, वसुंधरा राजे सिधिंया के खिलाफ तथा सचिन पायलट की तीन माँगों पर कार्यवाही शुरु नहीं कर देते हैं। चूँकि चुनाव आने वाले हैं, इसलिये केन्द्रीय नेतृत्व के पास इतना समय नहीं है कि वह अपने घर राजस्थान को व्यवस्थित कर सके। राजस्थान के संबंध मे जल्दी ही कोई निर्णय होने की उम्मीद है।

## एन.सी.पी.,डी.एम.के.,सी.पी.एम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री तथा तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस या वामपंथी दलों के लिये एक इंच राजनैतिक जगह भी छोड़ने के लिये तैयार नहीं है।

वे इस बात के लिये आश्वस्त प्रतीत हो रही हैं कि वे अकेली भाजपा को हरा सकती हैं। कितनी विचित्र बात है कि कांग्रेस और सी.पी.एम. ममता बनर्जी को भाजपा से बड़ा खतरा नजर आ रही है, जबकि भाजपा संविधान में बताये गये केन्द्र-राज्य संबंधों को नष्ट करके, राज्यों पर अपना अधिपत्य जमाने के लिये कटिबद्ध है।

ठीक उन्हीं तेवरों के साथ, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी आसमान में उड़ते दिखाई दे रहे हैं क्योंकि पिछड़ों, दलितों तथा मुस्लिमों को संगठित करके राज्य की अधिकांश लोकसभा सीटें जीतने का विश्वास व्यक्त कर रहे हैं।

यादव का यह अति आत्मविश्वास भाजपा, जिसके पास व्यापक संसाधन, चालाकी से हरा देने की कला तथा प्रशासनिक अधिकार है, को टक्कर देने के मुख्य और बड़े काम के लिये बहुत महंगा साबित हो सकता है।

ये तीनों ही नेता कांग्रेस के केन्द्रीय भूमिका में आने को लेकर अपनी आपत्ति सार्वजनिक रूप से व्यक्त कर चुके हैं तथा पिछले दिनों में गैर भाजपा एवं गैर कांग्रेस मोर्चा बनाने की बात सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। उपरोक्त तथ्य ने इस मीटिंग को एक ऐसी स्थिति में ला दिया है कि इस पर पैनी नज़र रखना जरूरी हो गया है।

पश्चिम बंगाल को पूरी तरह तृणमूल कांग्रेस के लिये छोड़ दिये जाने की बात कहने वाली ममता बनर्जी, केजरीवाल तथा यादव को एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिये, अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, अन्यथा विपक्षी एकता, पहले की तरह, एक उबाऊ प्रस्ताव एवं कवायद बन कर रह जायेगी।

इन तीनों नेताओं, जिनके भाजपा के साथ पहले खुले और गुप्त-दोनों ही प्रकार के संबंध रह चुके हैं, को अब उनसे सबक लेने की जरूरत है तथा उन चुनौतियों के जाग जाने की जरूरत है, जो न केवल उनके सामने, बल्कि पूरे देश के सामने खड़ी हुई है।

## टाईटैनिक का ''कर्स''...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जानकारियां एक-दूसरे से साझा करते हैं। टाइटैनिक के मलबे की पहचान के बाद से जिज्ञासा और बढ़ गई है। रोमांच के शौकीन लोग इसे देखने जाते रहे हैं। वर्ष 1997 में आई हॉलीवुड फिल्म टाइटैनिक ऐसे ही कुछ उत्साही लोगों की खोज का नतीजा है। जैम्स कैमरून ने अपनी फिल्म में टाइटैनिक को बहुत अच्छी तरह से दर्शाया था। उसने एक इंटरव्यू में बताया था कि उसने मलबे को व्यक्तिशः देखने के लिए फिल्म बनाई थी और इसमें एक फिल्म निर्माण जितना ही खर्च आया था। कैमरून की फिल्म ने कुछ लोगों को टाइटैनिक के प्रति बहुत ज्यादा उत्सुक कर दिया। इस उत्सुकता का परिणाम यह रहा कि एक पूर्व स्पेस एडवैंचरर रश स्टॉकटन ने एक कंपनी ही बना डाली। पता चला है कि लापता पनडुब्बी में वह भी सवार था। टाइटैनिक मलबा एटलैंटिक में 13,000 फीट की गहराई पर है जहां बहुत ठंड और गहरा अंधेरा है। सूर्य की किरणें वहां तक नहीं पहुंच पाती हैं। कहते है यह क्षेत्र कीचड़ वाला और अनिश्चित है। इतने विशाल महासागर में इतनी छोटी सी पनडुब्बी को ढूंढना घास के ढेर में सूई ढंढने जैसा है और पानी के अंदर के हालात को देखते हुए तो यह उससे भी मुश्किल है। लेकिन उम्मीद कायम है क्योंकि हाइटैक सर्विलांस गैजेट से कुछ आवाज़ों की पहचान हुई है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**दूदू, (निसं)।** राजकीय सीनियर हायर सैकेण्ड्री विद्यालय के प्रागंण में योग दिवस पर शारीरिक शिक्षक पूजा नाथावत, आयुर्वेद वरिष्ठ चिकित्सक विनोद कुमार शर्मा, मुकेश गुर्जर ने योगाभ्यास करवाकर शरीर को स्वस्थ रखने की सलाह दी। पडासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट इंजिनियरिंग कॉलेज में योग दिवसर पर डॉ. निम्मी महर्षि ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए योगा करने पर जोर दिया। इस दौरान डॉ. राकेश भारद्वाज, संजीव महर्षि सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**टोंक, (निसं)।** बरौनी थाना क्षेत्र में बेल्डिंग का कार्य करते हुए बिजली का करंट दौड़ने से एक युवक की मौत हो गई। बरौनी थाने के एएसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि सीताराम पुत्र कानाराम जाति खारोल उम्र 22 साल हाल निवासी सोहेला मृतक के पिता की लोहे की वेल्डिंग की दुकान सोयला रोड पर स्थित है। जिसमें कार्य करते समय बिजली का करंट दौड़ने से युवक बेहोश हो गया। जिसे अचेत अवस्था में सहादत हॉस्पिटल टोंक लाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया।

### अवैध शराब के साथ तीन जने पकड़े

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी पुलिस ने अवैध शराब भंडारण व विक्रय पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि जरिए मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम गठित कर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश की कार्यवाही कर बिना लाईसेंस व बिना परमिट व बिना अनुज्ञापत्र के अवैध शराब रखने व बैचने के आरोप में नेमिचन्द, मो. फरहान निवासी डिग्गी व रणवीर सिंह राजपूत निवासी भीपुर को गिरफ्तार किया।

### कैडेट्स ने योग दिवस मनाया

**टोंक, (निसं)।** लेफ्टीनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन ने बताया कि प्रथम राज बटालियन एन सी सी जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार व प्राचार्य प्रोफेसर सोलत अली खान राजकीय महाविद्यालय टोंक के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट्स ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# अलवर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया

**अलवर, (निसं)।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय इंदिरा गांधी स्टेडियम में योगा फॉर वासुदेव कुटुम्बकम् की थीम पर 9वां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। योग कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं, पुरूषों, युवाओं तथा बुजुर्गों ने भाग लिया।

जिला कलेक्टर पुखराज सेन एवं जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वनल कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय योग

■ **महिलाओं, पुरूषों, युवाओं तथा बुजुर्गों ने भाग लिया**

दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को दिनचर्या का अंग बनाए। जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर ने शिरकत कर योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कल्पतरु योग संस्थान, पतंजलि योग संस्थान, गांधी स्वास्थ्य सदन समिति प्राकृतिक चिकित्सा योग केन्द्र अलवर, भारतीय योग संस्थान, प्रजापति ब्रह्मा कुमारी, ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सर्वहितकारी सेवा संस्थान, आर डी एन सी मित्तल फाउंडेशन, लायंस क्लब अलवर, मत्स्य स्काउट एण्ड गाइड, फेलोशिप अलवर 10 रोटरी क्लब रोटरी क्लब, अलवर फोर्ट सहयोग सेवा संस्थान, देवेश फाउंडेशन, भारत विकास परिषद, आर्य कन्या विद्यालय, जय कृष्ण क्लब, इनरव्हील क्लब, नेक कमाई, लघु उद्योग भारतीय अलवर, लायंस क्लब सिटी, निरंकारी सत्संग सेवा, राधा स्वामी सेवा संस्थान, मत्स्य रेंडु यूनिवर्स, साइकिल पेडल ग्रुप आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर अलवर सांसद महंत बालकनाथ योगी, एडीएम शहर नवीन यादव, डीएसओ जितेंद्र सिंह नरूका, भूमि अवाप्ति अधिकारी उम्मीदी लाल मीणा, यूआईटी उप सचिव योगेश डागुर, सीएमएचओ डॉ. श्रीराम शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, आयुर्वेद विभाग अलवर के सहायक निदेशक डॉ उमा दत्त शर्मा, डॉ. मुकेश चंद प्रजापत, डॉ. विकास यादव, डॉ. ओमेंद्र मीणा, डॉ. सुरेश वर्मा, डॉ. मनमोहन गोठवाल, डॉ. हरीश सैनी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशीला मीणा, मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ. एस सी मित्तल एवं अलका मित्तल सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी तथा बडी संख्या में आमजन की भागीदारी रही। योग करने के लिए महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग स्थान तय थे तथा योग प्रशिक्षकों ने भी मंच से योग कराया।



इंदिरा गांधी स्टेडियम में 9वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## जगह-जगह योग शिविर लगाये

**कोटपूतली, (निसं)।** 9 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को कोटपूतली में जगह-जगह योग शिविर का आयोजन हुआ। कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में एनएसएस के तत्वाधान में स्वयंसेवकों, संकाय सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। संयोजक सज्जन सिंह यादव ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही जीवन में योग को अपनाने की शपथ भी ली गई।

इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. विशम्भर दयाल ने छात्राओं को जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी। योग निदेशक हजारी लाल सैनी ने विभिन्न योगों का अभ्यास करवाया। संचालन करते हुए प्रो. मनोज कुमार सैनी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय न्यायालय परिसर में एमजेएम मीनाक्षी अग्रवाल ने समस्त कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार के योग करवाते हुए जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर बार अध्यक्ष राजेश कुमार चौधरी समेत अधिवक्तागण मौजूद रहे। इसी प्रकार अग्रवाल ने आयुष कैरियर इंस्टीट्युट में 167 विधार्थियों को योगाभ्यास करवाया। ग्राम गोनेड़ा स्थित इलीट ग्लोबल स्कूल में आरएसएस के शारीरिक शिक्षण प्रमुख योगाचार्य मदन लाल ने विभिन्न योग करवाते हुए विधार्थियों को जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी।

## 2 दिन बाद प्रशासन के साथ बनी सहमति

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में थड़ी संचालक की सोमवार अपने निवास लिखमाकाबास ग्राम में देर रात दो बजे मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने नगर पालिका परिसर में शव रखकर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। धरना स्थल पर प्रशासन से तीन दौर की चली वार्ता के बाद सहमति बनी।

उपखंड अधिकारी राकेश कुमार, खंडेला डीवाईएसपी सुरेंद्र सिंह, तहसीलदार विपुल चौधरी, थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव व अधिशासी अधिकारी अरुण शर्मा के साथ दो दौर की वार्ता हुई। जिसमें उपखंड अधिकारी ने धरनार्थियों को मृतक के परिजनों को चिरंजीव योजना के तहत बीमा की राशि व मुख्यमंत्री सहायता कोष से भी सहायता का प्रस्ताव को लेकर आश्वासन दिया। इसके साथ ही मृतक के आश्रित को नगर पालिका में प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा संविदा पर नौकरी व वेंडिंग जोन घोषित होने के बाद मृतक के परिवार जन में से एक थड़ी रखने की

■ **मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया**

सहमति बनने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी भेजा। जहां थानाधिकारी सुभाष चन्द्र यादव ने मेडिकल बोर्ड से मृतक कन्हैया लाल कुमावत का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। गौरतलब है कि मृतक कन्हैया लाल खाटूश्यामजी कस्बे के अलौदा तिराहे पर थड़ी लगाकर खिलौने बेचता था।30 मई को निर्जला एकादशी को ध्यान में रखते हुए बढ़ती भीड़ के कारण नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया था। धरना प्रदर्शन पर बैठे लोगों का आरोप था कि नगर पालिका द्वारा थड़ी हटाने के कारण मृतक कन्हैया लाल कुमावत की मानसिक तनाव में आने के कारण 20दिन बाद लिखमाकाबास ग्राम में उसकी मौत हुई है।

# विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित

**चाकसू, (निसं)।** बुधवार को 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कस्बे के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों और संगठनों की ओर से योग शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने भाग लिया। इस दौरान योग आसन कराने के साथ-साथ उनके होने वाले स्वास्थ्य लाभों से भी अवगत कराया गया।

आरोग्यम योग केंद्र के तत्वावधान में आयोजित योग शिविर में योग शिक्षिका तरुषी करनानी ने योग के महत्व को बताते हुए योग दिवस के प्रोटोकॉल के अंतर्गत सभी को योग करवाया।

उन्होंने कहा योग ही मनुष्य के स्वस्थ जीवन की कुंजी है। इस अवसर पर योग केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा कई योगासन का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर योग साधक गायत्री रिया करनानी, रामबाबू गुप्ता, गिर्राज बूसर, प्रमोद ओड, रवि शर्मा, चंदा गुप्ता, चंद्रकला, सुनीता, नैना पंजवानी, राधिका , कोमल शर्मा सहित कई आमजन ने कार्यक्रम में भाग लिया। टोंक रोड बाईपास स्थित जगन्नाथ विश्वविद्यालय परिसर में योग विशेषज्ञ डा. रितु शर्मा, हुकुम सैनी एव हेमन्त गोस्वामी रारा विभिन्न व्यायाम योग क्रियायें एवं प्राणायाम करवाये गये।




चाकसू में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर शिविर लगे।

# 51 कुण्डात्मक श्रीविष्णु महायज्ञ सम्पन्न

**शाहपुरा, (निसं)।** शहर के समीप रुण्डल में सन्त बाबा बालक दास महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जमदग्नि आश्रम के महंत रविदास महाराज के सानिध्य में चल रहे सप्तदिवसीय 51 कुण्डात्मक महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ।

महायज्ञ के आचार्य अयोध्या धाम से महान्त गणेश दास महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण करके कार्यक्रम की पूर्णाहुति करवाई। सहायक आचार्य वैदिक नवीन शास्त्री, यज्ञब्रह्मा वैदिक सुरेश शर्मा खेजरोली, प्रधान अर्चक राहुल शर्मा ने बताया कि पूर्णाहुति कार्यक्रम से पूर्व प्रातः सवा आठ बजे बालक दास महाराज की मूर्ति की स्थापना त्रिवेणी

■ **सन्त बाबा बालक दास महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हुई**

धाम से खोजीपीठाधीश्वर रामरीछपाल देवाचार्य महाराज की मौजूदगी में प्रधान यजमान शिवपाल यादव व कैलाश सैनी के द्वारा हुई। कार्यक्रम में परमानंद धाम से प्रहलाद दास, हरीदास आदि अनेकों साधु संतों की मौजूदगी महायज्ञ की पूर्णाहुति सवा गयारह बजे करवाई। अब तक का सम्पूर्ण भंडारे का आयोजन प्रधान यजमान शिवपाल यादव एवं कैलाश सैनी ने करवाया।

श्रीमद् भगवत कथा के सातवें दिन श्रीकृष्ण भक्त एवं बाल सखा सुदामा के चरित्र का वर्णन किया गया। कथा वाचक महान्त गणेश दास महाराज (अयोध्या वाले) महाराज ने कथा के दौरान श्रीकृष्ण एवं सुदामा के मित्रता के बारे में जानकारी दी। कथा के दौरान बीच बीच में मण्डली द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनकर एवं कृष्ण एवं सुदामा के मिलन की झांकी का दृष्य देख पण्डाल में मौजूद समस्त भक्तगण भाव विभोर हो गये। श्रोताओं से कहा की नियमित सात दिन तक कथा सुनने से जन्म जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है। समापन के अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं से आव्हान किया कि प्रतिदिन अपने से बड़ों का आदर करें, सूर्य को अर्घ्य अर्पण करें, भगवान को भोग लगाएं, गाय को रोटी दें और अपने आत्मविश्वास को हमेशा कायम रखें। अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा अच्छे कार्यों के लिए अवश्य निकालें। सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान यजमान शिवपाल यादव, कैलाश सैनी, हरफूल यादव, नन्दकिशोर सैनी, दिलीप खडोतिया, गोपाल सिंह शेखावत, रणवीर शेखावत, सत्यनारायण, कैलाश सैनी हरि शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा सहित अनेकों द्वारा भागवत जी का पूजन कर कथाव्यास यज्ञाचार्य का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## 5 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर अपहरण व मारपीट के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रूपयों के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

एसएचओ मांगे लाल ने बताया कि विगत 24 सितम्बर 2022 को परिवादी शम्भु कुमार पुत्र स्व. बंशीधर अग्रवाल निवासी बापू नगर जयपुर ने रिपोर्ट पेश कर दर्ज करवाया था कि 4 सितम्बर 2022 को जमीन की पैमाईश को लेकर कानजी होटल के मालिक हरि सिंह व बिट्टू ने मुझे जबरन अपने होटल पर ले जाकर मारपीट व गाली गलौच की। प्रकरण में जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने फरार चल रहे आरोपी हरि सिंह व बिट्टू यादव पर 05-05 हजार रूपयों के ईनाम की घोषणा करते हुए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे।

इसी क्रम में स्थानीय थाना पुलिस ने बुधवार को मुखबीर की सूचना पर घटना के मुख्य अभियुक्त हरि सिंह (57) पुत्र कानाराम यादव निवासी ग्राम कंवरपुरा, कोटपूतली को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दुसरा अभियुक्त बिट्टू फिलहाल गिरफ्तार है।

## पावटा में उत्साह के साथ योग दिवस मनाया

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में 21 जून बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थान व संस्थाओं ने पूरे मनोयोग से इसे मनाया और जगह जगह सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में प्रधानाचार्य जयसिंह यादव के नेतृत्व व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता एवं आयुर्वेद विभाग से डॉ. नाहर मल यादव, डॉ. रामकरण यादव की उपस्थिति में व्याख्याता धीरज वशिष्ठ द्वारा योग क्रियाओं का संचालन करते हुए 40 महिलाएं, 113 पुरुषों कुल 153 लोगों को योग व शांति मंत्र करवाया गया।

वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूरी भडाज में प्रधानाचार्या सुनीता यादव व भूरी भडाज सरपंच कैलाश चंद सैनी की अध्यक्षता एवं मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम प्रागपुरा इंडोर स्टेडियम में प्रधानाचार्या बाबूलाल वर्मा की अध्यक्षता व डॉ. चंद्रहास शर्मा आयुष चिकित्सालय पावटा के मुख्य आतिथ्य में 9 महिलाएं व 78 पुरुषों को योग व शांति मंत्र करवाया गया।

# सरस दुग्ध सहकारी संघ की बैठक का सदस्यों ने बहिष्कार किया

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के घाटी रोड घाणा के बालाजी के पास स्थित दुग्ध अवशीतल केन्द्र पर बुधवार को मनोनीत अध्यक्ष कमल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित टोंक जिला सरस दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की बैठक में मौजूद सदस्यों ने प्रबंध संचालक एमडी पर अनियमित्ता व धांधली के गंभीर आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान सदस्यों ने एमडी के विरूद्ध नारेबाजी कर 18 करोड़ के

■ **19 संविदा कर्मचारियों की भर्ती में धांधली के लगाये आरोप**

लोन का हिसाब बोर्ड के समक्ष नहीं रखने तथा 50 दिनों से पशुपालकों को दूध का भुगतान नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जताई। संघ की 55वीं सरकुलेटिंग बैठक की पुष्टि पर विचार, संघ की भौतिक एवं वित्तिय स्थिति पर विचार, संघ में विपणन को बढाने, बूथ संचालकों की मांग पर रिटेलर मार्जिंग 2 रूपये प्रति लीटर करने की स्वीकृति, चिलिंग सेन्टर मालपुरा के अनुपयोगी सामाना व मशीनरी का डिस्पोजल करने की स्वीकृति, वर्ष 2022-23 के लेखा-जोखा का अंकेशर करना व ऑडिट करवाने सहित अन्य बिन्दुओं को लेकर बुलाई गई बैठक में शुरू होते ही उक्त बिन्दुओं पर बिना चर्चा के ही सदस्यों ने हंगामा खड़ा करते हुए एमडी के समक्ष 19 संविदाकर्मियों को बिना विज्ञप्ति व बोर्ड की स्वीकृति के प्लांट पर लगा एक माह का भुगतान करने तथा एमडी द्वारा मनमर्जी से 18 करोड़ के लिये लोन के हिसाब का संघ को जवाब नहीं देने तथा 50 दिनो से दुध का भुगतान नहीं करने जैसे मुद्दों पर एमडी पर मनमर्जी व तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया।

एमडी सुबेदीन खान द्वारा बार-बार आग्रह व समझाईश के बावजूद सदस्य बहिष्कार कर हंगामा करते रहे। एमडी ने बताया कि संविदाकर्मियों की भर्ती की शिकायत रजिस्ट्रार के यहां लम्बित चल रही है तथा प्लांट आज भी विभाग के पास हैण्डऑवर नहीं किया गया है। वर्तमान में डेयरी के पास तकरीबन 26 करोड रूपये का माल स्टॉक में है। 18 करोड का माल वर्किंग केपिटल के रूप में लिया गया है। ऐसे में सदस्यों के आरोप बेबुनियाद है। कई दिनों से मालपुरा प्लांट पर दुध की पैकिंग बंद होने से नागरिकों को दुध की किल्लत का सामना करना पड रहा है।



सरस डेयरी संघ एमडी पर सदस्यों ने गंभीर आरोप लगा बैठक का बहिष्कार किया।

## 36 स्थानों पर लगे शिविरों में योगासन किये

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपचंद खेरिया रहे तथा अध्यक्षता प्रधान बीपी सुमन ने की। ब्लॉक में 36 स्थान पर योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 4000 से अधिक लोगों ने पहुंच कर योगाभ्यास किया।

प्रातः 7 से 8 बजे तक लगे योग अभ्यास शिविर का शुभारंभ विधायक दीपचंद खेरिया प्रधान बीपी सुमन ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपचंद खेरिया ने इस मौके पर योग अभ्यास करने पहुंचे लोगों को कहा योग नियमित करें इससे मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहता हैं। गंज रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में लगे योग शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सिंघल भाजपा अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ पार्षद मनोज मित्तल आदर्श विद्या मंदिर समिति के संरक्षक हरमेश खुराना अध्यक्ष संतोष गोयल सहित अनेक शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कस्बे में स्थित रविन्द्र विद्या मन्दिर उ. मा. विद्यालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयेजन हुआ। इस मौके पर माध्यमिक परीक्षा 2023 में टॉपर रहे अभिप्राय शर्मा, रूपेश चौबे, खुशी तथा उ. मा. जीव विज्ञान में विजेन्द्र बुनकर, सिमरन खत्री, कृषि विज्ञान में कालाडेरा टॉपर मनिषा कुमावत, सोनू कुमावत, कला संकाय में देव कुमार अटल, वाणिज्य में कालाडेरा टॉपर रोहित कुमावत सहित अन्य उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का राजस्थानी पंरपरा के अनुसार साफा बंधवाकर माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस मौके पर शिक्षाविद सांवरमल शास्त्री, सत्यनारायण बालाणी, उपेन्द्र झालाणी, गोपाल शर्मा, हरिनारायण कुमावत, श्रीकृष्ण नामा, यासीन तेली, भागचन्द जैन, ओमप्रकाश टेलर, रामावतार सैन, कैलाश पारासर, हजारी सिंह, मूल सिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पंचायत भवन का उद्घाटन

**जमवारामगढ़, (निसं)।** ग्राम पंचायत जमवारामगढ़ के रेगर मोहल्ले में बुधवार को विधायक गोपाल मीणा ने नए आधुनिक पंचायत भवन व हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। सरपंच नीलम मीणा की अध्यक्षता में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। गोपाल मीणा ने पंचायत भवन के द्वार पर गणेश जी की स्थापना की। सरपंच नीलम मीणा ने कहा कि आधुनिक पंचायत भवन निर्माण होने से विकास को गति मिलेगी। उन्होंने विधायक गोपाल मीणा से छापर व मुख्य बाजार सडक निर्माण की मांग की। समारोह को पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा वर्मा, पार्षद राजेश अटल, कालू मीणा, शंकर छेपट मनोज जोशी लक्ष्मण सिंह राजावत इस्लामुद्दीन खान ने संबोधित किया। समारोह में पंचायत उपसरपंच राकेश वर्मावार्डपंच उर्मिला मिश्रा कान्ता पिंकीअर्चना विमला शोभा लक्ष्मी प्रभुदयाल योगेश महेश नादाका व राकेश तिवाड़ी, बादाम विनोद जाट नटाटा सरपंच राजेंद्र मीणा उपस्थित रहे।

### महापड़ाव को लेकर जनसंपर्क किया

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर-फुलेरा जिले की मांग को लेकर आगामी 25 तारीख को मोखमपुरा महापड़ाव शांतिपूर्ण आंदोलन को सफल बनाए जाने के लिए आंदोलनकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर अधिक से अधिक लोगों को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के लिए अपील की। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याधर चौधरी, समाजसेवी दीनदयाल कुमावत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मानाराम ठोलिया, एड.कानाराम कुमावत, एड. सुनील शर्मा, जांगिड़ समाज के पदाधिकारी नवल किशोर जांगिड़, कुलदीप परेवा, चंद्रप्रकाश व्यास, मुंशी बोदूराम कुमावत, पूर्व महासचिव महेश गौड़, जितेंद्र मिश्रा, एहसान खान शेख, रामसिंह बन्ना, कैलाश सिखवाल, आशीष साहू, बनवारीलाल सिंघानिया, बालकिशन सिंघानिया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राकेश वर्मा सहित अनेक लोगों की मौजूदगी रही।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना इलाके में युवती की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के फरार आरोपी को 7 दिन बाद श्रीमाधोपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है । थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी मध्यप्रदेश के भिंड जिले के बडपुरी प्रतापपुरा थाना अटेर निवासी आसिफ मंसूरी है जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। राठौड़ ने बताया कि 13 जून को पीड़िता ने अपने पिता के साथ श्रीमधोपुर पुलिस थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी की जब वह अपने मकान में सो रही थी आरोपी ने उसकी अशलील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी रींगस में किराए के मकान में रहता था जहां से घटना के बाद वह फरार हो गया था। जिसे श्रीमाधोपुर पुलिस ने टीम गठित कर भागने की फिराक में चल रहे आरोपी को भैरूजी स्टैंड रींगस से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था।

### लोगों ने योगाभ्यास किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में नवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन ब्लॉक स्तर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में बुधवार को किया गया जिसमें 151 लोगों ने विभिन्न योगासन व प्राणायाम किया। ब्लॉक योग नोडल अधिकारी कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि योग शिक्षकों ने विभिन्न योगासनों के माध्यम से स्वस्थ रहने के टिप्स बताए ।ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में पूरे ब्लाक श्रीमाधोपुर में 3519 लोगों ने योग किया। इस मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम रेगर ,अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे। इसी प्रकार महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें प्राणी शास्त्र विभाग, एनसीसी, एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में योगा के साथ रहो स्वस्थ रहो थीम पर योगा का आयोजन किया गया।

### महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत दहलोद में आयोजित स्थाई महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर का विधायक प्रशांत बैरवा एवं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने आकस्मिक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक प्रशांत बैरवा ने खाद्य सुरक्षा योजना को पुनः संचालित करवाने की मांग की एवं आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने एवं सडक निर्माण करवाने की मांग की। उपखण्ड अधिकारी रविकांतसिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचातय ललवाडी, सिरोही एवं हिगोनिया में स्थाई महंगाई राहत शिविर संचालित है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में कृषि उपज मंडी, चैनपुरा राजकीय विद्यालय एवं नगरपालिका कार्यालय में स्थाई शिविर संचालित है जिनमें कोई व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले सकते है।

### महिला थाने स्टाफ तैनात किया

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप कोटपूतली में खोले गये नवसृजित महिला थाने में स्टाफ सदस्यों की भी बुधवार को तैनाती कर दी गई। जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ. राजीव पचार ने नवसृजित महिला थाने की एसएचओ पद पर उप निरीक्षक सुनीता सैनी को लगाया है। इसके अलावा विभिन्न स्टॉफ सदस्यों की तैनाती भी नवसृजित महिला थाने में की गई है। इनमें एएसआई बहादुर मल, हैड कानि. बलवीर सिंह व रोहिताश, कानि. राजेश कुमार, रामसिंह व विकास कुमार एवं महिला कानि. के रूप में कृष्णा, सुमन व रीना को लगाया गया है।

### यज्ञ में ढाई लाख आहुतियां दी



**बहरोड़, (निसं)।** राजस्थान के अलवर जिले के हरसोरा बानसूर के डूंगरी वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित 11 कुंडीय महायज्ञ में तीसरे दिन ढाई लाख आहुतियों का लक्ष्य प्राप्त किया गया। वहीं महायज्ञ में श्री हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे गौ रक्षक बानसूर व भाजपा नेता जितेंद्र कुमार शर्मा सहित यजमानों को हवन कुंडों में यज्ञाहुति देते समय यज्ञ का महत्व बताया गया। गौ रक्षक व भाजपा के युवा नेता पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा ने बानसूर के हरसोरा क्षेत्र के नजदीकी गांवों के गणमान्य लोगों से मुलाकात की तथा डूंगरी वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित 11 कुंडीय महायज्ञ में आहुतियां दी।




**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in**

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: CALL: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTONATION:** TONK ROAD: CALL: 9057809150, 7734901000. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: TRS CHURU:** CALL: 9356501550. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

**Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer, and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (Petrol 1.0L- all variants except AGS). **Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. Creative visualization. *Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. Images used are for illustration purposes only. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. #As certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of CMVR 1989. ^1.0L VXI AGS Petrol Variants. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. The Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offer is valid till 30th June 2023.